CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

देहरादून, रविवार 13 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 340 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

पेज 2



केएल राहुल 100 रन पर आउट होने वाले 100वें टेस्ट बल्लेबाज

खेल टाइम्स



भारत छह लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान

पेज 11



सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

बॉलीवुड

# जस्टिस वर्मा का हटना लगभग तय

## लोकसभा में आएगा प्रस्ताव, सांसदों के कराए जा रहे साइन, 21 से होगा मानसून सत्र शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज जस्टिस यशवंत वर्मा को हटाने के लिए केंद्र सरकार ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए लोकसभा सांसदों के साइन जुटाए जा रहे हैं।

एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई सांसदों के दस्तखत लिए जा चुके हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि प्रस्ताव लोकसभा में लाया जा सकता है। लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए कम से कम 100 सांसदों के साइन जरूरी होते हैं। वहीं, राज्यसभा में यह संख्या 50 सांसदों की होती है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू पहले ही कह चुके हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने का प्रस्ताव 21 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र में लाया जाएगा। जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास के स्टोर रूम में 14 मार्च की रात आग लग गई थी। यहां से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जस्टिस वर्मा फिलहाल इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज हैं। दिल्ली हाईकोर्ट से उनका ट्रांसफर कर दिया गया था। हालांकि, उन्हें किसी भी तरह का न्यायिक कार्य सौंपने पर रोक है।



■ लोकसभा में महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए 100 सांसदों के साइन जरूरी

# वकील ईमानदारी व मानसिक स्वास्थ्य समावेशिता को बनाए रखें: सीजेआई

**हैदराबाद।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने कानूनी बिरादरी से ईमानदारी बनाए रखने, बुनियादी सिद्धांतों पर अडिग रहने और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का आग्रह किया है।

न्यायमूर्ति गवई ने शनिवार को यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 22वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने 1998 में स्थापना के बाद से नालसार की यात्रा की प्रशंसा करते हुए संस्थान को दक्षिण एशिया में विधिक विद्वत्ता का एक प्रकाश स्तंभ बताया। न्यायमूर्ति गवई ने कानूनी पेशे की चुनौतियों के बारे में कहा कि यह नेक और महत्वपूर्ण पेशा है, लेकिन कभी आसान नहीं होता। आप अक्सर खुद से सवाल करेंगे और दबावों का सामना करेंगे, लेकिन आपका विश्वास, दृढ़ता और दृढ़निश्चयी रवैया आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा। मानसिक स्वास्थ्य के अक्सर नज़रअंदाज़ किए जाने वाले मुद्दे पर उन्होंने इसे कानूनी दुनिया में बने रहने की एक ज़रूरी रणनीति बताया।



■ कहा: कानूनी पेशा चुनौती के साथ-साथ नेक व महत्वपूर्ण पेशा

## निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर जोर: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विनिर्माण क्षेत्र को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा है कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर भी जोर दे रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में 51 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद यह बात कही। इन युवाओं को सरकार के विभिन्न विभागों और संगठनों में नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री ने विनिर्माण क्षेत्र को देश की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है। मैन्युफेक्चरिंग में बहुत बड़ी संख्या में नई जॉब्स बन रही हैं। मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर को गति देने के लिए इस वर्ष के बजट में मिशन मैन्युफेक्चरिंग की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसे देखते हुए सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने पर अच्छा खासा जोर दे रही है।

## 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों का सामूहिक समर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन को किडनैप करने वाले नक्सली समेत 1.18 करोड़ रुपये के 23 नक्सलियों ने शनिवार को सुरक्षा बल के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला नक्सली भी शामिल हैं। इनमें से आठ नक्सली माओवादियों की सबसे खतरनाक पीएलजीए बटालियन नंबर-1 के सदस्य थे। नक्सली लोकेश उर्फ पोडियाम भीमा भी है, जिसने साल 2012 में सुकमा कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण कर लिया था। वहीं इनमें तीन दंपति भी हैं, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्य धारा में लौट आए हैं। ये सभी नक्सली अलग-अलग मुठभेड़ों में सैकड़ों जवानों की हत्या में शामिल थे।

## अरुणाचल में रेप के आरोपी की थाने के बाहर हत्या

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश की लोअर दिबांग घाटी में असम के युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पूरी घटना रोइंग कस्बे के पुलिस स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, युवक पर 20 से ज्यादा लड़कियों (नाबालिग शामिल) के रेप और यौन शोषण का आरोप था। कहा गया कि वो लड़कियों के हॉस्टल में जाकर पीड़ितों के साथ गलत करता था। मामले का खुलासा कुछ पीड़ित लड़कियों की पेट दर्द की शिकायत से हुआ। उन्होंने बताया कि आरोप हॉस्टल में आकर उनके साथ गलत काम करता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी को थाने लाया गया था। तभी सैकड़ों लोगों की भीड़ थाने ने घुस आई और युवक को खींचकर बाहर ले गई और मारपीट की। पुलिस ने बताया कि गंभीर हालत युवक को अस्पताल ले जाया गया था। डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक एक कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करता था।

# ड्रीमलाइनर हादसा: चंद सेकंड की बेबसी और कम ऊंचाई बनी 271 मौतों का कारण

## पायलटों ने इंजन चालू किया, मात्र 625 फीट की ऊंचाई की वजह से हुआ क्रैश: रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की अहमदाबाद विमान दुर्घटना की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि उड़ान संख्या 171 के लंदन

**खुलासा**

के लिए उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ऊंचाई खो रहे उस विमान के एक पायलट ने देखा कि कॉकपिट में लगे ईंधन वाले दोनों स्विच बंद है।

पायलटों ने स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय इतना कम था और विमान इतना नीचे गया था कि वह फिर ऊपर उठ नहीं पाया और नीचे एक छात्रावास से टकरा गया। दुर्घटना के एक माह बाद जारी एजेंसी भारतीय वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के अनुसार कॉकपिट संभाल रहे दोनों पायलटों में एक ने उन क्षणों में कहा था कि 'तुमने कट ऑफ क्यों किया', इस पर दूसरे का जवाब था- ' मैंने नहीं किया'! इस संवाद के बाद कुछ ही पल में -शेष पृष्ठ दो पर



### जांच में सहयोग जारी रहेगा: बोइंग

**नई दिल्ली।** अमेरिका की विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग ने शनिवार को कहा कि वह अहमदाबाद विमान दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए चल रही जांच में मदद कर रही है और यह सहयोग जारी रहेगा। विमान विनिर्माता ने एक बयान में कहा कि वैश्विक विमानन उद्योग के स्थापित नियमों के अंतर्गत उसने फिलहाल जांच का काम भारत के विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) पर छोड़ रखा है, जो इस समय मुख्य जांच एजेंसी है।

## आरोप: पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के एआई171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं।

एसोसिएशन ने कहा कि जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य-आधारित जांच पर जोर देते हैं। बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।

■ पायलट्स एसोसिएशन का दावा: रिपोर्ट लीक करने का लगाया आरोप

# कांवड़ मार्ग पर QR कोड दिखाने के फरमान को SC में चुनौती

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है। प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है, जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा कि जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।



## उप्र: चित्रकूट में बाढ़, सड़कों पर तीन से पांच फीट पानी

**नई दिल्ली।** उप्र के चित्रकूट में तेज बारिश जारी है। यहां मंदाकिनी नदी उफान पर है। तेज बारिश के कारण सड़कों पर 3 से 5 फीट तक पानी भर गया है।

ड्रोन फुटेज में शहर के मुख्य इलाकों में केवल पानी ही पानी नजर आ रहा है। यहां रामघाट पर बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। 30 फीट ऊंचा फुट ओवर ब्रिज डूब चुका है। घर, स्कूल, मंदिर, होटल, घाट, दुकानें, पुल सब पानी में डूबे हुए हैं। कानपुर में तेज बारिश से रेलवे ट्रैक धंस गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के पंडोह डैम के पास कैंची मोड़ पर लैंडस्लाइड हुआ। चंडीगढ़- मनाली नेशनल हाईवे दोनों ओर से बंद हो गया।

■ हिमाचल में लैंडस्लाइड, 250 सड़कें बंद

## राहुल की ब्रिटिश नागरिकता पर पुनर्विचार याचिका दाखिल

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में शुक्रवार को एक पुनर्विचार याचिका दाखिल की गई है। याची एस. विग्नेश शिशिर के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को उक्त पुनर्विचार याचिका दाखिल की है, जिसमें लंदन, वियतनाम और उज्बेकिस्तान के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य भी दाखिल किए हैं।

## दिल्ली में इमारत गिरी, दो लोगों की मौत, आठ घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वेलकम इलाके में एक इमारत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेलकम थाने की पुलिस को एक चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली। पुलिस के साथ दमकल कर्मी और अन्य एजेंसी के कर्मी मौके पर पहुंचे। घटना स्थल से आठ घायल लोगों को निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से सात लोगों को जेपीसी अस्पताल में जबकि एक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में मारे गए लोगों की पहचान मतलूब (50) और उसकी पत्नी राबिया (46) के रूप में हुई है।

■ मरने वाले दोनों पति-पत्नी


# इसरो के मानव अंतरिक्ष अभियान की तैयारी तेज

चेन्नई, वार्ता

**भारतीय अंतरिक्ष** अनुसंधान संगठन (इसरो) ने योग्यता परीक्षण कार्यक्रम के पूरा होने के साथ ही गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का विकास सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

एसएम आधारित मिशन निरस्तीकरण की उड़ान ऑफ- नॉमिनल मिशन प्रोफ़ाइल के लिए एसएमपीएस के एकीकृत प्रदर्शन को मान्य करने के लिए 350 सेकंड के लिए एसएमपीएस का पूर्ण अवधि का हॉट टेस्ट 11 जुलाई को किया गया। इसरो ने शनिवार को बताया कि हॉट टेस्ट के दौरान प्रणोदन प्रणाली का समग्र प्रदर्शन पूर्व-परीक्षण पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य था। गगनयान का सर्विस मॉड्यूल (एसएम) एक विनियमित द्वि-प्रणोदक आधारित प्रणोदन प्रणाली है, जो आरोहण चरण के दौरान कक्षा वृत्ताकारीकरण, ऑन-ऑर्बिट नियंत्रण, डी-बूस्ट पैंतरेबाज़ी और सर्विस मॉड्यूल आधारित निरस्तीकरण के लिए कक्षीय मॉड्यूल की आवश्यकताओं को पूरा करता है। द्रव अपोजी मोटर (एलएएम) इंजन कक्षा वृत्ताकारीकरण और डी-बूस्ट चरणों के दौरान मुख्य प्रणोदक बल प्रदान करते हैं, जबकि प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) थ्रस्टर्स सटीक रवैया नियंत्रण सुनिश्चित करते हैं। सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम के द्रव परिपथ का अनुकरण करते हुए एक सिस्टम प्रदर्शन मॉडल (एसडीएम) परीक्षण केंद्र तैयार किया गया, जिसमें प्रणोदक टैंक फीड सिस्टम, हीलियम दाब प्रणाली, उड़ान-योग्य थ्रस्टर्स और नियंत्रण घटक शामिल हैं।

■ गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबार्ट का परीक्षण सफल



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है।
इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं।
इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं।
यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घें-घें-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S.(U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S.(U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पुर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पुर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो. : 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी से मिले माझी ओड़िशा में विकास कार्यों पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर राज्य में विकास परियोजनाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुलाक.ात के बाद माझी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर विभिन्न विकास कार्यों और केन्द्र-राज्य समन्वय पर महत्वपूर्ण चर्चा की। माझी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आज मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ओडिशा के विकास के लिए उनकी प्रेरणा और अटूट सहयोग के लिए मैं आभारी हूं। इस अवसर पर ओडिशा के विभिन्न विकास कार्यों, भावी कार्य योजनाओं, केंद्र-राज्य समन्वय और राज्य के समग्र विकास को गति देने पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

### जम्मू-कश्मीर के विद्यालयों के समय में किया बदलाव

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने शनिवार को बेहतर मौसम व छात्रों तथा अभिभावकों से मिली प्रतिक्रियाओं का हवाला देते हुए सोमवार से स्कूलों के समय में बदलाव की घोषणा की। नई समय सारणी के अनुसार सभी जिलों में नगरपालिका सीमा में स्थित स्कूलों के लिए समय सुबह 7:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक से 12वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिए स्कूल का समय सुबह आठ बजे से अपराह्न 12 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रदेश की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने कहा कि हाल ही में हुई बारिश और राहत को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# भाजपा सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बिजली के निजीकरण पर उतारु भारतीय जनता पार्टी सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था को खराब कर रही है।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा की दिल्ली की सरकार हो या उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों सब कुछ बेचने पर उतारू है। भाजपा ने बिजली मंत्री इसीलिए बनाया है, जिससे विभाग अपने करीबियों को बेचना आसान हो जाय। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था सुधारने और उत्पादन बघने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली की खराब स्थिति का ठीकरा कर्मचारियों के सिरफोध कर निजीकरण करने की जमीन तैयार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है। वह समाजवादी सरकार में लगाए गए। पावर प्लांटों से मिल रही है। समा.जवादी सरकार में एटा, कानपुर देहात, ललितपुर, पनकी, समेत कई जिलों में पावर प्लांट लगाए लेकिन भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन और आगे बघने के लिए कोई काम नहीं किया। भाजपा सब कुछ निजीकरण कर नौकरी और आरक्षण खत्म करना चाहती है। यादव ने कहा कि भाजपा राज में जेनरेशन, ट्रांसमिशन या डिस्ट्रीब्यूशन किसी में कोई तरक्की नहीं हुई है। भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है।

# कांवड़ यात्रा के मद्देनजर उप्र के डीजीपी सख्त

## ढाबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हों: राजीव कृष्ण

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महा.निदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने कांवड़ यात्रा के मद्देनजर यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले ढाबा संचालकों से अपील की है कि वह खान पान में अशुद्धि अथवा मिलावट जैसा ऐसा कोई काम न करें, जिससे धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचती हो।

कृष्ण ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आगरा, बरेली, मेरठ, प्रयागराज जोन में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पवित्र श्रावण मास में कांवध यात्रियों के जल अर्पण की प्रक्रिया जारी है। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं। इस संबंध में सीमावर्ती दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक कर आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों के लिए ढाबों में शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसने की अपील की गई है और इसकी निगरानी के लिए फूड सेफ्टी की अधिकृत एजेंसी के अफसर तैनात किए हैं, जबकि पुलिस समन्वय और सहयोग के लिए तैनात है।

उन्होंने कहा कि खाने पीने की चीजों में किसी भी प्रकार की मिलावट की कोई जानकारी सम्बंधित अधिकारियों को दी जा सकती है। उन्होंने ढाबा संचालकों से अपील की कि घबा संचालक ऐसा कोई काम न करें, जिससे भावनाएं आहत हो। डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के लिए मेरठ जोन में ट्रैफिक स्कीम लागू है, वहीं विभिन्न घाटों पर पुलिस के गोताखोर लगाए गए हैं। कांवड़ यात्रा मार्ग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए की जा रही है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी प्रयोग किया जा रहा है। यात्रा मार्ग के हर एक किमी पर पुलिस के जवान पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

संवेदनशील इलाकों में चौकी बनाई गई। उन्होंने कहा कि हादसों से बचने के लिए डीजे की हाइट और साउंड के लिए नियम बनाए गए हैं, जिसका पालन करना होगा। अवैध धर्मांतरण को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि धर्मांतरण के इनपुट के आधार पे कार्रवाई हो रही है। जो भी लॉ एंड ऑर्डर के खिलाफ काम करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वैसे धर्मांतरण मामले में एटीएस जांच कर रही है।

## देश और समाज के खिलाफ अवैध धर्मांतरण गहरी साजिश

# अवैध धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: योगी

शाह टाइमस ब्यूरो



■ कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अवैध धर्मांतरण देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने सरकारी आवास पर श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350 वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा के दौरान योगी ने शनिवार को कहा कि कुछ ताकतें योजनाबद्ध तरीके से देश के स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रही हैं। यह समाज को तोड़ने और धार्मिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। ऐसी गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह देश और समाज के खिलाफ गहरी साजिश है। अनुसूचित जाति के लोगों को लालच और भय के जरिए धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो संविधान और सामाजिक समरसता के खिलाफ है। योगी आदित्यनाथ ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित श्री तेग बहादुर संदेश यात्रा का सरकारी आवास पर स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने संदेश यात्रा का फूल बरसाकर स्वागत किया। यहीं से संदेश यात्रा का शुभारंभ हुआ। संदेश यात्रा लखनऊ से चलकर कानपुर, इटावा, आगरा होकर दिल्ली के चांदनी चौक और शीशगंज गुरुद्वारा तक जाएगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि प्रदेश सरकार अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में बलरामपुर में एक बड़ी कार्रवाई की है, जिसमें अवैध धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए विदेशों से धन राशि प्राप्त करने वाले एक नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया। इस कार्रवाई में अवैध धर्मांतरण के लिए रेट तय करने के मामले को उजागर किया गया और अब तक 40 खातों में 100 करोड़ से अधिक का लेन-देन पाया गया है। यह आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा दोनों के लिए गंभीर खतरा है। योगी ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से दिल्ली तक एक संदेश यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा का उद्देश्य गुरु तेग बहादुर जी महाराज की शहादत को याद करना था, जिन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी जान दी थी। यात्रा दिल्ली के उस ऐतिहासिक गुरुद्वारे तक जाएगी, जहां गुरु तेग बहादुर जी ने अपना बलिदान दिया था।

### किसानों की समृद्धि के बिना खुशहाली असंभव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, जहां किसान की समृद्धि के बिना खुशहाली नहीं आ सकती। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'भारत में पशु नस्लों का विकास' कार्यशाला का शुभारंभ के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत में कृषि व पशुधन एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अन्नदाता किसान के घर में पशुधन होगा और पशुपालक भी खेतीबाड़ी से अवश्य जुड़ा होगा। इनके आपसी संबंध को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में किसानों की खुशहाली व समृद्धि के लिए बढ़ाए गए कदम अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय हैं। मोदी की प्रेरणा से यूपी में भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाए गए हैं। डबल इंजन सरकार की ऊर्जा का लाभ यूपी ने लिया है। यूपी दुग्ध उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। उन्होंने गोरखपुर के कृत्रिम गर्भाधान प्रशिक्षण संस्थान तथा पशुपालन अवसंरचना विकास निधि के तहत यूपी में तीन प्रोजेक्ट (अमेठी, बरेली व मथुरा) का बटन दबाकर उद्घाटन किया।

# निमिषा प्रिया मामले में हस्तक्षेप करें मोदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यमन में फांसी की सजा सुनाई गई केरल की नर्स निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया को यमन में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जानी है। वेणुगोपाल ने मोदी को शनिवार को लिखे पत्र में निमिषा प्रिया के मामले में तत्काल हस्तक्षेप करके उसे मौत की सजा से बचाने का अनुरोध किया है। वेणुगोपाल ने पत्र में लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ लेते हुए तत्काल हस्तक्षेप करें और यमन के अधिकारियों से संपर्क कर सभी संभव राजनयिक उपाय करवाएंतथा निमिषा की मौत की सज़ा रद्द कराएं। भारत सरकार की ओर से हालांकि निमिषा प्रिया को बचाने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन पीड़ित महदी परिवार धन लेकर निमिषा को माफ करने को तैयार नहीं है। गौरतलब है कि निमिषा प्रिया पर यमन में अपने क्लीनिक साझेदार एवं स्थानीय व्यापारी तलाल अब्दो महदी को नशीला इंजेक्शन देने का आरोप है। नशीला इंजेक्शन देने के बाद महदी की मौत हो गई थी।


## अर्थ व्यापार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83625.89 |
| निफ्टी | 25424.35 |
| सोना | रु. 96085 (प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)) |
| चांदी | रु. 107500 (प्रति किलो) |



# पर्यटन क्षेत्र का अर्थव्यवस्था में योगदान तीन से चार गुना तक संभव

लखनऊ, वार्ता



केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन क्षेत्र के विकास से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में बढ़ती दिलचस्पी के चलते उम्मीद जाई जा रही है कि आने वाले कुछ वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था में योगदान के मामले में विकसित देशों की बराबरी करेगा।

पर्यटन मंत्रालय के मुताबिक 2023 में 1.88 करोड़ विदेशी पर्यटक भारत आए। घरेलू स्तर पर 250 करोड़ पर्यटकों ने यात्रा की। कुंभ के दौरान जिस तरह से भीड़ उमड़ी है, उसे देखते हुए उत्तर भारत के सांस्कृतिक और धार्मिक शहरों में आने वाले समय में ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इसका सर्वाधिक लाभ भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण भोलेनाथ, बुद्ध और गुरु गोरक्षनाथ की धरती उत्तर प्रदेश को मिलेगा। यूं भी कुछ वर्षों से घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में लगातार पहले पायदान पर है। एसोसिएशन ऑफ इंडिया की (2024) रिपोर्ट के अनुसार देश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर अगले पांच से सात वर्षों में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कुल सृजित रोजगार का करीब 10 फीसद योगदान होगा। तब जीडीपी में हॉस्पिटैलिटी सेक्टर का योगदान बढ़कर करीब 8 फीसद हो जाएगा। पिछले दो वर्षों में इस सेक्टर में भर्तियों की संख्या में करीब ढाई गुना से अधिक वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में सर्वाधिक योगदान धार्मिक पर्यटन का होगा। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 60 फीसद से अधिक यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। वैश्विक धार्मिक पर्यटन का बाजार 2032 तक दो अरब डॉलर से अधिक का होगा। चूंकि भारत एक धार्मिक देश है और उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक धार्मिक स्थल हैं, लिहाजा धार्मिक पर्यटन का सबसे अधिक लाभ भारत को और भारत में उत्तर प्रदेश को होगा। उत्तर प्रदेश को यह लाभ मिलने भी लगा है। प्रयागराज महाकुंभ में देश-दुनिया के 66 करोड़ से अधिक लोग आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनने के पहले साल में औसतन 50 लाख लोग आते थे।

अब यह संख्या बढ़कर 6 करोड़ तक पहुंच गई है। इसी तरह जिस अयोध्या में 2016 में मात्र 2-83 लाख पर्यटक/श्रद्धालु आए थे वहां सितंबर 2024 तक 13-44 करोड़ पर्यटक/श्रद्धालु आ चुके थे। महाकुंभ के उलट प्रवाह के बाद तो कई रिकॉर्ड टूट गए। कमोबेश यही स्थिति मिर्जापुर स्थित मां विध्यवासिनी धाम, राम को प्रिय चित्रकूट, और राधा कृष्ण की लीला क्षेत्र मथुरा, वृंदावन, बरसाना, नंदग्राम, गोकुल और गोवर्धन की भी है।

घरेलू पर्यटकों की बढ़ती संख्या के कारण अगले सात साल में होटलों में 10 लाख रूम की जरूरत होगी। इससे 35 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है। इसमें 15-20 लाख नौकरियां छोटे शहरों में होगी, क्योंकि इन्हीं शहरों में फाइव स्टार होटल अपनी विस्तार की योजना बना रहे हैं। आईटीसी मौर्या नई दिल्ली में बैंक्वेट मैनेजर रहे भव्य मल्होत्रा के मुताबिक प्रति कमरा, तीन सर्विस प्रोवाइडर किसी अच्छे होटल के लिए आदर्श स्थिति होती है। इसमें फंट ऑफिस, हाउस कीपिग, फूड एंड बेव.रेज, लाउंड्री, फाइनेंस, एचआर, हॉर्टिकल्चर, सेल्स आदि विभाग होते हैं। अगर प्रॉपर्टी छोटी है तो कुछ विभाग न होने से सर्विस प्रोवाइडर्स की संख्या कुछ कम हो सकती है। पर, प्रति कमरा दो कर्मचारी तो होने ही चाहिए। इससे कम होने पर आप अपने ग्राहकों को संतोषजनक सेवा नहीं दे पाएंगे।

# दालों और तेलों में रहा गिरावट का रुख

नई दिल्ली, वार्ता

■ चावल में तेजी दिखी, गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दर्ज हुई, चना 44 रुपये टूटा

स्थानीय जिंस बाजार में साप्ताहिक कारोबार के अंतिम दिन दालों और तेलों में कुल मिला कर गिरावट का रुख देखा गया। मलेशिया में पाम ऑयल वायदा में पिछले कुछ दिनों की लगातार तेजी के बाद अब प्रतिरोध की रिपोर्ट आ रही रही हैं। जबकि अमेरिका में तेल सोया में शुक्रवार को तेजी बनी हुई थी।

बावजूद इसके शनिवार को स्थानीय खाद्य तेल बाजार में तेल मूंगफली , वनस्पति और सरसों तेल में तेज गिरावट दिखी। मूंगफली तेल में मांग के समर्थन के अभाव और अच्छे स्टॉक की स्थिति के बीच प्रति क्विंटल 238 रुपये तक की गिरावट दर्ज की गई, जबकि तेल सरसों 48 और वनस्पति 81 रुपये नीचे आ गया। तेल सोया, सूरजमुखी और पाम आयल में भी हल्की से औसत दर्जे की गिरावट रही। स्टॉक और मांग के अंतर के बीच चावल में तेजी दिखी। इसके विपरीत गेहूं में पांच रुपये क्विंटल तक की नरमी दिखी। आज दालों में भी उठाव कम होने से गिरावट का रुख देखा गया। दलहन बाजार में चना 44 रुपये टूट गया, जबकि तुअर दाल का भाव 69 रुपये तक गिर कर बोला गया। उड़द और मसूर दाल में क्रमश: 71 और 34 रुपये की गिरावट दर्ज की गई। दाल मूंग के भाव हल्की तीन रुपये की तेजी के साथ करीब करीब पिछले स्तर पर रहे। गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव में औसतन 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : दाल चना 7826-7782 , मसूर काली 8042 -8008, मूंग दाल 10147-110150, उड़द दाल 10546-10515, अरहर दाल 11060-10990 रुपये प्रति क्विटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2822 रुपये और चावल 3858 रुपये प्रति क्विंटल । चीनी-गुड़ : चीनी एस 4284-64 और गुड़ 4893 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16797-11 रुपये, मूंगफली तेल 17613-42 रुपये, सूरजमुखी तेल 15251-2 रुपये, सोया रिफाइंड 13703- 41 रुपये, पाम ऑयल 12195-42 रुपये और वनस्पति तेल 14434-41 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**अहमदाबाद विमान....**

सब कुछ समाप्त हो गया था। यहां 'कट ऑफ' से मतलब विमान के दोनों इंजनों को ईंधन की आपूर्ति करने वाली प्रणाली को चालू और बंद करने के लिए कॉकपिट में लगे दोनों स्विच बंद होने से था। पहले पायलट के प्रश्न के उत्तर में दूसरे का कहना था कि उसने स्विच बंद नहीं किए थे।

एएबीआई की अंतरिम रिपोर्ट के अनुसार पायलटों ने विमान को बचाने का बहादुरी से प्रयास किया। ईंधन कटौती के 10-14 सेकंड के भीतर, उन्होंने दोनों ईंधन स्विच को वापस 'रन' की स्थिति में किया। रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि विमान के दोनों इंजनों ने स्वचालित रूप से पुन: आरंभ करना शुरू कर दिया, इंजन 1 में सुधार के संकेत दिखाई दिए और इंजन 2 के फिर से प्रज्वलित होने की प्रकिया होने लगी थी, लेकिन अपर्याप्त समय और कम ऊंचाई के कारण विमान को टक्कर से नहीं बचाया जा सका। रिपोर्ट का कहना है कि जब विमान के इंजनों ने काम करना बंद किया था उस समय वह केवल 625 फुट ऊपर था और इंजन पुन: आरंभ करने की प्रक्रिया में 29 सेकंड से कहीं अधिक समय लगता था। आज के जेट इंजन उड़ान के दौरान पुन: चालू हो जाते हैं, लेकिन इसमें कई मिनट लग जाते हैं और इसके लिए विमान अधिक ऊंचाई पर होना चाहिए। अंतरिम जांच रिपोर्ट के अनुसार गत 12 जून को अहमदाबाद से उड़े बोइंग बी787-8 ड्रीमलाइनर विमान ने पूरी गति और शक्ति से हवाई पट्टी से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षण में ही विमान के दोनों इंजनों को तेल मिलना बंद हो गया था और तेल न मिलने से विमान तेजी से ऊंचाई खोने लगा और एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास भवन से जा टकराया। रिपोर्ट के अनुसार ईंधन प्रणाली के दोनों स्विच सेकंड भर के अंतर में बंद हुए थे। इस दुर्घटना में विमान के यात्री को छोड़ कर चालक दल सहित उसमें बैठे सभी व्यक्तियों और छात्रावास भवन के कुछ लोगों सहित 271 लोगों की मौत हो गई थी। इस रिपोर्ट के आने के तुरंत बाद अमे.रिका विमान विनिर्माता बोइंग ने एक बयान में कहा कि वह जांच में सहयोग जारी रखेगी। एएआईबी की 15 पृष्ठ की इस रिपोर्ट में उड़ान भरने के 90 सेकंड के समय के भयावह घटनाक्रम का विवरण प्रस्तुत है, जो उसके ब्लैक बॉक्स के रिकॉर्ड की जांच से सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक विमान के शुरू में ऊंचाई पकड़ने के बाद दोनों इंजन अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे विमान को इंजन से मिलने वाला प्रणोदक बल बहुत कम हो गया और विमान तेज़ी से नीचे आने लगा। ब्यूरो ने कहा है कि डाउनलोड किए गए उड़ान डेटा में लगभग 49 घंटे का उड़ान डेटा और छह उड़ानों की जानकारी शामिल थीं, जिनमें घटना वाली उड़ान भी शामिल थी। प्राप्त ऑडियो दो घंटे लंबा था और उसमें पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। विमान के एन्हांस्ड एयरबोर्न फ्लाइट रिकॉर्डर (ईएआरएफ) के डाटा के विश्लेषण से पता चला कि दोनों इंजनों के ईंधन कटऑफ में लगे स्विच विमान के उड़ने के कुछ ही क्षणों बाद, एक सेकंड के अंतराल पर, अनजाने में 'रन' (चालू) से कट-ऑफ (बंद मोड) पर चले गए थे। एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया, 'तुमने कटऑफ क्यों किया?' जिस पर जवाब था, 'मैंने नहीं किया।' 'पायलटों ने दोनों ईंधन-स्विच चालू कर दिए थे, लेकिन समय नहीं बचा था, विमान की ऊंचाई भी कम थी।' एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई171 (अहमदाबाद-लंदन) का संचालन प्रथम अधिकारी पीएफ (पायलट फ्लाइट) क्लाइव कुंदर और कॉकपिट से उड़ान का प्रबंधन पायलट मॉनिटरिंग (पीएम) कैप्टन सुमित सभरवाल कर रहे थे। उड़ान के दौरान वरिष्ठ कैप्टन उड़ान की निगरानी और प्रबंधन करता है। रिपोर्ट में ईंधन स्विच बंद होने से संबंधित कॉकपिट में हुई बातचीत का केवल संक्षिप्त विवरण दिया गया है। इसमें यह नहीं बताया गया है कि अमुक बात किसने की। एएआईबी के अनुसार एक पायलट को दूसरे से यह पूछते हुए सुना गया कि तुमने कटौती क्यों की। दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस विमान (वीटी-एएनबी) के रखरखाव का रिकॉर्ड साफ़-सुथरा था और 2023 से इसके ईंधन नियंत्रण स्विच में कोई खराबी दर्ज नहीं की गई थी। बाराबर इसके सभी आवश्यक निरीक्षण किए जा रहे थे, और विमान विविधिवत उड़ान योग्य प्रमाणित था। इस मामले में हालांकि एक विचारणीय प्रश्न उठ रहा है कि जब अमेरिकी संघीय उड्डयन एजेंसी ने 787 मॉडल सहित बोइंग विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच लॉकिंग तंत्र से जुड़ी संभावित समस्याओं के संबंध में विशेष उड़ान योग्यता सूचना बुलेटिन संख्या एनएच-18-33 वर्ष 2018 में जारी किया था, तो उसके संदर्भ में इस विमान को लेकर क्या सावधानी बरती गई। यह बुलेटिन उन रिपोर्टों के बाद जारी किया गया था जिनमें कहा गया था कि बोइंग 737 विमानों पर ईंधन नियंत्रण स्विच बिना लॉकिंग सुविधाओं के लगाए गए थे। वह बुलेटिन अनिवार्य निर्देश नहीं बल्कि केवल एक परामर्श था। एयरलाइन ने विमान के थ्रॉटल कंट्रोल मॉड्यूल को 2019 और 2023 में बदला था, लेकिन यह काम ईंधन स्विच समस्याओं से संबंधित नहीं थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि एयर इंडिया ने अमेरिकी उड्डयन एजेंसी के बुलेटिन को आधार बना कर काई निरीक्षण नहीं किया। एएआईबी प्राथमिक रिपोर्ट में इस बाद को विशेष रूप से लिखा कि यह रिपोर्ट प्रारंभिक है और इसमें परिवर्तन हो सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## सेपियंस के विद्यार्थियों ने किया तिरुपती मेडिकल फार्मा कम्पनी का शैक्षणिक भ्रमण

**विकासनगर( शाह टाइम्स )।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर तथा हरबर्टपुर के कक्षा 12वीं के जीव विज्ञान वर्ग के लगभग 50 छात्रों द्वारा पौंटा साहिब में स्थित 'तिरुपती मेडिकल फार्मा कम्पनी' का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण के दौरान मोहित सिंह (सीनियर मैनेजर एच आर डी), सचिन शर्मा (सीनियर मैनेजर ई एच एस), अरुण दत्त (सीनियर एक्सक्यूटिव एच आर डी), आश्वनी कुमार (डायरेक्टर मैनेजर टी आई सी), राहुल कश्यप (सीनियर मैनेजर प्रोडक्शन), सद्दाम हुसैन (सुपरवाइजर ) ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। यह शैक्षणिक यात्रा छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रही, जिससे उन्हें जीव विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर सेपियंस विद्यालय विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा तथा हरबर्टपुर प्रधानाचार्या रश्मि गोयल व शिक्षक सचिन पंवार, बीना डोगरा, रजनी कठैत आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय खेलों के बाद उत्तराखंड में खेलों की नई उड़ान

# लिगेसी प्लान पर तेजी से हो कार्रवाई: धामी

- मुख्य सचिव को निर्देश-खेल अधोसंरचना का हो स्थायी और सतत उपयोग, खिलाड़ियों को मिले निरंतर प्रशिक्षण और सुविधाएं



"उत्तराखंड को आज खेल भूमि के रूप में देखा जा रहा है, यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है। राष्ट्रीय खेलों की सफलता ने एक नई चेतना जागृत की है। सरकार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तन्मयता से जुटी हुई है। मैदानों से लेकर पहाड़ों तक हर जगह खेल प्रतिभाओं के लिए एक नया और उज्जवल भविष्य आकार ले रहा है... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब राज्य सरकार खेलों को लेकर नई दृष्टि और रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के खिलाड़ियों को निरंतर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय खेलों के दौरान निर्मित और उन्नत किए गए खेल ढांचे का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को मुख्य सचिव को शीघ्र कार्ययोजना तैयार करने और उस पर तेजी से अमल करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेल केवल एक आयोजन नहीं थे, बल्कि यह उत्तराखंड की खेल यात्रा में ऐतिहासिक मोड़ सिद्ध हुए हैं। पहली बार राज्य ने 100 से अधिक पदक जीतकर पदक तालि. का में सातवां स्थान प्राप्त किया और अपने प्रदर्शन से पूरे देश का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और खिलाड़ियों की मेहनत ने मिलकर यह असाधारण उपलब्धि संभव बनाई है।



### लिगेसी प्लान: खेल ढांचे का बेहतर और स्थायी उपयोग

राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए तैयार की गई अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं अब राज्य के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उपयोग होंगी। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज और हल्द्वानी के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया गया है। इसके साथ ही राज्य के आठ शहरों में 23 खेल अकादमियों की स्थापना की योजना भी लिगेसी प्लान का हिस्सा है।

### नई खेल नीति से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2021 में लागू नई खेल नीति के सकारात्मक परिणाम दिखने लगे हैं। इसमें खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार आकर्षक प्रोत्साहन राशि, सरकारी नौकरी, छात्रवृत्तियां और सम्मान देने का प्रावधान किया गया है। ओलंपिक स्तर के पदक विजेताओं को दो करोड़ रुपये तक की राशि देने की घोषणा से खिलाड़ियों में नया उत्साह आया है।

### खेल विवि का निर्माण - दूरदृष्टि से लिया गया फैसला

हल्द्वानी में बनने वाला खेल विश्वविद्यालय राज्य की खेल संस्कृति को संस्थागत रूप देगा। यह न केवल प्रशिक्षण और रिसर्च का केंद्र बनेगा, बल्कि कोचिंग, खेल विज्ञान, फिजियोथेरेपी, मैनेजमेंट आदि में भी युवाओं को अवसर प्रदान करेगा।

## कृषि मंत्री जोशी ने सेब की पेटियों की कमी का लिया संज्ञान

- अधिकारियों को तलब कर दिए सख्त निर्देश, कहा- किसानों की मांग को सर्वोपरि रखते हुए सेब की पेटियां उपलब्ध करायी जाए



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने सेब उत्पादक किसानों को समय पर यूनिवर्सल कार्टन (सेब की पेटियां) उपलब्ध न होने के मामले को गंभीरता से लिया है।

इस संबंध में कृषि मंत्री जोशी ने कृषि महानिदेशक रणवीर सिंह चौहान और बागवानी मिशन के निदेशक महेन्द्र पाल को तलब कर प्रकरण की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने अवगत कराया कि किसानों के करीब 04 लाख यूनिवर्सल कार्टन की मांग की गई थी, जिनमें से जनपद उत्तरकाशी के मोरी एवं आराकोट क्षेत्रों में पेटियां पहुंचा दी गई हैं, जबकि नौगांव सहित अन्य क्षेत्रों में भी अतिशीघ्र आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पंचायत चुनाव के चलते अधिकांश अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्यों में लगने के कारण इस प्रक्रिया में कुछ विलंब हुआ है।

उद्यान मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की मांग को सर्वोपरि रखते हुए सेब की पेटियां उपलब्ध करायी जाए और आपूर्ति में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों की आवश्यकता के अनुसार सभी जनपदों में जल्द से जल्द पेटियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## हाईकोर्ट के आदेश से प्रभावित उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित ना किए जाएं: कांग्रेस

- कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग से कर डाली बड़ी मांग

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग से कर डाली बड़ी मांग

प्रदेश उपाध्यक्ष धस्माना ने थमाया आयोग को उच्च न्यायालय के ११ जुलाई के आदेश के साथ मांग पत्र

आदेश से प्रभावित उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित ना किए जाएं सूर्यकांत धस्माना

देहरादून: प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग को से उत्तराखंड माननीय उच्च न्यायालय के ११ जुलाई के आदेश को नत्थी कर मांग पत्र भेज कर मांग कर डाली कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में ऐसे सभी प्रत्याशी जो इस आदेश से प्रभावित हो रहे हैं उनको चुनाव चिन्ह आवंटित ना किए जाएं क्योंकि वे चुनाव लड़ने की योग्यता नहीं रखते और अगर वो चुनाव जीत भी जाते हैं तो परिणाम की बाद उनका चुनाव शून्य घोषित हो जायेगा क्योंकि वे उत्तराखंड के पंचायती राज अधिनियम के विरुद्ध आयोग द्वारा उनको दी गई सुविधा जो असंवैधानिक व गैर कानूनी है के कारण चुनाव लड़ पा रहे हैं और ऐसे में चुनाव परिणाम उनके पक्ष में आजाने पर पराजित उम्मीदवार द्वारा इस बिंदु पर न्यायालय द्वारा उनका चुनाव रद्द हो जाएगा। श्री धस्माना ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की बड़ी गलती जो जानबूझ कर की गई के कारण राज्य निर्वाचन आयोग के आदेश के विरुद्ध जो स्टे हुआ है उससे पूरे राज्य के पंचायत चुनाव प्रभावित हुए हैं और बड़ी संख्या में ऐसे प्रत्याशी मैदान में हैं जिनके नाम दो दो या उससे भी अधिक स्थानों पर वोटर लिस्ट में हैं और वे चुनाव लड़ने के अयोग्य हैं किन्तु सत्ता धारी दल के दबाव में राज्य निर्वाचन आयोग ने गलत आदेश जारी किया जिसके कारण यह परिस्थितियां

## 10 करोड़ की ड्रग्स के साथ महिला गिरफ्तार

### नेपाल सीमा पर शारदा नहर के किनारे ड्रग्स का बड़ा खुलासा, मुंबई के नशा माफियाओं से जुड़े हैं तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखण्ड में ड्रग्स तस्करों के खिलाफ पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। चंपावत और पिथौरागढ़ पुलिस की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा के पास शारदा नहर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक महिला को 5 किलो 688 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 10 करोड़ 23 लाख 84 हजार रुपये आंकी जा रही है।

गिरफ्तार महिला की पहचान ईशा पत्नी राहुल कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि



यह ड्रग्स उसे उसके पति राहुल कुमार और उसके साथी कुनाल को. हली ने दी थी।

ये दोनों इस वक्त ठाणे (मुंबई) में दर्ज एक मामले में वांछित चल रहे हैं। महिला ने बताया कि वह ड्रग्स को शारदा नहर में फेंकने जा रही थी। पुलिस टीम जब शारदा नहर के पास चेकिंग कर रही थी, तभी उन्होंने एक महिला को संदिग्ध रूप से काले पिठ्ठू बैग के साथ भागते देखा। शक होने पर टीम ने उसे रोका और बैग की तलाशी ली।

तलाशी में भारी मात्रा में एमडीएमए ड्रग्स बरामद हुई। अब पुलिस राहुल कुमार और कुनाल कोहली की तलाश कर रही है। साथ ही इस ड्रग्स तस्करी के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और स्रोतों की भी गहराई से जांच की जा रही है।

### टीम में ये रहे शामिल

सीओ वंदना वर्मा, एसओजी प्रभारी लक्ष्मण सिंह जगवाण, पिथौरागढ़ एसओजी प्रभारी प्रकाश पांडे, बनबसा थानाध्यक्ष सुरेन्द्र कोरंगा, एएनटीएफ प्रभारी सोनू सिंह, हेड कांस्टेबल गणेश सिंह बिष्ट, संजय शर्मा, कांस्टेबल नासिर, उमेश राज, कुलदीप सिंह, मदन सिंह, जगदीश कन्याल, कमल और महिला कांस्टेबल राकेश्वरी राणा। नशे के खिलाफ यह मुहिम अब और तेज होगी, आने वाले समय में और बड़े खुलासे की उम्मीद की जा रही है।

### पुलिस टीम को नगद पुरस्कार का ऐलान

इस जबरदस्त कामयाबी पर कुमाऊं रेंज के आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कार्रवाई में शामिल टीम को 20,000 नगद इनाम देने की घोषणा की है।

## सरकारी सेवाओं में अब केवल मेरिट का वर्चस्व: सीएम

- आपदा से देवत्व की रक्षा तक, संस्कृति और सुरक्षा दोनों पर सरकार का फोकस: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में अब राजकीय सेवाओं में चयन केवल मेरिट, प्रतिभा और योग्यता के आधार पर होगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पूरी मेहनत और विश्वास के साथ परीक्षाओं की तैयारी करें, भविष्य उज्ज्वल है।

आईआरडीटी ऑडिटोरियम में भगवती सुरकंडा मां दिव्य जागर विमोचन कार्यक्रम में शामिल होकर सीएम ने कहा कि ऑपरेशन कालनेमि के तहत अब तक 60 से अधिक फर्जी साधु गिरफ्तार हो चुके हैं। सावन मास और चारधाम यात्रा के दौरान भी यह अभियान सख्ती से जारी रहेगा। सरकार देवभूमि की पवित्रता अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतिबद्ध है।





उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसे मामलों पर सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। कड़ा भू-कानून लागू कर अनावश्यक भूमि बैंक बनाने वालों पर रोक लगाई गई है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोकगायक पद्मश्री प्रीतम भरतवाण द्वारा निर्मित सुरकंडा मां जागर का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि जागर केवल गीत नहीं, बल्कि देवत्व को आमंत्रित करने वाली शक्ति है। यह परंपरा हमारी आध्यात्मिक पहचान है और इसे संरक्षित करना हम सबका दायित्व है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार संस्कृति और विकास दोनों पर समान रूप से काम कर रही है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पुनर्निर्माण, मानसखंड मंदिर सौंदर्यीकरण, गंगा और शारदा कॉरिडोर सहित कई सांस्कृतिक परियोजनाएं तेजी से चल रही हैं। सुरकंडा देवी मंदिर तक रोपवे की शुरुआत भी हमारी सरकार ने की है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, जागर गायक प्रीतम भरतवाण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गुजरात के राज्यपाल से मिले कैबिनेट मंत्री डॉ रावत

### उत्तराखंड में होने वाले सहकारिता मेलों के शुभारंभ का दिया आमंत्रण

- दोनों के मध्य प्राकृतिक खेती व सहकारिता के विषयों पर हुई चर्चा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**गांधीनगर/देहरादून।** सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान आज गांधीनगर स्थित राजभवन में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में उत्तराखंड में सहका. रिता एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं भावी योजनाओं पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत ने राज्यपाल को उत्तराखंड में आगामी माह सितम्बर से प्रारंभ हो रहे सहक. ारी मेलों के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया, जिसे राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सहर्ष स्वीकार किया और उन्होंने उत्तराखंड आने का वादा किया।

मुलाकात के दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गुजरात राज्य में प्राकृतिक खेती के अनुभव साझा करते हुए बताया कि राज्य के हर गांव में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे अनेक किसान प्रति एकड़ पाँच लाख रुपये तक की आय अर्जित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से भूमि, जल, वायु और मानव स्वास्थ्य की रक्षा होती है और यह किसानों को आत्मनिर्भर बनाती है।



राज्यपाल ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में लोग स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो चुके हैं, लेकिन प्राकृतिक खेती और जैविक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) में भेद को स्पष्ट करने की आवश्यकता है। जब तक किसानों को यह अंतर समझ में नहीं आता, तब तक वे प्राकृतिक खेती को पूरी तरह नहीं अपना पाएंगे।

राज्यपाल ने उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती की अपार संभावनाओं की ओर भी इशारा किया और कहा कि विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों में यह मॉडल बहुत कारगर हो सकता है। उन्होंने सहक. ारिता और प्राकृतिक खेती को जोड़कर अधिक से अधिक किसानों तक पहुँचने की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर डॉ. धन सिंह रावत ने राज्यपाल को उत्तराखंड में सहकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही वीर माधो सिंह भंडारी संयुक्त सहकारी खेती योजना की जानकारी दी, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आगामी सितम्बर माह से सहकारी मेलों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उत्तराखंड सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## चिफल्डी गदेरे पर ट्रॉली कार्य पूर्ण, ग्रामीणों को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थत्यूड़।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देशानुसार लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ ने जौनपुर ब्लॉक के चिफल्डी गदेरे पर ट्रॉली लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस ट्रॉली के लगने से चिफल्टी-तौलियाकाटल सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने इतने कम समय में कार्य पूरा करने पर लोक निर्माण विभाग और प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्य के तकनीकी नेतृत्वकर्ता लोक निर्माण विभाग थत्यूड़ के अधिशासी अभियंता सोनू त्यागी ने बताया चिफल्डी गदेरे पर ट्रॉली की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। स्थानीय लोगों की मांग को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। सीमित संसाधनों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद हमारी टीम ने यह कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया।

## अतिथि शिक्षकों को लेकर हरदा की चिंता गैर जरूरी: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने अतिथि शिक्षकों की चुनावी प्रक्रिया में सहभागिता को लेकर पूर्व सीएम हरीश रावत की चिंता को निरर्थक और गैर जरूरी बताते हुए कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया के क्रियान्वयन के लिए आयोग के पास किसी के सहयोग लेने का अधिकार है। चुनाव मे सहभागिता के बजाय कांग्रेस, प्रक्रिया को बाधित करने और नकारात्मकता परोस रही है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात. चीत करते हुए उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस अपने नकारात्मक रुख पर काम कर रही है। उनके नेता, हार के डर से शुरुआत से ही चुनाव में जाना नहीं चाहते थे, यही वजह थी कि सार्वजनिक विरोध से न्यायालय तक में सभी हथकंडे इन्होंने अपनाए। अब राज्य की जनता पंचायत की सरकार बनाने की लो. कतांत्रिक प्रक्रिया में उत्साह से शामिल हो रही है तो कांग्रेस मैदान में उतरने के बजाय, चुनाव बाधित करने और लोगों में भ्रम फैलाने की कोशिश में अभी भी जुटी है।

अतिथि शिक्षकों का चुनाव में भागीदारी एक संवैधानिक प्रक्रिया है जिसका सुचारू क्रियान्वयन के लिए प्रशासन किसी भी कर्मचारी या अन्य व्यक्तियों का सहयोग ले सकता है। अब पंचायत चुनाव प्रक्रिया में सामान्य से अधिक चुनाव कर्मचारियों की जरूरत महसूस होती है, लिहाजा अतिथि शिक्षकों का उपयोग करना पूरी तरह जायज है।

## हाल-ए-नैनीताल: बढ़ती भीड़ से जूझ रहा सिस्टम

### अब मसूरी की तर्ज पर रजिस्ट्रेशन सिस्टम करने की कावायद शुरू

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** इस शहर की वादियां जितनी खूबसूरत हैं, उतनी ही परेशानियां अब यहां आने लगे सैलानियों के साथ बढ़ती जा रही हैं। खासकर छुट्टियों और वीकेंड पर यहां इतनी भीड़ उमड़ती है कि शहर का पूरा सिस्टम चरमरा जाता है। ट्रैफिक जाम से लेकर पार्किंग की किल्लत तक, सबकुछ बेकाबू हो जाता है। अब हालात इतने बिगड़ने लगे हैं कि मसूरी में शुरू हुए टूरिस्ट रजिस्ट्रेशन सिस्टम की तर्ज पर नैनीताल में भी ऐसा ही सिस्टम लागू करने की कवायत शुरू हो रही है।

मसूरी के लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड ने एक ऑनलाइन पोर्टल तैयार किया है, जिसमें सैलानियों को ट्रैवल से पहले अपनी जानकारी देनी होती हैख्र जैसे नाम, मोबाइल नंबर, गाड़ी का डिटेल, ठहरने की जगह और कितने दिन रुकेंगे। इससे प्रशासन को यह पता चल जाता है कि किस दिन कितने टूरिस्ट आने वाले हैं, ताकि ट्रैफिक, पार्किंग और इमरजेंसी व्यवस्था पहले से तैयार रखी जा सके।

पर्यटन जानकार मानते हैं कि नैनीताल जैसे शहर के लिए यह सिस्टम अब जरूरी हो गया है. क्योंकि अचानक आने वाली भीड़ से न सिर्फ जाम लगता है, बल्कि पार्किंग की भारी दिक्कत होती है. ऐसे में रजिस्ट्रेशन से पहले से अंदाजा लग जाएगा कि कितने लोग आ रहे हैं और होटल, ट्रैफिक और लोकल मैनेजमेंट को संभालने का प्लान तैयार किया जा सकेगा।

### फिलहाल सर्वे जारी है



इस बीच नैनीताल की डीएम वंदना सिंह ने जानकारी दी कि सरकार अभी प्रदेश के तमाम टूरिस्ट प्लेस का सर्वे करा रही है. नैनीताल भी इस सर्वे में शामिल है. रिपोर्ट के आधार पर ही तय होगा कि यहां रजिस्ट्रेशन सिस्टम लागू होगा या नहीं।



### चुनौतियां भी कम नहीं

हालांकि इसे लागू करना भी आसान नहीं होगा। नैनीताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट कहते हैं कि नैनीताल एक जिला मुख्यालय है। यहां हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और कई सरकारी दफ्तर हैं। रोजाना बहुत से लोग यहां काम के सिलसिले में आते हैं, और ऐसे में रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता से उन्हें दिक्कतें हो सकती हैं।

### सुविधाएं बढ़ें, रोक नहीं

तल्लीताल व्यापार मंडल के सचिव अमनदीप सिंह का कहना है कि सरकार को रजिस्ट्रेशन से पहले टूरिस्ट सुविधाएं बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए, हालांकि वह ये भी मानते हैं कि इससे सरकार को यह जानने में आसानी होगी कि शहर कितना भार झेल सकता है और आगे की प्लानिंग में मदद मिलेगी।



# टीएचडीसी इंडिया ने मनाया 38 वां स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, टिहरी कॉम्प्लेक्स ने शनिवार को अपने 38वें स्थापना दिवस को उत्सवपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर बहुउद्देशीय भवन प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह का शुभारंभ टिहरी कॉम्प्लेक्स के कार्यकारी निदेशक एलपी जोशी ने किया। उन्होंने कंपनी के ध्वज का ध्वजारोहण किया और इसके बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के जवानों से गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।



स्थापना दिवस समारोह के दौरान कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई ने कॉर्पोरेट कार्यालय ऋषिकेश से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर टीएचडीसी के सभी यूनिटों के कर्मचारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी की उपलब्धियों में टिहरी और कोटेश्वर परियोजनाएं मील का पत्थर हैं, जो स्थानीय जनसमुदाय, जिला प्रशासन और कर्मचारियों के सहयोग से निर्धारित समय पर पूर्ण हुईं।

कार्यकारी निदेशक एलपी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि टीएचडीसी ने देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना (टीएचडीसी पीएसपी) की पहली और दूसरी इकाइयोंख्र प्रत्येक 250 मेगावाटख्रका वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया है, जिससे राजस्व अर्जन हो रहा है। शेष दो यूनिटों को भी शीघ्र ही चालू कर लिया जाएगा, जिसके बाद टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स का 2400 मेगावाट विद्युत उत्पादन लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह परियोजना भारत की जल विद्युत क्षमताओं को नई ऊंचाई पर ले जाने वाली एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि देश की ऊर्जा ग्रिड की स्थिरता और सुरक्षा की दिशा में भी एक सशक्त कदम है। किसी भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा विकसित की गई यह अब तक की सबसे बड़ी वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज सुविधा है।

**■ देश की पहली वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज परियोजना का संचालन शुरू, ऊर्जा क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि की ओर टीएचडीसी**

स्थापना दिवस के अवसर पर नरेन्द्र महिला विद्यालय की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें पारंपरिक लोकनृत्य, समूह गायन और सांस्कृतिक झलकियां शामिल रहीं। दूसरी ओर कोटेश्वर परियोजना पर भी स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां परियोजना प्रमुख एमके सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह में विजया जोशी, सीजीएम एआर गैरोला, विजय सहगल, डीपी पात्रो, डॉ. नमिता डिमरी, एके शाहू, मनोज ग्रोवर, विपिन सकलानी, डीसी भट्ट, संजय पंवार, बीडी सेमवाल, गौरव तोमर, डीसी शुक्ला, मोहन सिंह, मनबीर नेगी, दीपक उनियाल, पुरुषोत्तम रावत, सुरेश, रामपाल पडियार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चिन्यालीसौड़: तथ्य छुपाने पर प्रधान पद का नामांकन निरस्त करने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** प्रधान पद के लिए लोगों का मोह इस कदर लगा है कि दो से अधिक संतान होने पर भी तथ्य छुपा कर बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र में गलत तिथि दर्शा कर चुनावी हथकंडे अपनाने लगे हैं।

विकास खंड चिन्यालीसौड़ के ग्राम कवागड्डी पो० बगोड़ी का एक मामला प्रकाश में आया है। गांव की अंजू देवी ने शपथपत्र दाखिल कर राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड, जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी उत्तरकाशी, समेत रिटर्निंग अधिकारी त्रिस्तरीय पंचायती निर्वाचन चिन्यालीसौड़ को भेजे गये शिकायत पत्र में कहा गया कि ग्राम सभा कवागड्डी निवासी

श्रीमती मीना देवी धर्म पत्नी नन्द किशोर उन्होंने तथ्य छुपा कर प्रधान पद के लिए नामांकन किया है, नामांकन में इनके द्वारा चौथे बच्चे की जन्मतिथि गलत दर्शायी गयी है।

जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिन्यालीसौड़, एवं आशा कार्यकत्री कवागड्डी पोखरी गोरुण एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्राम सभा कवागड्डी पोखरी के पंजिकाओं जन्म तिथि अलग है। उन्होंने तत्काल उक्त पंजिकाओ को अपने कार्यालय में मंगाने की मांग उठाई है उन्होंने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो उक्त रिकॉर्ड को नष्ट किया जा सकता है या इसमें छेड़छाड़ की जा सकती है। उनका आरोप है कि श्रीमती मीना देवी ने तथ्यों को छुपाकर प्रधान पद के लिए नामांकन करवाया जोकि गलत है‍। उन्होंने इसकी जांच कर, उक्त नामांकन को निरस्त करने की मांग कि है। भेजे गये शिकायत पत्र में कहा गया कि श्रीमती मीना देवी धर्म पत्नी नन्द किशोर ने प्रधान पद के लिए नामांकन करवाया है, नामांकन में इनके द्वारा चौथे बच्चे की जन्मतिथि में छेड़छाड़ की गई है, इन्होंने अपने चौथे बच्चे की जन्मतिथि 05- जुलाई 2019 दिखाई है जोकि गलत है।जबकि स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ से जारी जन्म प्रमाणपत्र में 13 दिसम्बर 2019 है ।गौरतलब है कि उत्तराखंड उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम, 2016 के अनुसार,कट ऑफ डेट 25 जुलाई 2019 रखी गई है इस तिथि के बाद यदि किसी व्यक्ति के दो से अधिक जीवित संतान होगी तो वह दंपत्ति प्रधान चुनाव लड़ने के लिए आयोग्य होंगे ।

**क्या कहते हैं जिलाधिकारी/ निर्वाचन अधिकारी**

मामले की जांच की जायेगी यदि किसी प्रत्याशी द्वारा तथ्य छिपाये गये होंगे तो उन्हें उत्तराखण्ड पंचायती अधिनियम 2016 के तहत आरोग्य करार दिया जाएगा। प्रशांत आर्य जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी उत्तरकाशी।

# मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम को वन विभाग की पहल तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वर्षाकाल के दौरान बढ़ती मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग ने जनपद टिहरी के माणिकनाथ और कीर्तिनगर रेंज में विशेष सतर्कता अभियान शुरू किया है। इस क्रम में रेंजर एमएस रावत के नेतृत्व में वन कर्मियों ने संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल की और फ्लैग मार्च निकालकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

कार्यक्रम के दौरान वन विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों को वर्षाकाल में वन्यजीवों की बढ़ती आवाजाही, संभावित खतरे और उनसे निपटने की रणनीतियों के बारे में जानकारी दी। विशेष रूप से ग्रामीणों को बताया गया कि संकट की घड़ी में त्वरित रूप से क्या-क्या कदम उठाए जाने चाहिए। इसके साथ ही कैमरा ट्रैप, एनाईडर, फॉक्स लाइट जैसे उपकरणों के संच. ालन, रख-रखाव और उनके महत्व के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण भी दिया गया। बताया गया कि कैसे ये उपकरण वन्यजीवों की गतिविधियों पर निगरानी रखने में मददगार सिद्ध होते हैं और समय रहते किसी भी घटना को टाला जा सकता है।

फ्लैग मार्च के माध्यम से लाउड स्पीकरों के जरिये देवप्रयाग नगर और आसपास के गांवोंख्रमहड़, आमणी, बिड़ाकोट, हिण्डोलाखाल, गोसिल, नागचौण्ड, जामणीखाल, झल्ड, कन्याड़ी, पुजारगांव, अरोटा, त्यूणा, बगडवालधार, त्याड़गांव, हिंसरियाखाल, तल्याकोट, बरसोली, गौली, सिरोला, डडुआ, पाटाखाल, लक्ष्मोली आदि तक प्रचार-प्रसार किया गया।

# बारिश के बीच डीएम ने किया ओजारी व स्यानचट्टखी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी,** 12 जुलाई : जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बीते पखवाड़े यमुनोत्री क्षेत्र के

सिलाई बैंड आदि स्थानों पर अतिवृष्टि से बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न आपदा की स्थिति से क्षति के बाद चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य शनिवार को झमाझम बारिश के बीच यमुनोत्री मार्ग पर सिलाई बैंड के समीप स्याना चट्टी के आसपास के क्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण किया।

दौरान जिलाधिकारी ने ओजरी में बनाए गये बेली ब्रिज का निरीक्षण किया और पुल के निर्माण कार्य की गुणवत्ता , वहन क्षमता, फाउंडेशन की मजबूती और पुल को जोड़ने वाले एप्रोच रोड का बारीकी से परखा ।



उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जानी चाहिए तथा इसकी नियमित रूप से जांच किए जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह बेली ब्रिज क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, यह ओजरी और आस-पास के गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ता है, जिससे स्थानीय निवासियों और पर्यटकों दोनों को आवागमन में सुविधा होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल को जल्द से जल्द जनता के लिए खोल दिया जाए ताकि क्षेत्र में सामान्य जनजीवन सुचारु रूप से चल सके।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने स्यानाचट्टी और सिलाई बैंड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा कई गांवों के आवागम के लिए महत्वपूर्ण सियानचट्टी में कुपड़ा ब्रिज के निर्माण किए जाने के भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता मनोज रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड पुरोला पीएल बागड़ी,अधिशासी अभियंता पीएमजीएसवाई योगेंद्र कुमार, तहस. ीलदार रेनू सैनी, डीडीएमओ शार्दूल गुसाई सहित विभिन्न अन्य संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे, जिनसे जिलाधिकारी ने उक्त निर्माण संबंधित जानकारी ली।

## एक नजर .......

### कोटद्वार निवासी कमल सिंह रावत बने टीम इंडिया के कोच

**कोटद्वार ।** भारतीय स्पेशल ओलपिंक फुटबाल टीम वर्तमान में स्वीडन में चल रही गोथिया कप फुटबाल टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रही है। टीम का कोच कोटद्वार निवासी कमल सिंह रावत को बनाया गया है, जो क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। शनिवार को यह जानकारी देते हुए अंतरराष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत ने बताया कि कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के न्यू प्रताप नगर कालोनी निवासी कमल सिंह ने अपनी प्राथमिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर से ग्रहण की। इस दौरान ही उन्होंने कोटद्वार में ही फुटबाल की बारीकियों को सीखना आरंभ कर दिया था। तत्पश्चात हल्द्वानी स्पोर्ट्स हास्टल में उन्होंने कोच अख्तर अली के मार्गदर्शन में अपने खेल को और निखारा। बताया कि उन्होंने संतोष ट्राफी सहित अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। उनकी खेल प्रतिभा को देखते हुए उन्हें ओलपि. ंक फुटबाल संघ की ओर से टीम का कोच नियुक्त किया गया। अब उनके मार्ग दर्शन में भारतीय स्पेशल ओलंपिक फुटबाल टीम स्वीडन में 19 जुलाई तक चलने वाली गोथिया कप फुटबाल टीम में प्रतिभाग कर रही है और उन्हें आशा है कि टीम उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेगी और देश का नाम रोशन करेगी।

### एवरेस्ट फतह करने वाले वीर सैनिकों को किया गया सम्मानित

**कोटद्वार ।** बलूनी पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में गढ़वाल राइफल रेजिमेंट के एवरेस्ट फतह करने वाले वीर सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं से एवरेस्ट फतह करने वाले वीर सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सेनि. कर्नल चंद्रपाल सिंह पटवाल, कौड़िया कैंप इंचार्ज सूबेदार मेजर शैलेंद्र मोहन बिष्ट एवं विशिष्ट अतिथि जयवीर सिंह रावत सहित बलूनी ग्रुप आफ एजुकेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात एवरेस्ट विजेताओं द्वारा एवरेस्ट फतह के दौरान उनके समक्ष आई चुनौतियों एवं चोटी फतह करने के अनुभव को छात्रों के साथ साझा किया गया। ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर विपिन बलूनी ने कहा कि यदि आपके अंदर कुछ करने का जज्बा है तो उसे बनाए रखें। आपको अवश्य मौका मिलेगा। इसके बाद एवरेस्ट फतह करने वाले रेजीमेंट के नायब सूबेदार सुनील सिंह, हवलदार रघुवीर सिंह और लांस नायक धर्मवीर सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बलूनी क्लास निदेशिका अभिलाषा भारद्वाज और स्पोर्टस निदेशक अरुण नेगी सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### रुद्रप्रयाग में नही थम रहा बंदरों का आंतक

**रुद्रप्रयाग।** नगर क्षेत्र में बंदरों को आंतक बना हुआ है। आये दिन बंदरों द्वारा आम जनमानस पर हमले की खबर सामने आ रही है। बंदरों के बढते आंतक से स्थानीय लोगो में वन विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश बना हुआ है। बंदरों के आंतक से निजात दिलाने को लेकर वार्ड नम्बर 5 के सभासद नमन शर्मा ने वन विभाग को ज्ञापन देकर आंतकित बंदरो को पकडने की मांग की।

सभासद नमन शर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्रान्तर्गत आये दिन बन्दरों का आतंक बढता जा रहा है। बन्दरों द्वारा आम जन मानस / स्कूली बच्चों से सामान झपटने, काटने तथा बिजली के पोलों को हिलाकर तारे तोड़े जाने की घटनाएं बढती जा रही है, विगत दिनों वार्ड नम्बर 5 में इंटर कालेज जाने वाले मार्ग पर बन्दरों ने एक बुजुर्ग महिला पर हमला कर घायल किया। उन्होने बताया कि घटना के बाद स्थानीय लोगो में दहशत का माहौल बना हुआ। उन्होने वन विभाग से आतंकित बन्दरों को पकड़ कर उचित स्थान पर रखवाने की मांग की, जिससे नगर क्षेत्र की जनता को आतंकित बन्दरों से निजात मिल सके।

### बदरीनाथ में नगर पंचायत ने गौ संरक्षण की मुहिम की शुरू

**गोपेश्वर।**बदरीनाथ धाम में बड़ी संख्या में सड़कों पर छोड़े गए गौवंश यातायात व्यवस्था के लिए बड़ी परेशानी बन रहे थे। जिसे देखते हुए नगर पंचायत बदरीनाथ ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से प्राप्त आय से मवेशी पकड़ने वाला वाहन क्रय किया है। जिससे अब सुगमता से बीमार मवेशियों और गौवंश को चिकित्सालय ले जाने के साथ अन्य सड़क पर घूम रहे गौ वंश को गौ सदन तक ले जाया जा सकेगा। नगर पंचायत बदरीनाथ के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित ने बताया कि धाम में बड़ी संख्या में गौवंश को आवारा छोड़ा जा रहा है। जिससे बद्रीनाथ धाम यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाने में दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा है। ऐसे में पंचायत की ओर से यह व्यवस्था बनाई है। बताया कि जहां वाहन की मदद से आवारा गौवंश को गौ सदन भेजा जाएगा। वहीं मवेशियों के बीमार होने पर चिकित्सालय पहुंचाया जाएगा। कहा कि स्थानीय लोगों के गौवंश होने की स्थिति में पशु संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# नगर क्षेत्र में चलाया गया वृहद सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रय** नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत के नेतृत्व में "सफाई अपनाओं बीमारी भागाओ" अभियान के तहत नगर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव किया गया। इस दौरान आम जनमानस को सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष संतोष रावत के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों के अलावा सभासदों ने नगर क्षेत्र के पैदल मार्गों पर सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव किया। इस दौरान एकत्रित कूडे को उचित निस्तारण के लिये भेजा गया। पालि. काध्यक्ष संतोष रावत ने बताया कि गंदगी से अनेको प्रकार की बीमारी फैलती है इसलिए साफ-सफाई अति आवश्यक है। उन्होने नगर क्षेत्र की जनता को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने व कूडेदान का प्रयोग करने की अपील की।

# बाल संस्कृत शिक्षा को नया आधार देगा गुरुकुल

**नई टिहरी।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में बाल संस्कृत शिक्षा को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। आगामी 13 जुलाई को परिसर में 'सर्वज्ञ बालगुरुकुल' का विधिवत उद्घाटन कर्नाटक स्थित पलिमरु उडुपि मठ के मठाधीश अनंत विद्याधीश तीर्थ महास्वामी द्वारा किया जाएगा।परिसर निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुकुल की शुरुआत में फिलहाल कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश दिया जा रहा है। समय के साथ छात्र इन कक्षाओं से आगे की पढ़ाई में स्वाभाविक रूप से प्रोन्नत होते जाएंगे।

# करन माहरा के जन्म दिन पर कांग्रेसियों ने बांटे फल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा के जन्मदिन के अवसर पर आज जिला कांग्रेस कमेटी उत्तरकाशी ने अस्पताल में मरीजों को फल एवं जूस वितरण का आयोजन किया।

शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष राणा एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा के जन्मदिन के अवसर पर जिला अस्पताल उत्तरकाशी में मरीजों को फल एवं जूस वितरण कर उनका कुशल क्षेम जाना ।



इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं, आम जनता ने उमड़ कर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मरीजों को सामा. जिक सरोकार का परिचय दिया। जिस से समाज में एक सकारात्मक संदेश जाए कि इस पहल से जरूरतमंद मरीजों को मदद मिले। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने माहरा को जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही उनके तीन वर्ष के कार्यकाल को भी सराहा गया। इस अवसर पर मनीष राणा, दीपक रावत राखी राणा मधु देवी मनोज संदीप रवि आदि मौजूद रहे।

# नशामुक्ति को लेकर टिहरी प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जनपद को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रशासन की सक्रियता और कड़े कदम लगातार जारी हैं। शुक्रवार को जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में देर शाम एनडीपीएस एक्ट के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में नशे के खिलाफ चल रहे अभियानों की समीक्षा करना और उन्हें और प्रभावी बनाना रहा।



एडीएम ए.के. सिंह ने संबंधित विभागों से जानकारी लेते हुए स्पष्ट किया कि अफीम, पोस्त और खसखस जैसी नशीली खेती को हर हाल में रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध युवाओं को केंद्र में रखकर जागरूकता अभियान चलाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जिला मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की बैठक शीघ्र आयोजित करने, नशामुक्ति केंद्र के लिए चिन्हित स्थल का भौतिक निरीक्षण कराने, मानस नारकोटिक्स हेल्पलाइन 1933 का प्रचार-प्रसार करने और अवैध मादक पदार्थों पर संयुक्त छापेमारी कर कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए।पुलिस विभाग की ओर से संगीता शर्मा ने जानकारी दी कि नशामुक्ति पखवाड़ा अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों में कुल 36 जनजागरूकता कार्यक्रम, 27 गोष्ठियां, 305 पोस्टर व पंपलेट, 42 फ्लैक्स/बोर्ड/होर्डिंग, एक-एक रैली, मैराथन, नुक्कड़ नाटक, कैंप और शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसके अलावा, जुलाई माह में चंबा, नरेंद्रनगर और मुनिकीरेती थानों की एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा की गई कार्रवाई में 703 ग्राम चरस और 21.50 ग्राम स्मैक बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, जून में शिक्षण संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत 126 चालान कर ₹12,700 का शमन शुल्क वसूला गया।

वन विभाग की एसडीओ रश्मि ध्यानी ने बताया कि वन क्षेत्र में अभी तक मादक पदार्थों की कोई अवैध खेती सामने नहीं आई है। सीएमओ कार्यालय की मनोवैज्ञानिक डॉ. रीना सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू सेवन करने वालों की नियमित काउंसलिंग की जा रही है और व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी ने बताया कि नशामुक्ति पखवाड़ा के दौरान मैराथन दौड़, बैडमिंटन प्रतियोगिता, योगा, वृक्षारोपण और शपथ कार्यक्रम जैसे आयोजन किए गए।रॉड्स संस्था के जे.पी. बडोनी ने जानकारी दी कि अब तक 250 से अधिक नशामुक्त विवाह आयोजित हो चुके हैं, जिनके आयोजकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, युवाओं से नशामुक्ति संकल्प पत्र भी भरवाए जा रहे हैं।बैठक में एसडीएम संदीप कुमार, क्षय रोग अधिकारी जे.एस. भंडारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भौतिक व वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान तय किया गया कि जनपद को नशे से पूरी तरह मुक्त बनाने के लिए बहुस्तरीय रणनीति पर कार्य करते हुए भविष्य में और कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 3125 उम्मीदवारों की मैदान में एंट्री

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के तहत जनपद टिहरी गढ़वाल में नामांकन, जांच और नाम वापसी की सभी प्रक्रियाएं पूर्ण हो चुकी हैं। अब जनपद की कुल 1,117 पंचायत सीटों पर 3,125 प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह गए हैं, जो विभिन्न पदों के लिए अपने भाग्य की आजमाइश करेंगे।जिला निर्वाचन नियंत्रण कक्ष से प्राप्त अंतिम आंकड़ों के अनुसार सदस्य ग्राम पंचायत की 55 सीटों के लिए 122 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। वहीं, ग्राम प्रधान पद पर सर्वाधिक उम्मीदवार सामने आए हैं। जिले भर की 700 ग्राम पंचायतों के प्रधान पद के लिए कुल 1,844 प्रत्याशी शेष बचे हैं, जो इस बार पंचायत चुनाव को बेहद रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक बना रहे हैं।

# चुनाव में 603 प्रत्याशियों ने वापस लिए नामांकन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जनपद टिहरी में नाम निर्देशन पत्र वापसी की प्रक्रिया 10 एवं 11 जुलाई को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न पदों के लिए कुल 603 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र वापस लिए। यह जानकारी जिला निर्वाचन नियंत्रण कक्ष से प्राप्त हुई।

वापसी किए गए कुल नामांकन पत्रों में सबसे अधिक प्रधान ग्राम पंचायत पद के लिए थे, जिनकी संख्या 359 रही। इसके अलावा सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिए 177, सदस्य ग्राम पंचायत के लिए 38 और सदस्य जिला पंचायत के लिए 29 नामांकन पत्र वापस लिए गए।

सदस्य ग्राम पंचायत पद के तहत भिलंगना में 3, चम्बा में 10, जाखणीधार में 2, जौनपुर में 7, कीर्तिनगर में 3, नरेन्द्रनगर में 2, प्रता. पनगर में 8 और थौलधार में 3 प्रत्याशियों ने अपने नाम वापस लिए।

प्रधान ग्राम पंचायत पद के अंतर्गत भिलंगना विकास खंड से 42, चम्बा से 36, देवप्रयाग से 16, जाखणीधार से 35, जौनपुर से 80, कीर्तिनगर से 28, नरेन्द्रनगर से 30, प्रतापनगर से 53 और थौलधार से 39 नामांकन पत्रों की वापसी हुई।

सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिए भिलंगना में 20, चम्बा में 16, देवप्रयाग में 9, जाखणीधार में 20, जौनपुर में 26, कीर्तिनगर में 15, नरेन्द्रनगर में 15, प्रतापनगर में 29 और थौलधार में 27 नामांकन पत्र वापस लिए गए।

सदस्य जिला पंचायत पद की बात करें तो भिलंगना से 6, चम्बा, देवप्रयाग और जाखणीधार से 2-2, जौनपुर से 4, नरेन्द्रनगर से 1, प्रताप. नगर से 7 और थौलधार से 5 अभ्यर्थियों ने नामांकन वापस लिया।

इस तरह नाम निर्देशन पत्र वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही अब निर्वाचन प्रक्रिया का अगला चरण प्रचार अभियान और मतदान की तैयारियों की ओर अग्रसर हो गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा तय की गई आगामी तिथियों के अनुसार अब उम्मीदवारों को अपने चुनाव प्रचार के लिए सीमित समय ही शेष रह गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु लगातार कार्य कर रहा है।

# हरेला पर्व पर टिहरी में लगेगा हरियाली का महाकुंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** आगामी 16 जुलाई से 14 अगस्त तक जनपद टिहरी में हरेला पर्व जनसहभागिता के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक भव्य पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष हरेला पर्व को श्हरेला का त्योहार मनाओ, धरती माँ का ऋण चुकाओ, एक पेड़ माँ के नामश थीम पर मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 16 जुलाई को ही जनपद भर में 50 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इसके लिए पांच प्रमुख टूरिस्ट प्लेस चिन्हित करने के भी निर्देश दिए गए हैं ताकि पर्यावरण के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके।



जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे समय रहते गड्ढे तैयार कराएं, पौधों की रोपाई सुनियोजित ढंग से करें और रोपे गए पौधों की निगरानी एवं सुरक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि पौधारोपण कार्यक्रम की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी जियो-टैगिंग के साथ की जाए, जिससे डिजिटल माध्यम से डाटा संग्रहण संभव हो सके।

पौधारोपण की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों और संस्थाओं को सौंपी गई है।

प्रत्येक नगर निकाय को 1-1 हजार पौधे, उद्यान विभाग को 15 हजार, लघु सिंचाई विभाग को 500, लोक निर्माण विभाग को 2 हजार, वन विभाग और पीएमजीएसवाई को 5-5 हजार, प्रत्येक मतदेय स्थल और तहसीलों में 10-10, प्रत्येक ब्लॉक में 10-10 हजार, पर्यटन विभाग को 200, कृषि विभाग को 1 हजार और जिला पंचायत को 5 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर एसोसिएशन, व्यापार मंडल, टीएचडीसी और मंदिर समितियों को भी पौधारोपण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समन्वय स्थापित करने को कहा गया है, ताकि यह अभियान केवल सरकारी प्रयास तक सीमित न रहकर एक जनांदोलन का रूप ले सके।

बैठक में टिहरी वन प्रभाग के डीएफओ पुनीत तोमर, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी ए.के. सिंह, पीडी डीआरडीए पी.एस. चौहान, डीडीओ मो. असलम, डीपीआरओ एम.एम. खान, ईई लघु सिंचाई बृजेश गुप्ता, ईई पीएमजीएसवाई जी.आर. नौटियाल, ईई लोक निर्माण विभाग योगेश कुमार, ईई सिंचाई अनूप ड्यूंडी, एडीईओ निर्वाचन विजय तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# डोईवाला: मृत बालिका केस की होगी पारदर्शिता से जांच : डॉ. गीता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना के नेतृत्व में उनकी टीम सचिव डा. एसके बरनवाल, अनु सचिव डा. एसके सिंह, एवं बाल मनोवैज्ञानिक डा. निशात इकबाल ने देहरादून जनपद के डोईवाला स्थित केशवपुरी बस्ती, मजनूवली गली जाकर स्क्रीनिंग प्लांट में मृत मिली नाबालिग बालिका के मामले का स्वत संज्ञान लेते हुए स्थल निरुक्षण किया गया। इस घटना के कारण इलाके के लोगों में शोक और आक्रोश महसूस किया गया।

इस सम्बन्ध में आयोग की अध्यक्ष डॉ. खन्ना ने पीड़ित परिजनों से संवे. दना व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि इस मामले में पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने जिला प्रशासन एवं पुलिस से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पीड़ित परिवार को हरसंभव समुचित विधिक सहायता सरकार की और से प्रदान की जाए।



**केशवपुरी बस्ती डोईवाला पहुंचकर स्क्रीनिंग प्लांट में मृत मिली बालिका के परिजनों से की बाल आयोग अध्यक्ष ने मुलाकात, पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी हर संभव विधिक सहायता**

परिवार से बातचीत के दौरान आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने पुलिस अधिकारियों से विशेष रूप से यह प्रश्न किया कि देहरादून में अन्य क्षेत्रों से काम के लिए आने वाले बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किस प्रकार से किया जा रहा है। यह चिंता प्रकट की गई कि पड़ोसी जिलों से आने वाले कई व्यक्तियों की गतिविधियाँ संदिग्ध पाई जा रही हैं, जो राज्य में अवैध एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाते हैं।

आयोग ने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया कि बाहरी राज्यों से आकर कार्यरत प्रत्येक श्रमिक का सघन सत्यापन एवं रिकॉर्ड मेन्टेन किया जाए तथा जिस जगह से वह आ रहे हैं वहां से भी उनके अपने क्षेत्र को छोड़ने का कारण जाना जाए ताकि राज्य की सामाजिक और सांस्कृतिक शांति को कोई आघात न पहुंचे एवं पुनरावृति को रोका जा सके। साथ ही बाल आयोग अध्यक्ष ने वहां मोजूद सभी लोगों को किसी भी मुश्किल या परेशानी में सरकार के संचालित हेल्पलाइन नंबर 100, 112, 1098 पर कॉल कर सहायता प्राप्त करने की सलाह दी गई।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान आयोग की टीम को एक अत्यंत कुपोषित बालिका दिखी, जो संभवतः क्वाशिओरकर जैसी गंभीर पोषण समस्या से पीड़ित थी। इस पर बाल आयोग अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि वे इस बस्ती सहित आसपास के क्षेत्र के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाएं और जिन बच्चों को आवश्यकता हो, उन्हें पोषण आधारित सरकारी योजनाओं, प्रोग्राम व अन्य सभी से जोड़कर प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम सप्लीमेंटेशन दिया जाए। इससे संबंधित आंगनवाड़ी को भी निर्देशित किया गया।

# दोहरी मतदाता पंजीयन पर कांग्रेस के बयान दुर्भावनापूर्ण: खजान दास

**भाजपा पर कांग्रेस के आरोपों को दुर्भावना से प्रेरित बताया**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं राजपुर विधायक खजान दास ने दो. हरी मतदाता पंजीयन को लेकर भाजपा पर कांग्रेस के आरोपों को दुर्भावना से प्रेरित बताया और कहा कि चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे निर्वाचन आयोग पहले भी निष्पक्ष चुनाव की बाध्यता जता चुका है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देश का सम्मान करना सबके लिए बाध्यकारी है और करना भी चाहिए, लेकिन कांग्रेस की मंशा मे खोट है। कांग्रेस इस मामले पर जनता के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। खजान दास ने कहा कि कांग्रेस की अति उत्साही बयानबाजी बखूबी हार की आशंका से ग्रसित है। उन्होंने हाईकोर्ट में प्रत्याशियों के नाम दो जगह मतदाता सूची में शामिल होने को पूरी तरह संवैधानिक मसला बताया। कहा, न्यायालय द्वारा इस पूरे प्रकरण में जो भी जानकारी मांगी है, उस पर राज्य चुनाव आयोग अपना पक्ष रखेगा। लेकिन सरकार का हस्तक्षेप जैसी बात कांग्रेस की खीज है। कांग्रेस नेताओं की इस पूरे मामले में राजनैतिक बयानबाजी गैरजरूरी हैं। जबकि सच यह है कि कांग्रेस पार्टी पंचायत चुनाव में भी बुरी तरह से हारने जा रही है। इसलिए वह नए नए विवादों को खड़ा कर या झूठ बोलकर, चुनाव प्रक्रिया को बाधित करना चाहती है। प्रदेश की जागरूक जनता, गांव में विकास की गाड़ी में तीसरा इंजन लगाने जा रही है।

# नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत चलाया गया जन जागरूकता अभियान

**सहसपुर।** नशा मुक्त देवभूमि अभियान के अंतर्गत सहसपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों आदेशों के अनुपालन में आज शनिवार को सहसपुर पुलिस द्वारा श्री गुरु राम राय स्कूल सहसपुर तथा धर्मावाला चौकी क्षेत्र में स्थित राजकीय इण्टर कॉलेज फतेहपुर में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान व ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के संबंध में जानकारी देकर नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जानकारी देकर जन जागरूक कार्यक्रम किया गया। पुलिस टीम चौकी प्रभारी विवेक राठी धर्मावाला, महिला एसआई मो. निका मनराल, अपर एसआई अरविंद कुमार, अपर उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश कोठारी शामिल रहे।

# रजौली गांव में जंगल से निकल कर किंग कोबरा ने गांव में दी दस्तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सावन में नाग का दिखना शुभ माना जाता है, लेकिन जब वही नागराज गांव के बीचोंबीच आ जाएं, तो डर और दहशत लाजमी है। उत्तराखंड के विकासनगर में कुछ ऐसा ही हुआ, जहां बारह फीट लंबा किंग कोबरा ग्रामीण बस्ती में पहुंच गया और फिर जो हुआ, वो किसी फिल्मी सीन से कम नहीं था।

उत्तराखंड के चौहड़पुर रेंज के रजौली गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब गांव की गलियों में जंगल से निकलकर एक विशालकाय किंग कोबरा ने दस्तक दे दी। करीब 12 फीट लंबे इस सांप को देखकर गांववालों की सांसें थम गईं। डरे-सहमे ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौहड़पुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी पंकज ध्यानी के नेतृत्व में

**गांव में मच गई अफरा तफरी, वन विभाग की टीम ने 12 फीट लंबे किंग कोबरा का किया रेस्क्यू ऑपरेशन**

रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद किंग कोबरा को सुरक्षित काबू में किया गया। रेस्क्यू टीम ने इस खतरनाक और दुर्लभ सांप को बाद में टिमली के गहरे जंगलों में ले जाकर सुरक्षित रूप से छोड़ दिया।

बता दें कि चौहड़पुर रेंज की ये रेस्क्यू टीम अब तक 500 से ज्यादा सांपों का सफल रेस्क्यू कर चुकी है, जिनमें कोबरा, रसल वाइपर, कॉमन करेट और वनसुंदरी जैसे विषैले सांप शामिल हैं। लेकिन किंग कोबरा के रेस्क्यू का ये पहला मामला है।

# एसटीएफ के पंजे में फसी अवैध शराब से भरी कार, एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददात**

**देहरादून।** हरियाणा से यूपी के रास्ते एक कार में हरियाणा मार्का की शराब भरकर उत्तराखंड में सप्लाई के लिए लाने वाले शराब तस्कर को क्लेमेंन् टाउन थाना क्षेत्र के आशारोड़ी चेक पोस्ट के पास एसटीएफ ने धर दबोचा।पकड़े गए शराब तस्कर के कब्जे से एसटीएफ ने भारी मात्रा में शराब बरामद की। एसटीएफ के इंस्पेक्टर विपिन बहुगुणा के अनुसार उत्तराखंड में हो रहे पंचायत चुनाव को लेकर शराब की सप्लाई की जा रही थी जिस पर एसटीएफ ने अंकुश लगाया। पकड़े गए शराब तस्कर के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया गया कि एसटीएफ कार्यालय को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि आगामी उत्तराखंड पंचायत चुनाव में हरियाणा -पंजाब से काफी बड़ी मात्रा में अवैध शराब उत्तराखंड में लाई जा सकती है। इसके चलते एसटीएफ के इंस्पेक्टर विपिन बहुगुणा के निर्देशन में एक टीम को विशेष रूप से इस पर निगरानी रखने के लिए नियुक्त किया गया। बीती देर रात्रि एसटीएफ की टीम द्वारा आशारोड़ी चेकिंग बैरियर,थाना क्लेमेंटटाउन क्षेत्र से थाना क्लेमटाउन पुलिस के साथ संयुक्त चेकिंग में एक कार की डिग्गी से 322 बोटल करीब 27 पेटी अंग्रेजी शराब रॉयल स्टैग चंडीगढ़ मार्क बरामद करते हुए एक शराब तस्कर सुनील कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी करोरा जनपद कैथल को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि आरोपी शराब तस्कर पकड़ी गई शराब को चंडीगढ़ से खरीद कर चूना भट्टा रायपुर क्षेत्र में सप्लाई करने जा रहा था। एसटीएफ के अनुसार अवैध शराब के इस नेटवर्क में अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।



**क्लेमेंन टाउन थाना क्षेत्र में एक कार से 322 बोतल हरियाणा मार्का रॉयल स्टेज शराब हुई बरामद**

## एक नजर .......

### सड़क पर मारपीट करने वाले दो हमलावर गिरफ्तार

**देहरादून।** बीच सड़क पर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के साथ मारपीट करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस में कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा। नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व मोटरसाइकिल से छोटा हाथी वाहन के साइड में टक्कर लगने पर आरोपियों ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के साथ बीच रोड मेंमारपीट की थी। मारपीट के मामले की वीडियो बनाकर कुछ लोगों में से वायरल भी कर दिया था इसके बाद नेहरू कॉलोनी पुलिस हरकत में आई और वायरल वीडियो में दिख रहे वाहन छोटा हाथी के नंबर से वाहन चालक व उसमें सवार व्यक्ति के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए मारपीट की घटना में शामिल छोटा हाथी वाहन के चालक व परिचालक भूपेंद्र पुत्र ननकु राम निवासी भगत सिंह कॉलोनी अधोईवाला थाना रायपुर व नागेश कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी नेहरू ग्राम डोभाल चौक थाना रायपुर को गिरफ्तार करते हुए संबंधित वाहन को सीज किया गया। उक्त घटना का संबंध में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त होने पर अलग से विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ भारती का गठन, शोभा चुनी गई अध्यक्ष

**विकासनगर।** सरस्वती शिशु मंदिर बाबूगढ़ विकासनगर में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मातृ भारती का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती शिशु मंदिर प्रभारी चंद्र प्रकाश शर्मा, शोभा सिंह, सीमा डोभाल, सुगंधा, भावना आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। शोभा सिंह को सर्व सम्मति से मातृ भारती की अध्यक्षा चुना गया। शोभा सिंह ने अपने वक्तव्य में बालिका शिक्षा तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर मातृशक्ति, अभिभावक व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### हर-घर तक शुद्ध पेयजल की राजधानी में होगी आपूर्ति-डीएम

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने पेयजल से जुड़े सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात के सीजन में भी हर घर तक शुद्ध पानी की सप्लाई निर्बाध रूप से जारी रहे। जनमन की समस्या प्रशासन की समस्या है। इसमें कोई लापरवाही न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। सभी जल स्रोत और टैंकों का नियमित क्लोरीनेशन के साथ पानी की गुणवत्ता को मेंटेन किया जाए। पानी की शिकायत मिलते ही उसी दिवस को उसका समाधान कर लिया जाए। डीएम ने कहा कि हमारा लक्ष्य हर घर तक शुद्ध पेयजल की प्रतिदिन निबार्ध आपूर्ति सुनिश्चित करना ही है। बजट की कोई कमी नही है। कहीं पर फंड की विशेष आवश्यकता है तो इसकी डिमांड उपलब्ध करें। जिलाधिकारी ने पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर एडीएम की अध्यक्षता में जिले स्तर पर समिति गठित की गई है, जो नियमित रूप से पेयजल शिकायतों की मॉनिटरिंग में लगी है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पेयजल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित निगरानी करते हुए ट्यूबवेल व नलकूपों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जल संस्थान एवं जल निगम के सभी डिविजनों में समस्याओं के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर भी प्रचारित किए गए है।

### दो वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**विकासनगर।** वारंटियों के विरुद्ध प्रचलित कार्यवाही में कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा 2 वारण्टियों अकरम पुत्र सुलेमान निवासी सराय गली वार्ड नंबर 2 मुस्लिम बस्ती विकासनगर व सचिन चौहान पुत्र गुरमीत चौहान निवासी दुर्गा मंदिर के पास लक्ष्मण विकासनगर को किया गया गिरफ्तार। पुलिस ने दोनों वारंटियों को कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में एसआई संदीप पंवार कोतवाली विकासनगर, सिपाही सौरभ सैनी, रजनीश कुमार शामिल रहे।

### जेबीआईटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**विकासनगर।** जेबी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस के नवीन रुझान विषय' पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद। (एआईसीटी) के वाणी योजना के अंतर्गत प्रायोजित कार्यशाला का सफलतापूर्वक संपन्न हो गई, दिनभर चले अलग-अलग सत्र में देश के कई नामी संस्थाओं से आए विषय विशेषज्ञ द्वारा बड़ी रुचि पूर्ण तरीके से उदाहरण के माध्यम से इस विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के 'रजिस्ट्रार डॉ. राजेश उपाध्याय ने संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ,विशिष्ट अतिथि आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर डॉ. अवनीश पांडे के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# बिना पंजीकरण चल रहे नशा मुत्ति केंद्रों पर नकेल कसने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार प्रदेश को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'नशा मुक्त उत्तराखंड' के विजन को धरातल पर उतारने के लिए बहुस्तरीय प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार का उद्देश्य न केवल नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी करना है, बल्कि आम जनमानस में इस विषय पर जागरूकता फैलाकर एक सामाजिक क्रांति लाना भी है।

## जिलास्तरीय निरीक्षण टीमों के गठन के निर्देश

सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, डॉ. आर. राजेश कुमार की और से दिए गए हैं। प्रदेश के सभी नशा मुक्ति केंद्रों की स्थिति, पंजीकरण, मानकों की पूर्ति जैसे बिंद. ओं का निरीक्षण किया जाएगा। सचिव स्वास्थ्य ने निर्देश दिए हैं कि मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम 2017 के तहत सभी जिलों में जिलास्तरीय निरीक्षण टीमें अविलंब गठित की जाएं। इन टीमों द्वारा प्रत्येक नशा मुक्ति केंद्र की गहन जांच की जाएगी। जो संस्थान निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते या बिना पंजीकरण के कार्यरत हैं, उन्हें चिन्हित कर आर्थिक दंड और तत्काल बंदी की कार्रवाई की जाएगी।

## नशा मुक्ति नीति को मिल रही गति

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार प्रदेश को नशे की प्रवृत्तियों से मुक्त करने के लिए कटिबद्ध है। 'नशा मुक्त उत्तराखंड' केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन का रूप ले रहा है, जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## नशा मुक्ति केंद्रों की सख्त निगरानी के निर्देश

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने बैठक के दौरान प्रदेश में संचालित सभी नशा मुक्ति केंद्रों की निगरानी, पंजीकरण और मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए। सचिव स्वास्थ्य ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि सभी जिलों में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख अधिनियम, 2017 के तहत निरीक्षण टीमें अविलंब गठित की जाएं।

## अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर होगी कठोर कार्रवाई

डॉ. आर. राजेश कुमार ने सख्त शब्दों में कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हम प्रदेश में किसी भी अवैध और अपंजीकृत नशा मुक्ति केंद्र को संचा. लित नहीं होने देंगे। ऐसे सभी केंद्र जो निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते, उन पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करेंगे। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा बिना वैध पंजीकरण संचालित हो रहे नशा मुक्ति केंद्रों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भारत की गौरवशाली चिकित्सा परंपरा का हिस्सा रही है मर्म चिकित्सा: राज्यपाल



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार जोशी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान डॉ. जोशी ने मर्म चिकित्सा की विशेषताओं, इसकी पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के महत्व और आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि मर्म चिकित्सा भारत की गौरवशाली चिकित्सा परंपरा का हिस्सा रही है। यह न केवल शारीरिक बल्कि मान. सिक और ऊर्जा संतुलन के लिए भी लाभकारी मानी जाती है। उन्होंने कहा कि यह पद्धति आम लोगों के लिए बहुत उपयोगी हो सकती है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं सीमित हैं। उन्होंने मर्म चिकित्सा को जन-सामान्य तक पहुँचाने और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# जोशी से की पुष्कर काला ने मुलाकात



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से शनिवार को उनके कैंप कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं काशीपुर प्रभारी पुष्कर काला ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान आगामी पंचायत चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

उल्लेखनीय है कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को जनपद ऊधमसिंहनगर का पंचायत चुनाव का दायित्व सौंपा है। कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के विरोध में कार्य करने वालों पर पार्टी द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जहां भाजपा ने पंचायत सीटों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं, वहीं कांग्रेस अब तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं कर पाई है। जोशी ने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की जोड़ी ऊधम सिंह नगर जनपद की सभी 35 जिला पंचायत सीटों पर प्रचंड जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार भी पंचायत चुनाव में नया कीर्तिमान स्थापित करेगी।

# आयुष एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति की मुहिम बनी वैश्विक आंदोलन: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय हेल्थ वेलनेस एक्सपो का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आयुष एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति की मुहिम आज वैश्विक आंदोलन की शक्ल ले चुकी है।

उन्होंने नई दिल्ली में नमो गंगे ट्रस्ट की और से आयोजित अंतरराष्ट्रीय हेल्थ वेलनेस एक्सपो 2025 का शनिवार को शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न आयुष पद्धतियों, योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा से संबंधित स्टॉलों का उन्होंने अवलोकन किया।

साथ ही वहाँ प्रदर्शित नवाचारों एवं सेवाओं की जानकारी प्रतिभागियों से प्राप्त की। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने वर्ष 2014 में स्वतंत्र आयुष मंत्रालय की स्थापना कर आयुष पद्धतियों को सशक्त बनाने का अभियान शुरू किया।

जिसके बाद लगातार विभाग के प्रयासों और स्वयं मोदी जी द्वारा एक ब्रांड एंबेसडर की तरह इसका प्रचार प्रसार करने का परिणाम है कि वह आज एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है।

एक्सपो में इस दौरान चेयरमैन, नमो गंगे विजय शर्मा, डायरेक्टर अजय वर्मा, सूर्या फाउंडेशन से राजीव अग्रवाल, डॉ. डी एन शर्मा, योगेश राणा के अतिरिक्त बड़ी संख्या मे प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।



**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में किया अंतरराष्ट्रीय हेल्थ वेलनेस एक्सपो का उद्घाटन**

# ड्रीमर्स एड्यू हब ने नीट2025 में छात्रों को दिलाई उपलब्धि : चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सहस्त्रधारा रोड स्थित ड्रीमर्स एड्यू हब ने जहां उत्तराखंड में एक शिक्षा को लेकर अपनी पहचान बनाई है वही भारत में डिफेंस सेक्टर की कोचिंग के क्षेत्र में एक विश्वसनीय और अग्रणी नाम बन चुका है।संस्था के संस्थापक हरिओम चौधरी ने बताया कि ड्रीमर्स ने अब मेडिकल की तैयारी में भी नीट2025 के परिणामों में संस्था के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।ड्रीमर्स एड्यू हब के छात्र कविश ने ऑल इंडिया रैंक 35 प्राप्त कर देशभर में टॉप किया है। निशु बालियान और समीक्षा ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर मेडिकल क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखी है।



संस्थापक ने कहा कि ड्रीमर्स डिफेन्स में आईआईटी जेईई मेन्स/ नीट ( मेडिकल) की तैयारी शुरू कर चुके हैं देश के सर्व श्रेष्ठ शिक्षक अब ड्रीमर्स का हिस्सा बन चुके है।हमारा लक्ष्य केवल परीक्षा में चयन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विकास और आत्मविश्वास से भरा भविष्य तैयार करना है।

वहीं, संस्था की सह-संस्थापिका अं. कता तनेजा ने कहा की

ष्ड्रीमर्स अब केवल डिफेंस तक सीमित नहीं रहा अन्य तैयारी को लेकर भी प्रमुखता के साथ काम कर रहा है।डिफेंस के साथ-साथ मेडिकल की तैयारी के लिए भी भारत के श्रेष्ठ संस्थानों में गिना जाएगा।

# ऑपरेशन कालनेमि के तहत दो ढोंगी बाबा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने 'ऑपरेशन कालनेमि' के तहत 2 ढोंगी बाबाओं बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया।

मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के निर्देशो पर प्रारम्भ ऑपरेशन कालनेमि के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में ऐसे व्यक्यिों, जो साधु-संतों का भेष धारण कर लोगो को विशेषकर महिलाओं व युवाओ को भ्रमित कर उनकी व्यक्तिगत अथवा घरेलु समस्याओं का निदान करने का प्रलोभन देते हुए उन्हें वशीभूत करते हुए उनके साथ ठगी की घटनाओ को अजांम देते है, को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्व कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

इसी क्रम में आज शनिवार को थाना सहसपुर पुलिस टीम द्वारा चोरखाला सहसपुर में सडक किनारे बैठे 2 व्यक्तियों से पूछताछ की गई, तो अपने प्रोफेशन सम्बंध में उक्त व्यक्ति द्वारा कोई सन्तोष जनक उत्तर नही दे पाये और न ही ज्योतिष शास्त्र की शिक्षा से सम्बन्धित कोई दस्तावेज प्रस्तुत कर पाये, क्षेत्र मे कोई सज्ञेय अपराध कारित कर सकते है इस संदेह के आधार पर दोनो व्यक्तियो को सहसपुर पुलिस द्वारा मौके से हिरासत में लेते हुए उन्हें 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए ढोंगी बाबाओं में पामती नाथ पुत्र जागर नाथ निवासी लक्ष्मीपुर चोरखाला थाना सहसपुर, बल्लू पुत्र टिपननाथ निवासी लक्ष्मीपुर चोरखाला थाना सहसपुर शामिल है।

# अस्पताल मे ऑटोमेटिक पार्किंग की सुविधा चालू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला चिकित्सालय कोरो. नेशन, तिब्बती मार्केट और परेड ग्राउंड में ऑटोमेटिक मैकेनिकल पार्किंग तैयार की गई।

जिला प्रशासन के अनुसार कोरोनेशन अस्पताल में ऑटोमेटिक पार्किंग शुरू हो चुकी है। यहां पर अस्पताल स्टाफ के वाहन स्वचालित रूप से पार्क हो रहे हैं। इससे मरीजों और तीमारदारों के लिए भू-स्तरीय पार्किंग में अतिरिक्त जगह की सुविधा मिल रही है। जिला प्रशासन द्वारा परेड ग्राउंड में 96, तिब्बती मार्केट में 132 और कोरोनेशन में 18 वाहनों की क्षमता वाली पार्किंग बहुत ही छोटे जगह पर निर्मित की गई है।

इसकी खास बात ये भी है कि इन पार्किंग को अन्य स्थानों पर भी शिफ्ट किया जा सकता है। टेस्टिंग और



ट्रायल कमीशनिंग पूरी होने के बाद ये पार्किंग शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने में कारगर साबित होंगी। जिलाधिकारी सविन बंसल ने पार्किंग के संचालन के लिए दो कुशल तकनीकी ऑपरेटर की तैनाती के साथ ही पार्किंग में वाहनों को किसी प्रकार का नुकसान होने पर पर बीमा कवर की सुविधा भी प्रदान की है। जिला प्रशासन का यह प्रयोग भविष्य में अन्य स्थानों पर ऐसी पार्किंग विकसित करने की दिशा में एक सफल कदम माना जा रहा है। इस अभिनव पहल से शहर में पार्किंग सुविधा में इजाफा के साथ यातायात दबाव कम होगा। शहर में छोटे स्थान पर बनने वाली ऐसी मल्टी लेवल ऑटोमेटिक पार्किंग से आम जनमानस को सुविधा मिलने के साथ यातायात भी सुगम होगा।

# जिलाधिकारी और एसएसपी ने कांवड़ पटरी क्षेत्र का किया निरीक्षण

**कांवड़ यात्रा पर पहुंचे श्रद्धालुओं से सीधे संवाद कर ली व्यवस्थाओं की जानकारी, ड्यूटी पर तैनात जवानों को पूरी मुस्तैदी से तैनात रहने के दिए निर्देश**

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित तथा सीएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने शनिवार को कांवड़ पटरी मार्ग का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कांवड यात्रा पर पहुंचे श्रद्धालुओं से सीधा संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क और संवेदनशील रहने के निर्देश दिये। इसके बाद डीएम और एसएसपी सिटी कंट्रोल रूम पहुंचे सीसीटीवी व ड्रोन कमरों से की जा रही निगरानी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कांवड़ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं हेतु की गई व्यवस्थाओं तथा संचालित विभिन्न गतिविधियों का गहनता से परीक्षण करते हुए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान कांवड़ पटरी मार्ग पर पेयजल, शौचालय सहित की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान तैनात कार्मिकों को पूरी मुस्तैदी से तैनात रहने तथा श्रद्धालुओं व जन सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग पर तैनात पुलिस कर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर बनाए रखने तथा सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी महत्वपूर्ण कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कांवड़ियों से वार्ता करते हुए की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली, जिस पर कांवड़ियों ने मार्ग पर की गई व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा जिला प्रशान की सराहना की। इसके पश्चात उन्होंने सिटी कंट्रोल रूम पहुंचकर ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी, ट्रैफिक कंट्रोल, शान्ति एवम् कानून व्यस्ताओं की विस्तार से जानकारी ली।

# आर्टिफिशियल नरमुंडों से सजी कांवड़ बनी आकर्षण का केंद्र

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** धर्मनगरी में हर और सुनाई दे रहे बम भोले के जयकरों के बीच कांवड़ियों की वापसी का क्रम जारी है। कांवड़ मेले के दूसरे दिन कई बड़ी और भव्य रूप से सजी कांवड़ों की भी वापसी हुई। तीसरी विशाल रथ यात्रा के रूप में हरिद्वार से हिसार के लिए रवाना हुई आर्टिफिशियल नरमुंडों से सजी भगवान शिव की प्रतिमा वाली कांवड़ सभी के आकर्षण का केंद्र रही। हिसार से आए कांवड़ दल में शामिल दीपक, कार्तिक, जतिन आदि ने बताया कि यह उनकी तीसरी कांवड़ यात्रा है। दल में कई युवा शामिल हैं। सभी ने आपसी सहयोग से कांवड़ तैयार की है। हिसार पहुंकर कांवड़ से ले जाए जा रहे गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। रोहन, श्याम, अजय, प्रिंस, गोपाल, सचिन, तुषार, दिनेश, कार्तिक, सूरज, चमन आदि ने बताया कि कांवड़ यात्रा को लेकर सभी में उत्साह है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान बहादराबाद पुलिस ने कसी कमर किया फ्लैग मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र में कांवड़ यात्रा के दौरान शांति, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कांवड़ मेला सुपर जोनल पुलिस अधिकारी स्वप्न किशोर सिंह के नेतृत्व में पतंजलि फ्लाईओवर से कोर कॉलेज तक स्थानीय पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के साथ फ्लैगमार्च निकाला।

फ्लैगमार्च में शांतरशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार, थाना व चौकी के पुलिसकर्मी और अर्द्धसैनिक बल के जवान शामिल रहे। इस दौरान लाउडस्पीकर से लोगों को यातायात नियमों के पालन, व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाह से दूर रहने की अपील की गई। पुलिस कप्तान प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि हरिद्वार पुलिस पूरी सतर्कता के साथ मुस्तैद है। कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अफवाह फैलाने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सोशल मीडिया पर भी हमारी विशेष निगरानी टीम लगातार नजर रख रही है। एसएसपी ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग बनाए रखने की अपील की है, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न हो और अफवाह वह सभी की घटनाओं पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# श्री मुनि मंडल आश्रम के परमाध्यक्ष स्वामी आनंद राघव ने नियुक्त किए उत्तराधिकारी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कनखल स्थित श्री मुनि मंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद राघव महाराज ने महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद आचार्य, साध्वी मंदाकिनी मुनि एवं स्वामी विज्ञानानंद को उत्तराधिकारी नियुक्त किया है। शनिवार को महामंडलेश्वर स्वामी आनंद राघव के संयोजन एवं सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों तथा षड्दर्शन साधु समाज के सानिध्य में आश्रम में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में संतों ने तिलक चादर प्रदान कर स्वामी शिवानंद आचार्य, साध्वी मंदाकिनी मुनि एवं स्वामी विज्ञानानंद को शुभकामनाएं प्रदान की। मुनि मंडल आश्रम के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी आनंद राघव महाराज ने कहा कि अपनी अवस्था और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आश्रम का उत्तराधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। महामंडलेश्वर स्वामी शिवानंद आचार्य संरक्षक, साध्वी मंदाकिनी कोठरी महंत एवं स्वामी विज्ञानानंद आश्रम के महंत जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने कहा कि तीनों सन्त मुनि मंडल आश्रम के संपूर्ण दायित्व का निर्वहन करेंगे। महंत रघुवीर दास ले कि स्वामी आनंद राघव ने अपने जीवनकाल में उत्तराधिकारी नियुक्त कर सराहनीय कार्य किया है। संत समाज को पूर्ण विश्वास है कि तीनों उत्तराधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए समाज की सेवा परंपरा को आगे बढ़ाएंगे। महंत शिवानंद, महंत मोहन सिंह व महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद ने कहा कि स्वामी आनंद राघव के तीनों उत्तराधिकारी उनके अधूरे कार्यो को आगे बढ़ाएंगे और सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में योगदान करेंगे। इस अवसर पर स्वामी भगवत स्वरूप, स्वामी प्रबोध ानन्द, स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी प्रेमानंद, कोठारी महंत राघवेंद्र दास, महंत सूर्यांश मुनि, महन्त जयेन्द्र मुनि, स्वामी डा.गंगादास उदासीन, स्वामी ललितानंद, महंत गंगादास, महंत बिहारी शरण, महंत अंकित शरण, महंत जयराम दास, महंत रघुवीर दास, महन्त दयानंद, स्वामी कैलाश मुनि, महन्त मोहन सिंह, महन्त देवेन्द्र दास सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# वन महोत्सव का आयोजन कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** द ऐडवेंट स्कूल में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। छात्रों और समाज को पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किए गए वन महोत्सव की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेता कोचर ने की। मुख्य अतिथी पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने कहा कि प्रकृति के अंधाधुंध दोहन और मानवीय गलतियों से पर्यावरण में आ रहे बदलाव की वजह से मानव जगत को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग इसी का नतीजा है। जिसके चलते पूरे विश्व में अनेक प्राकृतिक आपदाएं आ रही है। बदल रहे पर्यावरण को संतुलित करने का एक मात्र उपाय पौधारोपण है। उन्होंने कहा कि सभी अधिक से अधिक पौधे लगाएं और वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करें।

# ऑपरेशन कालनेमी : पुलिस ने गिरफ्तार किए 45 ढोंगी बाबा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश पर पूरे प्रदेश में चलाये जा रहे आपरेशन कालनेमी के तहत हरिद्वार पुलिस दो दिन में 45 से अधिक ढोंगी बाबाओं को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी है। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि सीएम के आदेश पर ऐसे ढोगी बाबा जो साधु संतो का वेश धारण कर जनता की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड करते हैं, उनको चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए आपरेशन कालनेमी चलाया जा रहा है। जिसके लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया है। टीम में सीओ से लेकर सिपाही तक शामिल हैं।

जिसमें कोतवाली नगर पुलिस ने गौरव शर्मा पुत्र चन्द्रप्रकाश पण्डित निवासी तौफीर मजलिसपुर जिला मुजफ्फरनगर उ.प्र., आशुपाल पुत्र रामजोर पाल निवासी ग्राम दहरा मऊ थाना सदर जिला प्रतापनगर यूपी, बालयोगी सुन्दरनाथ पुत्र राजेश नाथ निवासी दादरी गेट तहसील लूसी जिला हिसार हरियाणा, बलवान सिंह पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम हर मवई थाना कतौरा जिला जालौन यूपी, सोनू उर्फ फक्कड बाबा पुत्र यशपाल निवासी बनवली मुजफ्फरनगर यूपी, सतेन्द्र पुत्र विजय सिंह निवासी मलकपुर बागपत यूपी, चिन्तामणि पटेल पुत्र सूर्यभान पटेल निवासी मऊगंज थाना देवतालाब रीवा मध्य प्रदेश, वीरेश कुमार पाठक पुत्र जगन्नाथ पाठक निवासी ग्राम बिलगराम थाना बिलगराम जिला हरदोई यूपी, अशोक दास पुत्र रामप्रकाश निवासी ग्राम मिलक जिला इटावा यूपी, पूरन पुत्र गंगू निवासी ग्राम ओदरा थाना सोरसा हरदोई यूपी, प्रदीप बहुखण्डी पुत्र चन्द्रप्रकाश बहुखण्डी निवासी ग्राम बडियाना थाना सतपुली पौडी गढवाल उत्तराखंड, रामप्रकाश अवस्थी पुत्र कन्हैया लाल अवस्थी निवासी कुकही थाना बालामाऊ हरदोई यूपी, विजय पुत्र मंगल निवासीभण्डारा




रोड भाण्डेवाली हनुमान नगर थाना नागपुर जिला नागुपर महाराष्ट्र।

थाना श्यामपुर पुलिस ने अभियान के तहत 18 बहरूपी बाबाओं को गिरफ्तार किया है। जिसमें लाखन नाथ पुत्र सरजीत नाथ, पीन्टू पुत्र भोलानाथ, सिटीनाथ पुत्र सरजीतनाथ, जुगनू नाथ पुत्र कृष्णनाथ, राजू नाथ पुत्र चरण नाथ, बगवानाथ पुत्र बेगनाथ, टीनूनाथ पुत्र भोलानाथ, फूंकारनाथ पुत्र सुशीलनाथ, सिकन्दरनाथ पुत्र मेघनाथ, सोसन नाथ पुत्र रिसीलानाथ, सुभाष पुत्र विजय किशन दास निवासी ऊधमसिंह नगर हाल पता आधा पुल चण्डीघाट, बन्टी पुत्र अमर सिंह निवासी एटा मैनपुरी जिला मैनपुरी थाना कुराली, हाल चण्डीघाट, कमल सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह रावत निवासी लूठिया तल्ला हल्दूखाल, ईजाजूल पुत्र अब्दुल कादिर निवासी पिपडपाती जिला सारसा, मन्दीप पुत्र जोगी निवासी जलपाईगुडी बंगाल हाल चण्डीघाट, लालबाबा पुत्र विश्वनाथ निवासी लालगंज यादौवाला हाल पता चण्डीघाट, प्रेम पुत्र रोशनलाल निवासी बाबूवाला गॉव कोतवाली रोड नजीबाबाद बिजनौर यूपी, कल्याण पुत्र लीलाधर निवासी कौटपपुर थाना सीसगढ जिला बरेली यूपी हाल निवासी चण्डीघाट शामिल हैं। जबकि थाना कनखल पुलिस ने सतीश पुत्र हजारी निवासी त्रिलोकपुर थाना देहात सीतापुर जिला सीतापुर, कलेक्टर पुत्र प्रवण निवासी रामपुर थाना रामपुर जिला सीतापुर, गजराम सिंह पुत्र मोहन सिंह निवासी संभल थाना कोतवाली संभल जिला संभल यूपी, सुरेश पुत्र गोकुल निवासी गंगा बख्श पुराना थाना कोतवाली हरदोई जिला हरदोई यूपी, फूलचंद पुत्र राम भजन निवासी कटिया थाना रामकोट जिला सीतापुर यूपी, सुरेंद्र सिंह पुत्र दल्ले सिंह निवासी जमानिया कुंडली थाना मकरागंज जिला लखीमपुर खीरी यूपी, ओम प्रकाश पुत्र नगीना निवासी श्याम नगर रामपुर थाना कोतवाली गंग नहर रुड़की, जगन्नाथ पुत्र तेजी निवासी मोकमपुर थाना मछरेहटा जिला सीतापुर यूपी को गिरफ्तार किया है।

# यातायात बाधित करने और शांति भंग पर करने पर महिला पुरुष को लिया हिरासत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा कांवड़ मेला के अंतर्गत यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांतरशाह क्षेत्र में पतंजलि की ओर गश्त के दौरान सूर्या शुद्ध ढाबा के सामने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बीच सड़क पर खड़ी मिली। ट्रैक्टर में न चालक था न ही कोई यात्री जिससे मार्ग पर यातायात बाधित हो रहा था। पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई, परंतु ट्रैक्टर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। कुछ समय बाद एक पुरुष और एक महिला वहां पहुंचे और ट्रैक्टर को अपना बताने लगे। जब पुलिस ने उनसे ट्रैक्टर हटाने का अनुरोध किया, तो दोनों जोर-जोर से चिल्लाने लगे और ट्रैक्टर हटाने से साफ मना कर दिया। इतना ही नहीं, दोनों ने उत्तेजित होकर मारपीट और झगड़े की स्थिति उत्पन्न कर दी। जिससे शांति एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी। स्थिति को नियंत्रित करते हुए युवक अतुल एवं महिला साथी निवासी खतौली मुजफ्फरनगर को बीएनएसएस की धारा 126/135/170 के अंतर्गत कारण बताते हुए हिरासत में लिया गया।

# शांतिकुंज ने टीबी पीड़ितों को बांटे निक्षय पोषण कीट

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** शांतिकुंज गायत्री परिवार की संस्थापिका की जन्मशताब्दी कार्यक्रम के अंतर्गत माता भगवती अन्नपूर्णा योजना चलाया जा रहा है। इस हेतु शांतिकुंज जिला चिकित्सालय से लेकर हरिद्वार के अनेक स्थानों पर नियमित रूप से शुद्ध एवं सुपाच्य भोजन दिया जाता है। इसी कड़ी में शांतिकुंज की ओर से हरिद्वार जनपद के पचास से अधिक टीबी पीड़ितों को निक्षय पोषण किट दिया गया। शांतिकुंज चिकित्सालय में आयोजित निक्षय पोषण किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ चिन्मय पण्ड्या एवं सीएमओ डॉ आरके सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया।

इस अवसर पर युवा आइकान डॉ चिन्मय पण्ड्या ने अपने चिकित्सकीय अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कोई भी बीमार व्यक्ति को केवल दवा से ही नहीं, बल्कि उचित पोषण और सकारात्मक वातावरण से भी जल्दी स्वस्थ किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में पोषण आहार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सीएमओ डॉ आरके सिंह ने शांतिकुंज द्वारा चलाए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से टीबी जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को मानसिक बल मिलता है और समाज में सहयोग की भावना भी बढ़ती है। अंत में सभी लाभार्थियों को नियमित आहार और स्वास्थ्य की देखभाल के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान हरिद्वार जनपद के विभिन्न गाँवों से आये 50 से अधिक टीबी पीड़ितों को तेल, मुंगफली, आटा आदि सहित उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य सामग्री दी गयी। शांतिकुंज के प्रतिनिधियों ने बताया कि माता भगवती अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत आने वाले समय में भी पोषण आहार वितरण शिविर लगाए जाएंगे, ताकि जरूरतमंदों तक पोषण आहार पहुँचाया जा सके। इस अवसर पर व्यवस्थापक योगेन्द्र गिरि, डा. मंजू चोपदार, डा. अनिल कुमार वर्मा (डीटीओ), गोपाल रजक सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# शिव आराधना से बदल जाता है जीवन : कैलाशानंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री दक्षिण काली मंदिर परिसर में पूरे सावन चलने वाली निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानं गिरी महाराज की विशेष शिव साधना दूसरे दिन भी जारी रही। विभिन्न प्रकार के पुष्पों से शिवलिंग का विशेष शृंगार कर गंगाजल, पंचामृत व अन्य द्रव्यों से भगवान शिव का अभिषेक कर विश्व कल्याण की कामना करते हुए स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि सावन में सच्चे मन से की गई भगवान शिव की आराधना से साधक का जीवन बदल जाता है। शिव कृपा से सात्विक विचारों का उदय होता है और चरित्र उत्तम बनता है। जिससे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है और जीवन भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि शिव साधना भक्त को सुख समृद्धि व वैभव प्रदान करती है।

# कांवड़ मेला सहयोग के लिए अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने दिया 25 लाख का चैक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कांवड़ मेला व्यवस्थाओं में प्रशासन का सहयोग करते हुए एचआरडीए सचिव मनीष सिंह व एसडीएम जितेंद्र कुमार को 25 लाख का चेक सौंपा। चरण पादुका मंदिर में आयोजित कांवड़ सेवा शिविर के दौरान एसपी सिटी को चेक सौंपने के दौरान श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि कांवड़ मेले के दौरान करोड़ों शिवभक्त कावंड़ों में गंगाजल भरने हरिद्वार आते हैं। कांवड़ मेले में व्यवस्थाएं बनाए रखने में सहयोग करते हुए प्रशासन को 25 लाख रूपए का चेक दिया है। इसके अलावा मेले के दौरान कठिन डयूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को भोजन व पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

दूसरी और चेन्नई से आए गोल्डन बाबा ने चरण पादुका मंदिर पहुंचकर श्रीमहंत रविंद्रपुरी से भेंट की और उन्हें एक हजार कुण्डीय महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। गोल्डन बाबा ने कहा कि श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज का सेवाभाव सभी के अनुकरणीय है। कांवड़ सेवा शिविर के माध्यम से शिवभक्तों की सेवा करने के साथ प्रशासन को मेला व्यवस्थाओं के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने उदाहरण पेश किया है। सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# मेयर किरण जैसल ने कांवड़ मेले में सफाई व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल ने रोड़ी बेलवाला पार्किंग और सीसीआर क्षेत्र में कांवड़ मेला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिली। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मेयर किरण जैसल ने कहा कि पूरे देश से कांवड़ यात्री हरिद्वार पहुंचेंगे। ऐसे में सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र की नियमित रूप से सफाई की जाए। पूरा मेला क्षेत्र गंदगी मुक्त होना चाहिए। गंगा घाटों की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। बाहर से आने वाले कावड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े। जिससे लोग हरिद्वार की सुन्दर छवि वापस लेकर जाएं। उन्होंने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से भी सफाई व्यवस्था बेहतर बनाए रखने मे सहयोग की अपील की। निरीक्षण में वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. गंभीर तालियान, सहायक नगर अधिकारी ऋषभ उनियाल, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर अर्जुन, सफाई नायक व कर्मचारी शामिल रहे।

# हाईवे पर जाने की जिद पर अड़े कावंडिए, सिंहद्वार पर पुलिस से की नोंकझोंक

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** सिंहद्वार के पास नहर पटरी छोड़कर हाईवे से जाने की जिद पर अड़े कांवड़ियों और पुलिस के बीच जमकर नोंकझोंक हुई। कांवड़ियों के नहीं मानने पर पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। बाद में पुलिस ने समझा बुझाकर कांवड़ियों को उनके गंतव्य पर रवाना किया। घटना शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे की है। सिंहद्वार के पास अचानक गंगाजल लेकर लौट रहे कुछ कांवड़िए कांवड़ पटरी मार्ग छोड़कर हाईवे पर आ गए। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें वापस पटरी मार्ग पर जाने के लिए कहा तो वे हाईवे से जाने की जिद करने लगे। पुलिसकर्मियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन कांवड़िए नहीं माने और पुलिस से बहस करने लगे। काफी देर तक सुरक्षाकर्मियों और कांवड़ियों के बीच तीखी नोंकझोंक होती रही। पुलिसकर्मी कांवड़ियों को समझाने का प्रयास करते रहे। समझाने पर भी जब कांवड़िएं नहीं होने और हंगामा करते रहे तो मजबूरन पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। जिससे एक बार माहौल तनावपूर्ण हो गया। हंगामे की सूचना पर एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा मौके पर पहुंचे और कांवड़ियो को समझा बुझाकर रवाना किया। एसपी क्राइम जितेंद्र मेहरा ने बताया कि कांवड़ पटरी पर कांवड़ियों के लिए सरल व सुगम व्यवस्था की गयी है। कुछ कांवड़ियों द्वारा हाईवे से जाने की जिद की जा रही थी। जिन्हें समझाया गया। इसके बाद वह मान गए और पटरी से ही वह अपनी कावड़ लेकर गंतव्य की ओर रवाना हो गए।

# प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के जन्म दिन पर महानगर कांग्रेस ने मां गंगा का किया दुग्धभिषेक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के जन्मदिन के अवसर पर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने मायापुर स्थित अमरापुर घाट पर मां गंगा का दुग्धाभिषेक कर उनके स्वस्थ, दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि करन माहरा का तीन वर्षीय कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस दौरान करन माहरा ने संगठन में युवाओं को जोड़ने के साथ संगठन की मजबूती पर जोर दिया। जिससे उपचुनाव में पार्टी को मंगलौर और बद्रीनाथ चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली। पूर्व प्रदेश महासचिव वरुण बालियान व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी ने कहा कि करन माहरा के नेतृत्व में केदारनाथ मंदिर की रक्षा के संकल्प के साथ हरिद्वार से केदारनाथ धाम तक पैदल यात्रा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ। महानगर कांग्रेस महासचिव राजीव भार्गव व यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा कि आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस करन माहरा के नेतृत्व में उत्तराखंड में जोरदार वापसी कर भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा, महानगर कांग्रेस उपाध्यक्ष अरूण राघव, हिमांशु राजपूत, शिवा लोधी, पार्षद प्रतिनिधि ऋषभ वशिष्ठ, यूथ कांग्रेस महासचिव शुभम जोशी, जासिद अंसारी, करन सिंह राणा आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पतंजलि योगपीठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न

## सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा: स्वामी रामदेव

**गुरु पूर्णिमा की सार्थकता तभी है, जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें: आचार्य बालकृष्ण**

**पूरे विश्व को भारत से मिलेगी नई दिशा, भारत बनेगा विश्वगुरु: स्वामी रामदेव**

**गुरु द्वारा बताए नियमों का आलम्बन लेकर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाएं: आचार्य बालकृष्ण**





**हरिद्वार।** गुरु-शिष्य परम्परा का प्रतीक 'गुरु पूर्णिमा' पर्व पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के सान्निध्य में पतंजलि वैलनेस, योगपीठ-2 स्थित योगभवन ऑडिटोरियम में आस्था व समर्पण के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव जी तथा आचार्य बालकृष्ण जी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर गुरु पूर्णिमा पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा सनातन धर्म को युग धर्म के रूप में स्थापित करने का पर्व है। यह भारत की गौरवशाली गुरु-शिष्य परम्परा, ऋषि परम्परा, वेद परम्परा व सनातन परम्परा का परिचायक तथा इनको पूर्णता प्रदान करने वाला पर्व है।

उन्होंने कहा कि वेद, ऋषि और गुरु धर्म में राष्ट्र धर्म भी समाहित हैं। उन्होंने पतंजलि विवि के विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको ऋषित्व और देवत्व में जीना हैं, इसी से जगत में नई क्रांति का संचार होगा। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। वर्चस्व सत्य, योग, अध्यात्म व न्याय का होना चाहिए। अलग-अलग कारणों से पूरी दुनिया में अलग-अलग प्रकार के वैचारिक उन्माद, मजहबी उन्माद, भौतिकवाद, इंटिलेक्चुअल टैररिज्म, रिलिजियस टैररिज्म, पॉलिटिकल, इकॉनोमिकल टैररिज्म, मेडिकल टैररिज्म, एजुकेशनल टैररिज्म चल रहे हैं। ऐसे में पूरे विश्व को भारत से शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक दिशा मिलेगी और भारत की प्रतिष्ठा विश्वगुरु के रूप में होगी।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु-शिष्य परम्परा को प्रदर्शित करने का पर्व है, किंतु इसकी सार्थकता तभी है जब हम अपने गुरु पर पूर्ण आस्था रखते हुए उनके बताए मार्ग का अनुसरण करें। उनके द्वारा बताए गए नियमों का आलम्बन लेकर अपने जीवन को सद्मार्ग पर ले जाएं। उन्होंने कहा कि भारत गुरु-शिष्य परम्परा, योग, आयुर्वेद, सनातन, वैदिक ज्ञान के जरिये ही विश्व गुरु बनेगा। अपने जीवन में किसी ऐसे आदर्श गुरु, महापुरुष का आश्रय व आलम्बन लें जिससे जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त हो। इस अवसर पर भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह ने सनातन को प्रणाम करते हुए कहा कि गुरु पूलणमा का यह दिव्य वातावरण अद्भुत है। स्वामी रामदेव जी और आचार्य बालकृष्ण जी के आशीर्वाद से शिक्षा में समग्र क्रांति का सूत्रपात पतंजलि के माध्यम से किया जा रहा है।कांवड़ मेले में शिवभक्त श्रद्धालुओं के लिए पतंजलि योगपीठ के माध्यम से अखण्ड भण्डारे की व्यवस्था की गई है जिसमें स्वामी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भोजन वितरण किया। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध सभी इकाईयों के सेवाप्रमुख, संन्यासीगण, इकाई प्रमुख, विभागाध्यक्ष, प्रभारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सेंट मैरी स्कूल में मोटिवेशनल टॉक

## आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने कैंसर के प्रति जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आशा फाउंडेशन द्वारा लगातार चलाई जा रहे कैंसर जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को नैनीताल के सेंट मैरी कॉन्वेंट में बालिकाओं और स्टाफ के लिए अध्यक्ष आशा शर्मा द्वारा एक मोटिवेशनल टॉक दी गई, जिसके अंतर्गत फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के साथ-साथ पर्यावरण संबंधी जानकारी और जीवन में आने वाली कठिनाइयों से कैसे निकला जाए उसके लिए मार्ग दर्शन दिया गया।

बता दें कि सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर मंजूषा द्वारा बालिकाओं के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उन्होंने अध्यक्ष आशा शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में कैंसर से बचाव के साथ-साथ रियूसिएबिल पैड्स जो कि कपड़े के बने हुए होते हैं और जिनको दो साल तक इस्तेमाल कर सकते हैं। इनके बारे में भी बालिकाओं को बताया गया। बच्चों को समाज के लिए कुछ करने के लिए मोटिवेट किया गया। बच्चों में और शिक्षिकाओं में उत्साह देखने के लायक था। अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि कोई भी महिम युवाओं के



बिना अधूरी है कयों कि बच्चे भावी पीढ़ी हैं उनको जागरूक करना बेहद जरूरी है।

इस पीढ़ी को हमें जागरूकता के साथ साथ एक अच्छे समाज की नींव रखने के लिए भी प्रेरित करना बेहद जरूरी है। ब्रेस्ट कैंसर में स्वयं जांच करना भी बताया गया। बाजार की पैड्स के दुष्प्रभाव के विषय पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बालिकाओं ने अपने हिस्से का योगदान देने का वादा किया ।आशा शर्मा ने प्रिंसिपल सिस्टम मंजूषा और स्टाफ का बच्चों का दिल शुक्रिया अदा किया और अपनी मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए बच्चों से अपील की।

इस मौके पर आशा फाउंडेशन की फाउंडर मेंबर नीलू एल्हंस और शगुन सलाल उनके साथ थी। अंत में सिस्टर मंजूषा द्वारा आशा फाउंडेशन का धन्यवाद किया गया।

# लंबित विवेचनाओं को शीघ्र निपटाएं

## मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी देवेन्द्र पींचा ने मातहतों को निर्देशित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शनिवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस बल को अलर्ट रहने निर्देश दिए। वहीं, जिले में ऑपरेशन कालनेमि के अभियान चलाया जाएगा। एसएसपी ने बीते माह के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर भी पुलिस बल को तैयारियों के निर्देश दिए। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गठित टीम के अधिकारियों को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना संभावित स्थानों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। वहीं, उन्होंने नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स



नीति अपनाते हुए अवैध मादक पदार्थो की तस्करी, बिक्री व भण्डारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने, समय-समय पर बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान चलाने, इसके अलावा ऑपरेशन कालनेमि के तहत सनातन धर्म की आड़ में साधु, संतों का भेष धारण कर लोगों को ठगने व उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। उन्होंने विगत माह चोरी का अनावरण, स्मैक तस्कर की गिरफ्तारी व गुमशुदा नाबालिग बालक को बरामद करने में सराहनीय योगदान देने वाले कोतवाली अल्मोड़ा में नियुक्त प्रभारी चौकी धारानौला एसआई आनंद बल्लभ कश्मीरा को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 13 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यो की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। यहां सीओ गोपाल दत्त जोशी, सीओ रानीखेत विमल प्रसाद, सीओ दूरसंचार राजीव टम्टा, सीएफओ नरेन्द्र कुंवर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा योगेश चन्द्र उपाध्याय, निरीक्षक अशोक धनकड़, जानकी भंडारी, मनोज भारद्वाज, निरीक्षक उमाशंकर पांडे, मदन मोहन जोशी, निरीक्षक सुशील कुमार, भुवन जोशी, सुनील सिंह बिष्ट, थानाध्यक्ष सल्ट प्रमोद पाठक, अवनीश कुमार, दिनेश नाथ महंत, कश्मीर सिंह, राहुल राठी, जसविन्दर सिंह, विजय नेगी, वंश नारायण यादव, कुमकुम धानिक, बरखा कन्याल, मोहित कुमार, सुमित पांडे, महेश कश्यप, हीरा सिंह, दान सिंह मेहता आदि मौजूद रहे।

# हरेला पर्व के सफल आयोजन को लेकर बैठक

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आगामी हरेला पर्व के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने हरेला पर्व की महत्ता को रेखांकित करते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हरेला केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक जनआंदोलन है।जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनपद में 50,000 पौधे लगाए जाएंगे, जिनमें 50 प्रतिशत फलदार पौधे होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम्य विकास विभाग, शहरी क्षेत्रों में नगर निकाय और वन क्षेत्रों में वन विभाग वृक्षारोपण की जिम्मेदारी निभाएं। साथ ही कार्यक्रम का फोटोग्राफी और डॉक्यूमेंटेशन सुनिश्चित किया जाए तथा एनएसएस, एनसीसी, स्कूली छात्र-छात्राओं और आमजन को सक्रिय रूप से शामिल किया जाए। विद्यालयों में हरेला पर्व पर निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने नदी महोत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह लोगों को नदी संरक्षण, जल स्रोतों के पुनर्जीवन और स्थानीय पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम है।उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम को जनभागीदारी के साथ विस्तृत स्तर पर आयोजित किया जाए। प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव मर्तोलिया ने बताया कि नदी महोत्सव का आयोजन 16 जुलाई को प्रात: 9 बजे बैजनाथ मंदिर परिसर में किया जाएगा। बैठक में एडीएम एनएस नबियाल, पीडी शिल्पी पंत, डीडीओ संगीता आर्या थे।

# उत्थान मंच में हरेला मेले का आगाज़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गोल्ज्यू पूजन के साथ पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में पांच दिवसीय हरेले मेले का शनिवार से आगाज हो गया है। मेले के पहले दिन जहा लोकगीत और लोकनृत्य प्रतियोगिता हुई, वहीं शाम को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चला। लोक गायक हरेंद्र कठायत के तेरा हाथ चूड़ियां अंजू बाजनी छम..और देव धुरै की सुमन छोड़ी हाथ दातुली कमर जोड़ी बन जाली भौजी घास काटन..गीतों का दर्शकों ने जमकर आनंद लिया। इससे पहले मंच परिसर स्थित गोल्ज्यू मंदिर में कुमाऊं के इष्ट देव गोल्ज्यू देव की पूर्ण विधि विधान के साथ पूजन किया गया। जिसके बाद मेले का विधिवत शुभारंभ मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह त्यौहार जहां एक और पर्यावरण का संदेश देता है, वहीं यह सावन का महीना होने के कारण आध्यात्मिक रूप से भी जुड़ा हुआ है। आज हमारी पीढ़ी अपनी संस्कृति को भूलते जा रही है। हमारी संस्था संस्कृति संरक्षण का कार्य तो कर रही है, आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति से परिचित कराने का भी प्रयास करने में लगी हुई है। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने सभी को हरेला पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हरेला पर्व कुमाऊनी संस्कृति का एक महापर्व है जो हमारे पूर्वजों के पर्यावरण संदेश को हम तक पहुंच रहा है। आज सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक हरेंद्र कठायत और बबीता देवी की धूम रही। हरेंद्र कठायत ने देव धुरै की सुमन छोड़ी..जैसे एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी। वही लोक गायिका बबिता देवी के जा दीपू रानीखेता भर्ती खुली रे..और घुघराली दातूली हरीया घास काटली..आदि गीतों ने भी खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रदीप उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, शोभा बिष्ट, धरम सिंह बिष्ट, नीरज बगड़वाल, ललित प्रसाद, चंद्रशेखर परगाई, हेम भट्ट, संदीप भैसोड़ा, भुवन चंद्र तिवारी, बीडी पाठक, कमल किशोर, बृजमोहन सिंह बिष्ट, भुवन जोशी, तरुण नेगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चीफ जज ने किया जजेस बिल्डिंग का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** न्यायालय परिसर मे जजेस कॉलोनी मे नई जजेस बिल्डिंग का उद्घाटन उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायामूर्ति गुहानाथन नरेंद्र, न्यायामूर्ति रविन्द्र मैथानी, न्यायामूर्ति अलोक कुमार वर्मा, हाईकोर्ट रजिस्ट्रार योगेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया, जिसमें काशीपुर बार एसोसिएशन, काशीपुर द्वारा उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायामूर्ति गुहानाथन नरेंद्र, न्यायामूर्ति रविन्द्र मैथानी, न्यायामूर्ति अलोक कुमार वर्मा, हाईकोर्ट रजिस्ट्रार योगेश कुमार गुप्ता का बुके देकर स्वागत किया गया। उक्त आयोजन में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उप सचिव सूरज कुमार, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, रश्मि पाल, कामिनी श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, मनोज जोशी शबाना परवीन, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, हरीश नेगी, आनंद रस्तोगी, संदीप सहगल, अतुल अग्रवाल, इंदर सिंह, विवेक मिश्रा सोनल सिंघल, विजय सिंह, योगेश कुमार, उमेश जोशी, पराग नेगी, महावीर सिंह, राजेश कुमार, अरविन्द शर्मा, विष्णु भटनागर, मनेश अग्रवाल, प्रसून वर्मा, मंजू सक्सेना व विपिन अग्रवाल आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# आशा शुक्ला ने 'सेवालय' में दिव्यांग बच्चों को भेंट की सामग्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कात्यायनी फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ समाजसेवी आशा शुक्ला ने दिव्यांग बच्चों की संस्था 'सेवालय' का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने न सिर्फ संस्था के बच्चों के लिए आवश्यक बर्तनों का दान दिया, बल्कि भविष्य में भी निरंतर सहयोग का आश्वासन भी दिया।

आशा शुक्ला ने सेवालय में मौजूद दिव्यांग बच्चों के क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होने कहा कि सेवालय के संचालक रोहित जोशी के समर्पित प्रयास खास तौर पर सराहनीय हैं। उन्होने संस्था को निरंतर




सहयोग देने का वचन दिया। आशा शुक्ला ने संस्था के कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा सेवालय जैसी संस्थाएं समाज का वास्तविक आईना हैं। संस्था संचालक रोहित जोशी ने इस उदार सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा श्रीमती शुक्ला का यह सहयोग हमारे लिए प्रेरणादायक है। इससे न सिर्फ हमारा मनोबल बढ़ा है, बल्कि हमें और अधिक समर्पण से काम करने की प्रेरणा भी मिली है। इस मौके पर संस्था के बच्चों के चेहरे पर खुशी साफ देखी गई। संस्था के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा।

# तीन युवकों ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बीती रात नशे की हालत में अनियंत्रित गति से बाईक चलाने के मामले में तीन युवकों ने दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। स्थिति का पता लगाने जब युवक के चाचा जब मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने फायरिंग कर दी जिसमें तीन लोग घायल हो गये, जबकि एक गंभीर बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बीती रात काशीपुर के रामनगर रोड स्थित रम्पुरा के पास एक युवक अपने साथी के साथ जा रहा था। इस दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने नशे की हालत में बाइक के आगे कट मार दिया। जिसके बाद पीड़ित पक्ष द्वारा आरोपियों से देखकर गाड़ी चलाने को कहा गया तो नशे की हालत में तीनों युवकों ने गाड़ी रुकवाकर दोनों को पकड़ लिया और मारपीट की, जिसके बाद वह जैसे तैसे अपनी जान बचाकर प्रतापपुर चौकी के पास घायल अवस्था में भागे। इसकी सूचना घायल युवक ने अपने चाचा को दी तो, वह अपने साथियों के साथ जब मौके पर पहुंचे तो उन पर उक्त तीनो आरोपियों ने ग्राम धनौरी के पास हमला कर दिया। घायलों द्वारा बताया गया कि आरोपियों के पास तमंचे भी मौजूद थे जिनसे उन्होंने कई फायर भी किए। मारपीट में सुरेन्द्र नामक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोटें आई, व दूसरे व्यक्ति के पैर में गोली लगने की सूचना मिली। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एलडी भट्ट राजकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टर ने बताया गया कि एक व्यक्ति के सिर में 13 टांके आए हैं व दूसरे व्यक्ति के पैर में कुछ अंदर घुसा हुआ है, जिसको जब बाहर निकाला गया तो वह बंदूक के छर्रे जैसा प्रतीत हो रहा था। जिसको जांच के लिए पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सड़क पर कूड़ा डालते मेयर ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** रात में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे महापौर ने दो लोगों को सड़क पर कूड़ा फेंकते पकड़ लिया और ऐसा करने से मना किया। न मानने पर कार्रवाई करने का भय भी दिखाया जिस पर कूड़ा डालने वाले लोग हाथ जोड़ते नजर आए और डाले गए कूड़े को अपने ड्रम में भरकर वापस ले गए।

उल्लेखनीय है कि नगर को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए महापौर दीपक बाली ने युद्ध स्तर पर मुहिम छेड़ रखी है और वह देर रात तक जाग-जाग कर शहर का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। शुक्रवार रात भी जब वे भ्रमण पर थे तो उन्हें जीजीआईसी के सामने सड़क पर नीले ड्रम में भरा कूड़ा



डालते हुए कुछ लोग दिखाई दिये। वह तुरंत गाड़ी से उतरे और कूड़ा डालने वाले लोगों को डांटना फटकारना शुरू कर दिया। कूड़ा डालने वाले लोग अचानक अपने सामने महापौर को देखकर सन्न रह गए। यह लोग एक ई-रिक्शा में कूड़े का ड्रम भरकर लाए थे। महापौर ने जब इनसे कहा कि नगर निगम लगातार सफाई व्यवस्था में लगा है तो फिर आप लोग इस तरह कूड़ा क्यों डाल रहे हो। इन लोगों ने माफी मांगनी शुरू कर दी जिस पर महापौर ने इन्हें डांटने के साथ-साथ निवेदन भी किया कि शहर की सफाई व्यवस्था में सहयोग दो तभी यह शहर साफ और सुंदर बन सकेगा। महापौर बाली ने दुकानदारों एवं जनता से अनुरोध किया है कि वह शहर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग दें।

# पंचायत: चुनाव मैदान में 3838 प्रत्याशी

## अल्मोड़ा में 218 ग्राम प्रधान और 29 क्षेपंस बने निर्विरोध

**मोहित अधिकारी**

**शाह टाइम्स, अल्मोड़ा।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। वहीं, नामांकन की प्रक्रिया साफ होने से 218 ग्राम प्रधान और 29 क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए है। जबकि जिपं के 190, क्षेपं के 1137, ग्राम प्रधान के 2432 और ग्राम पंचायत सदस्य के 79 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन जांच के बाद दो दिन तक नाम वापसी की प्रक्रिया चली। इन दो दिनों में कुल 283 दावेदारों ने नाम वापस लिए। इसमें जिला पंचायत के 15 नामांकन शामिल थे। वहीं, क्षेत्र पंचायत सदस्य में कुल 109 दावेदारों ने नामांकन वापिस लिए।



वहीं, सदस्य ग्राम पंचायत के 25 और ग्राम प्रधान के 134 दावेदार इन दो दिनों में पीछे हट गए। नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की संख्या 6347 हो गई थी। इनमें जिला पंचायत सदस्य में 190, क्षेत्र पंचायत में 1166, ग्राम प्रधान में 2640 प्रत्याशी शामिल थे। इनमें से एक-एक ही नामांकन होने से 2209 ने निर्विरोध जीत दर्ज कर ली है। इसमें 1962 ग्राम पंचायत सदस्य शामिल हैं। निर्विरोध जीत दर्ज करने के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की संख्या 3838 रह गई है। इसमें जिला पंचायत सदस्य के 190, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 1137, ग्राम प्रधान के 2432 और ग्राम पंचायत सदस्य के 79 प्रत्याशी मैदान में हैं।

## 550620 मतदाता चुनेंगे 1160 ग्राम पंचायतों की सरकार

**अल्मोड़ा।** जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदाताओं की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिले भर में कुल पांच लाख 50 हजार 620 मतदाता 1160 ग्राम पंचायतों की सरकार चुनेंगे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 24 जुलाई को पहले चरण और 28 जुलाई को दूसरे चरण का मतदान होना है। चुनाव के लिए प्रत्याशी प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। वहीं, पंचास्थानि कार्यालय की ओर से मतदाताओं की अंतिम सूची भी जारी कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार, जिले में कुल 550620 मतदाता पंजीकृत हैं। इसमें 265435 स्त्री तो 285185 पुरुष मतदाता शामिल हैं। वहीं, ब्लॉकों की बात करें तो सल्ट ब्लॉक में सर्वाधिक 65502 मतदाता हैं। हवालबाग में मतदाताओं की संख्या 62744 और ताड़ीखेत में 62342 है। वहीं, भैंसियाछाना में सबसे कम 25681 वोटर हैं। इसके अलावा धौलादेवी में 58476, लमगड़ा में 51825, ताकुला में 44102, द्वाराहाट में 60275, चौखुटिया में 41363, स्याल्दे में 41339 और भिकियासैंण में 36971 मतदाता पंजीकृत हैं।

# 1516 मतदान कार्मिकों को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों के अंतर्गत शनिवार को अल्मोड़ा में मतदान अधिकारी प्रथम का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुल 1516 मतदान अधिकारी प्रथम ने प्रतिभाग किया एवं चुनाव की बारीकियों को जाना। शाम करीब 05 बजे तक चले कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय एवं सीडीओ रामजी शरण शर्मा ने प्रतिभाग करते हुए मतदान कार्मिकों को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्वाचन से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं एवं मतपेटियों, मतपत्र समेत चुनाव के संचालन की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक कार्मिक को निर्वाचन की पूरी जानकारी हो, जिससे आगामी पंचायत चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके। मौके पर मास्टर ट्रेनरों ने मतदान की प्रक्रिया, प्रपत्रों की भराई, पोलिंग पार्टी की जिम्मेदारियों एवं मतगणना से पूर्व की जाने वाली तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अपर सांख्यिकी अधिकारी अशोक कुमार, प्रवक्ता डायट डा. हेम जोशी, जिला समन्वयक समग्र शिक्षा नीरज जोशी, प्रवक्ता कपिल नयाल, विनोद राठौर तथा अन्य ने सभी कार्मिकों को चुनाव सम्बन्धी विभिन्न बारीकियां बताई।

# शिविर में हड्डी रोगियों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अखिल भारतीय महिला परिषद की नैनीताल शाखा द्वारा शनिवार को डीएसए मैदान में हड्डी रोग विशेषज्ञों की मौजदूगी में हड्डी जांच परीक्षण शिविर का विशेष आयोजन किया गया। शिविर में 107 लोगों के हड्डी की जांच की गयी। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल, परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी व वरिष्ठ चिकित्सक डा. एनएस रावत तथा एससीएम मंजू कोटलिया आदि ने दीप जलाकर किया। जांच शिविर में लोगों का हड्डी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा डा. दीपिका, डा. प्रमोद कुमार ओझा द्वारा कई मरीजों की फिजियोथेरेपी की गई। डा. रावत ने हड्डी से संबंधित कई समस्याओं का समाधान करने के लिए कई उपाय



बताए और खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में परिषद की सचिव प्रीति शर्मा समेत मंजू कोटलिया, सावित्री सनवाल, दया बिष्ट, गीता पांडे, प्रधानाचार्या तारा बोरा, रेखा त्रिवेदी समेत अमिता साह, रेखा पंत, गजाला कमाल, मीनू बुढलाकोटी, तारा बोरा, नंदिनी पंत, अमिता साह, नीमा पांडे, तारा राणा, पार्वती मेहरा, लीला बोरा, वीरेंद्र बिष्ट तथा आफरीन आदि सदस्यों ने सहयोग किया। अंत में परिषद की अध्यक्ष मुन्नी तिवारी ने सभी का आभार जताया।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर

## गौला बाईपास में ट्रंचिंग ग्राउंड के पास हादसा, चार लोग घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार देर शाम गौलापार बाईपास ट्रंचिंग ग्राउंड के पास एक एक तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेजा दिया। वहीं पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार गौलापार की ओर से एक ट्रक ट्रंचिंग ग्राउंड की ओर जा रहा था। चालक ने ट्रंचिंग ग्राउंड के सामने बने कट से ट्रक को गलत दिशा में मोड़ दिया और शनिबा. जार क्रॉसिंग की ओर बढ़ने लगा। तभी शनिबाजार क्रॉसिंग से ट्रंचिंग



ग्राउंड की ओर जा रही कार बेहद तेजी से ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चार लोग लहूलुहान हो गए। गनीमत रही कि कार के एयरबैग खुल गए। हादसे के तुरंत बाद लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी, साथ ही राहत कार्य शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात भी बाधित हुआ। कार में अंबा विहार निवासी करन सिंह पुत्र विजय सिंह, कलावती कालोनी निवासी मेहुल कबडवाल पुत्र धीरेंद्र कबडवाल, गोरापड़ाव निवासी कोमल टम्टा व हर्षिता टम्टा पुत्री रविंद्र प्रसाद सवार थे। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। वहीं घटना के बाद फरार चल रहे ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## संदिग्ध स्थानों पर छापामारी

**हल्द्वानी।** सहायक आयुक्त आबक. ारी मीनाक्षी टम्टा ने बताया कि पंचायत निर्वाचन, महिला सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत आबकारी विभाग की टीम हल्द्वानी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर छापेमारी की कार्यवाही लगातार जारी रखी है। आचार संहिता लागू होने से वर्तमान तक विभाग की छापेमारी कार्यवाही के तहत कुल 30 अभियोग पंजीकृत किए गए है जिसमें लगभग 1.5 लाख रुपये कीमत की शराब बरामद की गयी है। आबकारी निरीक्षक धीरेंद्र सिंह बिष्ट, उप आबकारी निरीक्षक कैलाश जोशी, संजय कुमार, चंद्रशेखर कांडपाल सहित अन्य टीम ने हल्द्वानी क्षेत्र के विभिन्न होटल व ढाबों में अवैध रूप से मदिरा पिलाने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही की। शनिवार को भी आबकारी विभाग की टीम ने चोरग. लिया के जंगलों में अवैध रूप से शराब बनाने एवं बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए लगभग 25 लीटर अवैध रूप से निर्मित कच्ची शराब बरामद की।

# टीपीनगर के व्यापारियों ने समस्याओं से अवगत कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ट्रांसपोर्ट नगर कार्यालय में सिटी मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष यातायात नगर अनुश्रवण समिति गोपाल सिंह चौहान ने व्यापारियों के साथ बैठक की, जिसमें व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी। व्यापारियों ने टीपी नगर में बरसात के दौरान विभिन्न स्थानों पर जलभराव, एडीबी द्वारा पानी की पाइपलाइन डालने के बाद सड़क की मरम्मत न करने आदि समस्याओं को उठाया। सिटी मजिस्ट्रेट ने ने कहा कि इस समस्या के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागों से पत्राचार किया जायेगा। पूर्व में परियोजना में वाहन कटिंग शुल्क 250 रुपए प्रति वाहन लिया जाता था जिसे बढ़ाकर 500 रुपए प्रति वाहन कर दिया गया है, जिस पर व्यापारियों ने अपनी सहमति व्यक्त की। साथ ही पूर्व में टीपी नगर में वाहनों के बॉडी मेकिंग के कार्य के



लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता था, बैठक में वाहनों के बॉडी मेकिंग के कार्य के लिए प्रति वाहन 2500 रुपए निर्धारित किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट व्यापारियों से कहा कि सभी व्यापारी नगर निगम द्वारा निर्धारित कूड़ा शुल्क अनिवार्य रूप से अदा करेंगे। सभी अपनी दुकानों में कूड़ेदान अवश्य रखेंगे एवं अपनी दुकानों का कूड़ा नगर निगम के कूड़ा वाहन में डालेंगे। ऐसा न किये जाने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। वही दुकानों के आगे यदि अतिक्रमण मिलता है तो उस दुकान स्वामी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक के बाद उन्होंने आरटीओ के साथ टीपी नगर का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान यातायात नगर की सड़कों पर अवैध रुप से वाहन खड़े पाये गये। व्यापारियों ने उक्त वाहनों को हटाये जाने के लिए दो दिन का समय माँगा, जिस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि यदि दो दिन के बाद वाहन हटा नहीं मिले तो चालानी कार्यवाही की जायेगी।

# 4 तस्कर गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नैनीताल पुलिस ने नशा विरा. धी विशेष अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने विभिन्न इलाकों से 4 शराब तस्करों को अवैध शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। लालकुआं पुलिस ने चंदन सिंह भाकुनी उर्फ गोलू और सतनाम सिंह को अवैध कच्ची शराब के साथ पकड़ा। चंदन सिंह के पास से 84 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई, जबकि सतनाम सिंह के पास से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब मिली। वहीं काठगोदाम मल्ला चौकी प्रभारी दिलीप कुमार ने चैकिंग के दौरान संदीप आर्य को वाहन से शराब की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया। उसके पास से चार पेटियों में अंग्रेजी शराब की बोतलें और पव्वे बरामद हुए हैं। जबकि मक्तेश्वर पुलिस ने कृष्ण चंद्र को तीन पेटी अवैध शराब के साथ पकड़ा। इसमें दो पेटी देशी मसालेदार शराब और एक पेटी अंग्रेजी शराब शामिल थी। पकड़े गए चारों शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# मल्ली बमोरी में सड़क निर्माण को लेकर आक्रोश

## बरसात में कीचड़ में रहने को मजबूर लोगों ने कंपनी के यार्ड का घेराव किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर मल्ली बमोरी वार्ड-48 के पार्षद मुकुल बल्यूटिया के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने यूयूएसडीए कंपनी के स्टोर (यार्ड) में जाकर कंपनी के अधिकारियों का घेराव कर 15 दिन के भीतर समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेताया कि अगर 15 दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र के लोग कंपनी के मुख्य गेट में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन को मजबूर होगे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया कि कार्य शुरू हुए नौ महीने से अधिक का



समय हो गया है, लेकिन अभी तक वार्ड की एक भी सड़क पूर्ण रूप से नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि सड़कों की खराब स्थिति के कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतें हो रही हैं। बरसात में कीचड़ में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी के मैनेजर को आने की सूचना देने के बावजूद कोई भी अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं था। प्रोजेक्ट मैनेजर प्रदीप मेहता और शहरी विभाग के जेई रविंद्र चिलवाल ने समस्या सुनी और पंद्रह दिन के भीतर सभी समस्याएं पूरी करने का आश्वा. सन दिया। इधर लोगों ने चेताया कि अगर 15 दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो वे कंपनी के मुख्य गेट पर तालाबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन को मजबूर होंगे। इस दौरान सुरेश तिवारी, मोहन जंतवाल, बीए पांगती, धीरेन्द्र पांगती, ललित तिवारी, दीप जोशी, पवन महाजन, मदन बिष्ट, कमल पलडिया, हरेन्द्र धपोला, रामदत्त शर्मा, महेश बिष्ट, कमलेश बर्गली, हरीश पंचपाल, अर्जुन सिरोही, दीपक मेलकानी, सीता पांगती, प्रेमा, नंदा रावत, पुष्पा, शांति पांगती, रेनू मर्तोलिया, दमंयती रावत, मीना रावत आदि शामिल थे।

# वर्दी पहनकर रील बनाना पड़ गया भारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर पुलिस की वर्दी पहनकर वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। दो युवकों को हिरासत में लेकर उनसे वीडियो हटवाया गया और पुलिस अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई। एसएसपी पीएन मीणा ने सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो का संज्ञान लिया, जिसमें दो युवक पुलिस वर्दी पहनकर वीडियो बना रहे थे। इस पर एसएसपी ने तुरंत कोतवाल राजेश यादव को जांच के निर्देश दिए। जांच में दोनों युवकों की पहचान हल्द्वानी निवासी दिनेश और मुखानी निवासी दिव्यांश के रूप में हुई। पूछताछ पर उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्दी स्थानीय बाजार से खरीदी थी। पुलिस ने उनसे वीडियो हटवाया और उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के तहत चालान कार्रवाई की। एसएसपी मीणा ने स्पष्ट किया कि पुलिस वर्दी मर्यादा, अनुशासन और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा वर्दी का मज़ाक उड़ाना या गलत इस्तेमाल करना कानूनी अपराध है और समाज में भ्रम पैदा करता है। ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। दोनों युवकों ने पुलिस के सामने माफी मांगते हुए लिखित आश्वासन दिया कि भविष्य में वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे। उन्हें वर्दी के सम्मान को बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसे मामलों पर नजर रखी जा रही है और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# ढोंगी बाबाओं के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** धर्म का चोला ओढ़ कर लोगों से ठगी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने (ऑपरेशन कालनेमि) अभियान की हल्द्वानी में भी धरपकड़ शुरू कर दी है। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर जिले में एक साथ चेकिंग शुरू की गई। एसपी क्राइम डा.जगदीश चंद्र धर-पकड़ के लिए खुद सड़क पर उतरे। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य में ऑपरेशन कालनेमि की शुरुआत की गई।



जिसका उद्देश्य समाज में ढोंग, अंध. विश्वास और धार्मिक आस्था के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी बाबाओं की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचाना है। जिसके बाद शहर में सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना और चौकी प्रभारी टीम के साथ सड़क पर उतरे और अपने-अपने क्षेत्रों में ढोंगियों की पहचान शुरू की। इसके तहत सघन चेकिंग और वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसके अलावा पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, डेरे, आश्रमों और अन्य धार्मिक गतिविधियों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है। पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि वह ऐसे लोगों की सूचना उन्हें दें। एसएसपी पीएन मीणा ने कहा कि जनता की आस्था के साथ किसी भी हाल में कोई खिलवाड़ न कर सके, धर्म की आड़ में ठगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और जो ठगी करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# सोते वक्त किंग कोबरा ने डसा, महिला की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर में सो रही एक महिला को किंग कोबरा ने डस लिया। आनन फानन में परिजनों द्वारा महिला को उपचा के लिए पहले स्थानीय अस्पताल किच्छा व फिर रूद्रपुर लाया गया। जहां पर महिला की हालत नाजुक होने पर उसे सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। जहां सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं महिला के मायके वालों के हल्द्वानी न पहुंचने पर आज शनिवार को शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। रविवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में महिला का पोस्टमार्टम किया जायेगा। जानकारी के अनुसार मूल रूप से तमकुही रोड कुशीनगर गोरखपुर निवासी अमित चौधरी में किच्छा में प्राइवेट नौकरी करते हैं और पत्नी रीता देवी व मां के साथ यहीं रहते हैं। बताया जा रहा कि दो साल पहले ही अमित और रीता की शादी हुई थी। अमित के अनुसार बीते शुक्रवार रात सभी लोग घर में सोए थे। रात करीब ढाई बजे किंग कोबरा ने रीता को डस लिया। उसके डलते ही रीता चीख पड़ी। आनन-फानन में उसे किच्छा के एक अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे रुद्रपुर रेफर कर दिया, लेकिन तब तक उसकी हालत बिगड़ती गई। जिसके बाद उसे वहां से हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# एकता जनसेवा फाउंडेशन की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंबेडकर नगर स्थित पंचायत भवन में एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल की मासिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में एकता जन सेवा फाउंडेशन की तरफ से भारत रत्न सम्मानित ऑस्मिन के आगमन पर रणनीति तैयार की गई। इसमें प्रशासन से सहयोग की अपील की गई है। नवनियुक्त प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर दास पाल ने कहा कि संगठन महिलाओं पर हो



रहे अत्याचारों को रोकने के लिए कार्य कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। शीघ्र ही तारिख व स्थान का चयन किया जाएगा। बैठक में संगठन के प्रदेश नवनियुक्त संगठन मंत्री जीतू सागर, नवनियुक्त प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर दास पाल, नव नियुक्त महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष शशि गुप्ता, नगर सचिव लक्ष्मी देवी, मोहम्मद नबी, रिंकी कश्यप, प्रकाश आर्य, शिवम सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# डॉक्टर को व्यापारियों ने दौड़ा दौड़ाकर पीटा

**हल्द्वानी।** भीमताल से घूमकर हल्द्वानी लौट रहे एक डाक्टर को व्यापारी और उसके दोस्तों ने बुरी तरह पीट दिया। एचएमटी के पास किसी बात पर विवाद हुआ था। आरोपियों ने पहले उसे एसटीएटी पर पीटा। उसका काठगोदाम तक पीछा किया और फिर पीटा। इस मामले का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर व्यापारी और उसके एक दोस्त पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे डा. शुभम वर्मा ने काठगोदाम पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गुरुवार रात वह भीमताल से घूमकर लौट रहे थे। इसी दौरान एचएमटी के पास एक वर्ना कार के भीतर बैठे दो युवकों ने उनके वाहन के आगे अपनी गाड़ी लगा दी और गाली गलौज करने लगे। आरोप लगाया कि वह नशे में धुत थे। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर दी। जिसमें वह बुरी तरह चोटिल हो गए। कहा कि बमुश्किल यहां से वह बचकर निकले लेकिन काठगोदाम तक गाड़ी का पीछा करके उसे रोक लिया और यहां भी बीच सड़क उसके साथ मारपीट करने लगे। जिसकी रिकॉर्डिंग सीसीटीवी में कैद है। थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि डाक्टर की तहरीर के आधार पर शुभम नाक के एक युवक के अलावा एक अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# दिव्यांगों को कुशल करेगा 'सेवालय'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सेवालय का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर व संसाधन विहीन दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। वर्तमान में सेवालय में 18 बच्चे रह रहे हैं, जिनमें 2 दृष्टिबाधित, 3 मानसिक दिव्यांग और 15 मूकबधिर हैं। संस्था इन बच्चों को न केवल रहने-खाने की मूलभूत सुविधाएं दे रही है, बल्कि उन्हें रोजगारपरक स्किल्स सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य कर रही है। सेवालय का यह प्रयास न केवल एक सामाजिक मिशन है, बल्कि उन बच्चों के जीवन में आशा की किरण भी है, जिन्होंने अब तक सपने देखना भी नहीं सीखा



था। यह बात जय शारदा जनकल्याण समिति (सेवालय) के संचालक रोी. हत जोशी ने कहीं। शनिवार को कालाढूंगी रोड स्थित सेवालय भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए सेवालय संचालक रोहित व अध्यक्ष नीमा भट्ट ने संयुक्त रूप से कहा कि दिव्यांग बच्चों के लिए समर्पित सेवालय संस्था अब एक नई दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। 14 जुलाई से सेवालय अब दिव्यांग बालिकाओं को भी कौशल प्रशिक्षण देगा। उन्होंने बताया बताया कि यह पहल विशेष रूप से उन बालिकाओं के लिए होगी जो संसाधनों के अभाव और ग्रामीण परिवेश के कारण शिक्षा और आत्मनिर्भरता से दूर रही हैं। उन्होंने कहा संस्था किसी भी सरकारी या बाहरी आर्थिक सहायता के बिना बच्चों की सेवा कर रही है। उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य है कि अगले दो वर्षों में कम से कम 50 बालक और 50 बालिकाओं को सेवाओं से जोड़कर उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाए। सेवालय उन्हें न सिर्फ सपने देखने, बल्कि उन्हें साकार करने की राह भी दिखा रहा है। पत्रकार वार्ता में भावना जोशी, अनुप्रिया, यामिनी बिष्ट, गीता कार्की, निर्मला पंत, प्रियांशी भट्ट मौजूद थी।

# जेवरों से भरा बैग खोया, बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सीसीटीवी कंट्रोल रूम टीम की संवेदनशीलता और सतर्कता से एक व्यक्ति का सोने के जेवरों का बैग कहीं गिर जाने के बाद उसे वापस मिल गया। दरअसल भगवत शर्मा पुत्र इंद्रपाल शर्मा निवासी गौलापार सिंधी चौराहे पर चाय की स्टॉल लगाते हैं। शनिवार सुबह 11 बजे वह अपने भाई व पत्नी के जेवर लेकर लोन के लिए बाजार जा रहे थे। वह अपने दोपहिया वाहन से मंगलपड़ाव रामपुर रोड कैंसर अस्पताल रोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। इस दौरान उनका महत्वपूर्ण दस्तावेजों और जेवरों से भरा बैग बाइक से अनजाने में कहीं गिर गया। लोन कार्यालय पहुंचने पर सोने के जेवरों वाला बैग गायब होने की जानकारी होते ही भगवत शर्मा के पैरों तले जमीन खिसक गयी। बेहद घबराए हालत में भगवत मंगलपड़ाव चौकी पहुंचे, जहां उन्होंने कांस्टेबल संतोष को सूचना दी। भगवत को सीसीटीवी कंट्रोल रूम लाया गया। सीसीटीवी प्रभारी जितेन्द्र सिंह व उनकी टीम ने तत्काल विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पाया कि रामपुर रोड पर बैग बाइक से गिरा था जिसे एक महिला स्कूटी चालक ने उठा लिया था। टीम के प्रयासों से स्कूटी के नंबर के माध्यम से महिला तक पहुंच बनाकर संपर्क किया गया। महिला को कंट्रोल रूम बुलाकर जब बैग खोले गए तो सभी जेवरात और दस्तावेज सुरक्षित पाए गए। भगवत शर्मा ने बताया कि यह सोने के जेवर वर्षों की मेहनत से जुटाई गई पूंजी है जिससे वह अपने जीवन की पहली संपत्ति एक प्लॉट की रजिस्ट्री करने वाले थे। जेवर मिलते ही उनकी आँखों में आंसू आ गए और उन्होंने नैनीताल पुलिस व कंट्रोल रूम टीम का आभार व्यक्त किया।

# खसरा-खतौनियों में त्रुटियों का निस्तार हो

## उत्तराखण्ड कार्मिक एकता मंच ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड कार्मिक एकता मंच ने एसडीएम को ज्ञापन देकर हल्द्वानी तहसील के विभिन्न क्षेत्रों में बंदोबस्त प्रक्रिया के उपरांत खसरा खतौनियों में हुई त्रुटियों का समयबद्ध निस्तारण कराये जाने की मांग की है। इधर विधायक बंशीधर भगत ने भी एसडीएम को एकता मंच द्वारा उठाई गई इस समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम राहुल साह ने बंदोबस्त प्रक्रिया में हुई त्रुटियों को समयबद्ध निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रमेश चंद्र पाण्डे ने एसडीएम को बताया कि तहसील हल्द्वानी के विभिन्न क्षेत्रों में बंदोबस्त प्रक्रिया के उपरांत खसरा खतौनियों में



खाताधारक का नाम, खतौनी संख्या जैसी कई त्रुटियां उजागर होने के बाद इन्हें संशोधन कराने के लिए आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। विभागीय स्तर से हुई त्रुटियों को संशोधित कराने के लिए महीनों तक विभाग के चक्कर काटने से बेवजह समय और धन की हानि के साथ ही मानसिक तनाव से भी गुजरना पड़ रहा है। कुछ अल्प वेतनभोगी कर्मचारियों और शिक्षकों ने मुखानी में 10 वर्ष पूर्व ;ण लेकर फ्लैट/जमीन क्रय किये गये थे। बंदोबस्त प्रक्रिया के बाद इनमें नई खतौनी संख्या दर्ज करने में त्रुटि हो गई। इस त्रुटि के संज्ञान में आने पर सम्बंधित द्वारा माह 25 अप्रैल को एसडीएम को संशोधन के लिए आवे. दन दिया गया जिसे उन्होंने तहस. ीलदार को अग्रसारित किया। तहस. ीलदार की और से पटवारी से आख्या मांगी गई। पटवारी ने संबंधित खाताधारक को नैनीताल के रिकार्ड रूम से 7 प्रपत्रों की नकल लाने को कहा। वहां से अभिलेख लाने के बाद पटवारी ने तहसीलदार को प्रेषित आख्या में स्पष्ट उल्लेख किया कि त्रुटिवश खसरा नम्बर 242 ख के स्थान पर 242 क हुआ है। तहस. ीलदार के स्तर से 24 जून और 5 जुलाई को दो बार सुनवाई भी की जा चुकी है लेकिन संशोधन सम्बन्धी पत्रावली एसडीएम को भेजने में बेवजह विलम्ब किया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम से इस प्रकार के प्रकरणों का त्वरित व समयबद्ध निस्तारण कराने का आग्रह किया।

# बच्चों को शैक्षिक सामग्री बांटी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड नौकरी प्रबंधन परामर्श ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल करते हुए स्थानीय सरकारी विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री जैसे कॉपी, पेन-पेंसिल आदि वितरित की गई और उनके साथ ज्ञानवर्धक गति. विधियाँ भी कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नशे की आदतों से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषयों में गहरी रुचि दिखाई। यह पूरी गतिविधि उत्तराखंड नौकरी प्रबंधन परामर्श की समर्पित टीम द्वारा संचालित की गई, जिसमें कर्मचारियों हिमानी, प्रियांशी, अंजली, हर्षिता ने सक्रिय भागीदारी निभाई और कार्यक्रम का नेतृत्व कमलेश मेहरा द्वारा किया गया। संस्था का उद्देश्य सिर्फ शैक्षणिक सहयोग देना नहीं, बल्कि बच्चों को एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। भविष्य में भी संस्था इस प्रकार के जागरूकता अभियान जैसे साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और करियर मार्गदर्शन से बच्चों को लाभान्वित करती रहेगी।

## दुकानें हटने से रोजी-रोटी का संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग के भूमियाधार क्षेत्र में जिला प्रशासन ने बीते दिनों वहां लगी दुकानों को हटा दिया गया। इसके संबंध में ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। दूसरी ओर पूर्व बीडीसी मेंबर जीवन आर्य में बताया कि दुकान हटाने से की रोजी.रोटी संकट आ गया है। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि यह दुकानें स्थानीय महिलाओं और स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाई जा रही थी जिसको जिला प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त तोड़ी गई दुकानों को पुनः निर्माण कराया जाए जिससे ग्रामीणों की रोजी-रोटी पर संकट ना आए। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की है कि जल्द से जल्द उनकी दुकानों को पुनः निर्माण किया जाए जिस संबंध में उन्होंने विधायक सरिता आर्या के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय

**● रूट के टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच, गिल के सीरीज में 600 रन पूरे**

**लाड्र्स, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। जसप्रीत बुमराह देश से बाहर टेस्ट में सबसे ज्यादा 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने। वहीं। बुमराह के 450 विकेट पूरे जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में बेन स्टोक्स का विकेट लेने के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 450 विकेट पूरे कर लिए। बुमराह के नाम टेस्ट में 215, वनडे में 149 और टी-20 में 89 विकेट हैं। बुमराह ने पहली पारी में 5 विकेट भी लिए। टेस्ट में उन्होंने 15वीं बार 5-विकेट लिए। यह घर से बाहर उनका 13वीं बार 5-विकेट हाल रहा।

बुमराह घर से बाहर सबसे ज्यादा 5-विकेट लेने वाले भारतीय बने। उन्होंने कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 बार 5-विकेट लेने का रिकार्ड था। रूट ने भारत के खिलाफ 11वां टेस्ट शतक लगाया इंग्लैंड के सबसे सफल बैटर जो रूट ने शतक लगा दिया। यह टेस्ट में उनका 37वां शतक रहा, इस मामले में उन्होंने आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा। जिनके नाम 36 टेस्ट शतक हैं। रूट ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सेंचुरी लगाने के मामले में स्मिथ



की बराबरी भी कर ली। दोनों के नाम 11-11 टेस्ट शतक हैं। बुमराह ने रूट को 15वीं बार आउट किया जो रूट को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड किया। इसी के साथ बुमराह इंटरनेशनल क्रिकेट में रूट को सबसे ज्यादा बार आउट करने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 15वीं बार रूट को पवेलियन भेजा। बुमराह ने आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने रूट को 14 बार पवेलियन भेजा है। रूट सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बने जो रूट ने भारत की बैटिंग के दौरान करुण नायर का स्लिप में कैच पकड़ा।

इसी के साथ वे बतौर फील्डर टेस्ट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले प्लेयर बन गए। रूट ने भारत के ही राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 210 कैच थे। रूट के 211 कैच हो गए। जैमी स्मिथ सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले विकेटकीपर इंग्लैंड के विकेटकीपर जैमी स्मिथ सबसे कम गेंदों में एक हजार टेस्ट रन बनाने वाले विकेटकीपर बने। उन्होंने पाकिस्तान के सरफराज अहमद का रिकार्ड तोड़ा, जिन्होंने 1311 गेंदों में 1000 रन पूरे किए थे। स्मिथ ने 1303 गेंदों पर ही हजार रन बना लिए। शुभमन इंग्लैंड में 600 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय शुभमन गिल लाड्र्स टेस्ट की पहली पारी में 16 ही रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, उन्होंने इतने कम रन के बावजूद मौजूदा सीरीज में 600 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ शुभमन इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 600 प्लस रन बनाने वाले दूसरे ही भारतीय बने। उनसे पहले 2002 में राहुल द्रविड़ 602 रन बना चुके हैं। गिल के नाम फिलहाल 601 रन हैं। गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान भी बन गए। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली का रिकार्ड तोड़ा। जिन्होंने 2018 में 593 रन बनाए थे।

# 'लॉड्र्स क्रिकेट का घर है, तो विंबलडन टेनिस का मक्का है': सचिन

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन 2025 में सचिन तेंदुलकर ने विंबलडन में जाने के अपने अनुभव, टेनिस के दिग्गजों के प्रति अपनी प्रशंसा और क्रिकेट तथा टेनिस के बीच आश्चर्यजनक समानताओं को साझा किया। अपने जीवन में विंबलडन के महत्व पर सचिन ने कहा कि यह अविश्वसनीय है

। जैसे लोग कहते हैं कि लॉड्र्स क्रिकेट का घर है, वैसे ही यह टेनिस का मक्का है। मैं विंबलडन देखते हुए बड़ा हुआ हूं, और सात-आठ साल की उम्र से ही, जब मैंने टेनिस को थोड़ा-बहुत समझना शुरू किया, तब से मेरे लिए हमेशा विंबलडन सबसे पहले और फिर



बाकी ग्रैंड स्लैम ही रहे हैं। इसलिए मेरे लिए, यह सर्वश्रेष्ठ है। मैंने कई टेनिस खिलाड़ियों से बात की है, और वे सभी इस टूर्नामेंट को सबसे ऊपर मानते हैं। सचिन ने विंबलडन के प्रतिष्ठित माहौल और उसके आकर्षण पर कहा कि मुझे रॉयल बॉक्स खास तौर पर बहुत पसंद है-वहां का माहौल बेजोड़ है। बैठकर मैच देखने के लिए यह सबसे अच्छी जगह है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में किए बदलाव

**जिंकग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में बदलाव करते हुए स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड की जगह क्रमशः सलामी बल्लेबाज जेक फेजर-मैकगर्क और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया है। राष्ट्रीय अनुबंध से चूकने के बाद, फेजर-मैकगर्क अपनी शानदार फॉर्म को पीछे छोड़कर कैरेबियाई सरजमीं पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करना चाहेंगे। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफीका श्रृंखला की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे, जबकि जॉनसन अभी अपनी पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 14 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 12 जीते हैं और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की उम्मीद करेगा।

### पोलार्ड और पूरन की बदौलत मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क फाइनल में

**डालास, वार्ता।** मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने शुक्रवार को चैलेंजर्स में टेक्सास सुपर जिंकग्स को सात विकेट से हराकर मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुंबई इंडियंस न्यूयॉर्क ने तीन साल में दूसरी बार मेजर लीग क्रिकेट के फाइनल में प्रवेश किया है। लेकिन इस बार पहले सात मैचों में छह हार झेलने के बाद। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर, स्मित पटेल और फाफ डु प्लेसिस ने सतर्क शुरुआत की। स्मित ने शुरुआती ओवर में कुछ चौके लगाए, लेकिन इसके अलावा उन्होंने संयमित स्ट्रोक्स खेले। चौथे ओवर में डु प्लेसिस ने तेजी से रन बनाना शुरू किया और ट्रिस्टन लुस की गेंद पर एक छक्का और एक चौका जड़ा।

# ऋषभ पंत ने की धोनी की बराबरी

**● पहली पारी में अर्धशतक लगाकर सेना देशों में सर्वाधिक बार 50, स्कोर करने वाले भारतीय विकेटकीपर बने**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज )षभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ लाड्र्स टेस्ट मैच के तीसरे दिन पहली पारी में अर्धशतक लगाया। पंत विकेटकीपिंग करने के दौरान चोटिल हो गए थे, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने केएल राहुल का अच्छा साथ निभाया।

पंत ने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। पंत का यह इंग्लैंड के खिलाफ छठा टेस्ट अर्धशतक है। पंत इसके साथ ही एक और उपलब्धि अपने नाम करने में सफल रहे। पंत अर्धशतक लगाने के साथ ही महेंद्र सिंह धोनी की बराबरी पर पहुंच गए हैं। पंत सेना देशों यानी दक्षिण अफीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में





सबसे ज्यादा बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। पंत ने 53 पारियों में 13वीं ऐसा किया है, जबकि धोनी ने सेना देशों में 60 पारियों में 13 बार 50 प्लस स्कोर बनाया है।

इस मामले में तीसरे स्थान पर फारूख इंजीनियर हैं जिन्होंने 33 पारियों में सात बार और किरण मोरे ने 24 पारियों में पांच बाच ऐसा किया है। इतना ही नहीं पंत संयुक्त रूप से इंग्लैंड में सर्वाधिक बार 50 प्लस स्कोर बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में भी धोनी की बराबरी कर ली है। धोनी और पंत दोनों ने इंग्लैंड में आठ-आठ बार 50 प्लस स्कोर बनाए हैं। पंत का बल्ला इंग्लैंड में जमकर चल रहा है और वह इंग्लैंड में एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले मेहमान टीम के बल्लेबाज बन गए हैं। पंत अब तक इस दौरे पर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं और उन्होंने इस मामले में टाम ब्लंडेल को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने 2022 में 383 रन बनाए थे। वहीं, वेन फिलिप्स ने 1985 में एशेज सीरीज के दौरान 350 और महेंद्र सिंह धोनी ने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर 349 रन बनाए थे। राहुल और पंत के बीच चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई है।

# जडेजा-रेड्डी ने भारत को 300 पार पहुंचाया

**● दोनों ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप की, केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए**

**लाड्र्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। शनिवार को मुकाबले का तीसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। टीम इंडिया ने पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 317 रन बना लिए हैं।

रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी क्रीज पर हैं। इससे पहले भारतीय ओपनर केएल राहुल 100 रन पर आउट हुए। टेस्ट क्रिकेट में 100वीं बार कोई बैटर 100 पर आउट हुआ है। जडेजा और रेड्डी के बीच नाबाद 63 रन की पार्टनरशिप हो चुकी है। टीम ने 254 के स्कोर पर 5वां विकेट गंवाया था।



केएल राहुल (100 रन) को शोएब बशीर ने हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। ऋषभ पंत लंच से ठीक पहले 74 रन बनाकर रनआउट हुए। भारत ने तीसरे दिन 145/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। मुकाबले के दूसरे दिन इंग्लैंड की टीम 387 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पंत इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के (36 छक्के) लगाने वाले बैटर बने। उन्होंने विवि रिचड्र्स के 34 छक्के का रिकॉर्ड तोड़ा है। तीसरे दिन का दूसरा सेशन भी भारतीय टीम के नाम रहा। 25.3 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 68 रन बनाए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 316/5 रहा। 90वें ओवर में बेन स्टोक्स की बाउंसर नीतीश कुमार रेड्डी के सिर पर लगी। 141 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड की बाल गुड लेंथ से अंदर आई और रेड्डी के कान के पास लगी, हालांकि फिजियो के निरीक्षण के बाद रेड्डी ने खेलना जारी रखा।

88वें ओवर में रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्डी ने छठे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की पहली बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 84वें ओवर में 4वीं बाल पर जडेजा ने एक रन दौड़कर टीम के लिए 300वां रन बनाया। भारतीय ओपनर केएल राहुल ने लाड्र्स में दूसरा शतक लगा दिया है। उन्होंने 67वें ओवर में जोफ आर्चर की बाल पर एक रन लिया और शतक पूरा किया। उन्होंने लाड्र्स स्टेडियम में दूसरा शतक लगाया। यह राहुल का टेस्ट में 10वां शतक है।

# अविनाश मोनाको डायमंड लीग स्टीपलचेज से हुए बाहर




**मोनाको, वार्ता।** एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के ओलंपियन अविनाश साबले को शनिवार को मोनाको डायमंड लीग 2025 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ के शुरुआती दौर में गिरने के बाद दौड़ से हटना पड़ा। स्टेड लुइस द्वितीय स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा कर रहे 30 वर्षीय भारतीय एथलीट ने दौड़ शुरू करने के एक मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बाद ही पानी में कूदते समय एक अन्य प्रतियोगी का पैर फिसल जाने के कारण लड़खड़ाकर गिर पड़े। इस घटना के कारण सेबल को घायल अवस्था में ट्रैक से बाहर निकलना पड़ा और वह लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दौड़ पूरी नहीं करने (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। उन्हें सहारा देकर स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया।

चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है। इस बीच एक अन्य भारतीय धावक अनिमेष कुजूर उसी स्थान पर आयोजित अंडर-23 वर्ग में पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में पोडियम पर पहुंचने से चूक गए। अनिमेष कुजूर 20-55 सेकंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहे। ऑस्ट्रेलिया के उभरते सितारे गाउट गाउट ने 20-10 सेकंड के समय के साथ यह स्पर्धा जीती।

# इटली, नीदरलैंड ने किया क्वालीफाई

**● यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है**

**हेंग (स्विट्जरलैंड), वार्ता।** इटली और नीदरलैंड ने भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह पहली बार है जब इटली ने किसी आईसीसी क्रिकेट विश्वकप में जगह बनाई है।

स्विट्जरलैंड के हेग में खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में नीदरलैंड ने इटली को नौ विकेट से हराया, जबकि जर्सी ने स्कॉटलैंड को आखिरी गेंद पर एक विकेट से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस हार के साथ स्कॉटलैंड पहली बार पुरुष टी-20 विश्वकप में जगह बनाने में नाकाम रहा। अंक तालिका में




इटली क्रिकेट टीम और जर्सी दोनों के पांच-पांच अंक थे, लेकिन बेहतर नेट रन रेट के आधार पर इटली ने विश्वकप के मुख्य राउंड में अपनी जगह पक्की की। अब तक कुल 15 टीमें पुरुष टी-20 विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। ईस्ट-एशिया पैसिफिक क्वालीफायर से तीन और अफीका से दो टीमें मिलकर कुल 20 टीमों की अंतिम सूची पूरी करेंगी। इटली की क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित ओवरों में 7 विकेट गंवाकर 134 रन बनाए। इटली ओर से नंबर छह और सात स्थान पर बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। बेन मानेनटी ने 30 और ग्रांट स्टुअर्ट ने 25 रन बनाए। नीदरलैंड के लिए रोएलोफ वैन डर मेर्व सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 15 रन देकर 3 विकेट लिए और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इटली के 134 रनों जवाब में, नीदरलैंड के सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डाउड 47 और माइकल लेविट ने 34 रन बनाए। आठवें ओवर में लेविट का विकेट गिरा, जिसके बाद कप्तान स्कॉट एडवड्र्स (नाबाद 37) ने मैदान में कदम रखा और ओ'डाउड के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़कर अपनी टीम को जीत के साथ टी-20 विश्वकप में जगह दिला दी। दिन के दूसरे मुकाबले में जर्सी ने पहली बार स्कॉटलैंड को हराया, लेकिन उनकी खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि 15वें ओवर में उन्हें इटली द्वारा अपनी जगह पक्की करने की खबर मिली और इसके साथ ही वे नेट रन रेट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

### भारतीय बॉस्केटबॉल महिला एशिया कप में कल कजाकिस्तान से भिड़ेगी


**शेनझेन (चीन), वार्ता।** भारतीय बास्केटबॉल टीम रविवार को चीन के शेनझेन बे स्पोर्ट्स सेंटर में फीबा महिला एशिया कप 2025 ग्रुप बी मुकाबले में कजकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। फीबा महिला एशिया कप बॉस्केटबॉल के 31वें संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लें रही है और उन्हें क्रमशः ग्रुप ए और बी में आठ-आठ देशों में विभाजित किया गया है। 2021 में रेलीगेशन के बाद 2023 में टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भाग न लेने के बाद, भारत इस वर्ष के फीबा महिला एशिया कप में पूल बी में प्रतिस्पर्धा करेगा। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीमें सीधे सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# अल्काराज विंबलडन के फाइनल में पहुंचे

## सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को हराया, सिनर से होगा खिताबी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने लगातार तीसरे साल विंबलडन मेंस सिंगल्स के फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने सेमीफाइनल में अमेरिका के टेलर फ्ट्रिज को हरा दिया। फाइनल में उनका सामना वर्ल्ड नंबर-1 इटली के जैनिक सिनर से होगा। सिनर ने विंबलडन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराया।

मेंस सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में अल्काराज ने वर्ल्ड नंबर-5 फ्ट्रिज के खिलाफ पहला सेट 6-4 से जीता। फ्ट्रिज ने वापसी की और 7-5 से दूसरा सेट जीत लिया। तीसरे सेट में अल्काराज ने कमबैक किया और 6-3 से सेट जीतकर बढ़त बना ली। चौथे सेट में बराबरी की टक्कर दिखी, लेकिन अल्काराज



ने 7-6 (8-6) से आखिरी सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अल्काराज ने 2023 से लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने पिछले दोनों बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ही खिताबी मुकाबला हराकर ट्राफी जीती थी। 2024 में मुकाबला 5 सेट तक चला, लेकिन 2023 में अल्काराच ने 3 सेट में ही खिताब जीत लिया। जोकोविच अब दूसरे सेमीफाइनल में सिनर को हराकर फाइनल में पहुंच सकते हैं। जोकोविच विंबलडन से बाहर जोकोविच को सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 सिनर ने सीधे सेट्स (6.3, 6.3, 6.4) से हराया। मैच के दौरान जोकोविच को पुरानी चोटों व उम्र के कारण कई कठिनाइयां झेलनी पड़ीं। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि उम्र का असर निश्चित रूप से टीम पर पड़ता रहा। विमेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने सेमीफाइनल जीता विमेंस डबल्स में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस और रूस की वेरोनिका कुडरमेटोवा की वर्ल्ड नंबर-8 जोड़ी ने फाइनल में जगह बना ली। दोनों ने सेमीफाइनल में अमेरिका की डिजायरे क्रजिक और आस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी की गैरवरीय जोड़ी को 3-6, 6-0, 6-3 के अंतर से हरा दिया। मेंस डबल्स के फाइनल में पहुंची गैरवरीय जोड़ी मेंस डबल्स के सेमीफाइनल मुकाबले भी 10 जुलाई को खेले गए।

### सीरीज के अंतिम मैच में मंधाना व श्री चरणी से उम्मीद

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम में भारत महिला और इंग्लैंड महिला टीम के बीच शनिवार को टी20 सीरीज का अंतिम मैच भले ही सीरीज के समीकरण के लिहाज से खास मायने ना रखता हो लेकिन दोनों ही टीमें अंतिम मैच में जीत हासिल कर वनडे सीरीज का रुख जरूर करना चाहेंगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम पहले ही इंग्लैंड में ऐतिहासिक टी20 सीरीज जीत हासिल कर चुकी है वहीं मेजबान इंग्लैंड की नजरें हार के अंतर को पाटने पर होंगी। महिला टी20 में एजबस्टन में पहली बल्लेबाजी करते हुए सर्वोच्च स्कोर 167 पर दो है। जबकि न्यूनतम स्कोर 46 है। यहां 19 महिला टी20 में 10 बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई है जबकि नौ बार बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम को जीत हासिल हुई।

# शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी

**● एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10-3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया।

बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी। दूसरी नई गेंद 1.869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर। एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा कि ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत।

# प्रो. तौकीर अहमद को मिला प्रतिष्ठित सीआरएसआई ब्रॉन्ज मेडल

## जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली के प्रोफेसर हाइड्रोजन ऊर्जा में शोध के लिए आईआईटी गांधीनगर में किया गया सम्मानित

अख्तर मलिक

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य के रुड़की शहर के गाँव लाठर देवा शेख के निवासी और शाही परिवार के अभिन्न सदस्य प्रोफेसर तौकीर अहमद, जो वर्तमान में भारत की शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक जामिआ मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली में रसायन विज्ञान के पूर्ण प्रोफेसर को वर्ष 2025 के लिए प्रतिष्ठित केमिकल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया सीआरएस का ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किया गया है। यह सम्मान 3 से 5 जुलाई, 2025 को आईआईटी गांधीनगर में आयोजित 35वें सीआरएसआई-एसीएस नेशनल सिम्पोजियम इन केमिस्ट्री एवं एसीएस लेक्चर्स के दौरान दिया किया गया।

सीआरएसआई मेडल रसायन विज्ञान के क्षेत्र में भारत का सर्वोच्च सम्मान है और यह रसायन विज्ञान में उत्कृष्ट योगदान और शोध कार्य के लिए प्रदान किया जाता है। प्रो. अहमद को यह पुरस्कार हाइड्रोजन ऊर्जा और नैनोकैटेलिसिस में उनके उत्कृष्ट और प्रभावशाली अनुसंधान कार्यों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने इस अवसर पर अपना ब्रॉन्ज मेडल लेक्चर डिजाइनिंग ऑफ फंक्शनल हेटरोस्ट्रक्चर्स फॉर स्केलेबल एच2 प्रोडक्शन यूजिंग ओवरऑल कैटालिसिसष शीर्षक से प्रस्तुत किया। केमिकल रिसर्च सोसाइटी ऑफ इंडिया सीआरएसआई की स्थापना वर्ष 1999 में भारत की स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में की गई थी। इसका उद्देश्य रसायन विज्ञान में प्रतिभाओं को पहचानना, बढ़ावा देना और अनुसंधान व शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत करना है। यह संस्था रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री, अमेरिकन केमिकल सोसाइटी, एशियन, जर्मन और फ्रेंच केमिकल सोसाइटीज के साथ सक्रिय सहयोग में कार्य करती है। वैज्ञानिक उपलब्धियों का उज्जवजल इतिहास प्रोफेसर तौकीर अहमद, जो रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री एफआरएससी के फेलो भी हैं, ने अपनी स्नातक की पढ़ाई आईआईटी रुड़की से और पीएच.डी. आईआइटी दिल्ली से की है। उनका शोध कार्य हरित हाइड्रोजन ऊर्जा, सीओटू आरआर और एनआरआर के लिए फंक्शनल हेटरोस्ट्रक्चर्स के डिजाइन पर केंद्रित है,जिसकाउपयोग जलवायु-संवहनीय वातावरण के निर्माण में होता है। उन्होंने 16 पीएच.डी., 88 परास्नातक छात्रों का मार्गदर्शन किया है, 10 अनुसंधान परियोजनाएँ पूर्ण की हैं, 228 शोध-पत्र और 3 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिनके लगभग 10,000 शोध संदर्भ, 59 एच-आइएनटीईएक्स और 186 आई10-आइएनडीईएक्स हैं। वे 206 अंतरराष्ट्रीय जर्नलों के समीक्षक हैं, 219 आमंत्रित/मुख्य वक्ता/विशिष्ट व्याख्यान दे चुके हैं और 70 बाहरी डॉक्टोरल शोध कार्यों का मूल्यांकन कर चुके हैं। वह कई अंतरराष्ट्रीय जर्नलों के संपादकीय बोर्ड में भी हैं। उन्हें एमआरएआई मेडल 2. एसएमसी ब्रॉन्ज मेडल 3. आईएससीएएस मेडल 4. इंस्पायर्ड टीचर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया अवॉर्ड 5. डीएसटी-डीएफजी अवॉर्ड 6. आईआईटी दिल्ली एलुमनी फैकल्टी अवॉर्ड 7.डिस्टिंग्विश्ड साइंटिस्ट अवॉर्ड 8. डॉ. एस. एस. देशपांडे नेशनल अवॉर्ड 9. मौलाना अबुल कलाम आजाद एक्सीलेंस अवॉर्ड 10. टीचर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड और सबसे उल्लेखनीय 11. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका द्वारा वर्ष 2020 से लगातार विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों की सूची में स्थान मिला है। यह सम्मान मिलने पर प्रोफेसर अहमद ने कहा कि उन्हें यह एक प्रतिष्ठित मेडल प्राप्त कर बेहद खुशी और फर्ख महसूस हो रहा है। यह सम्मान हमारे हरित हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्य का प्रमाण है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए अपनी कड़ी मेहनत करने वाली छात्र टीम, सहयोगियों, मार्गदर्शकों, मित्रों और परिवारजनों को धन्यवाद दिया। प्रो. तौकीर अहमद को यह सम्मान मिलने पर उनके मित्रों, शुभ चिन्ताकों, व रुड़की क्षेत्र के सभी मित्रों और लाठर देवा शेख के निवासियों के अलावा रूडकी शहर के बुधिजीवी वर्ग ने उन्हें मुबारकबाद देते हुए कहा कि प्रो. तौकीर ने रसायन विज्ञान क्षेत्र में बेहद उल्लेखनीय कार्य कर अपना परिवार का व रूडकी उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है।

### वैज्ञानिक उपलब्धियों का उज्जवजल इतिहास

प्रोफेसर तौकीर अहमद, जो रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री एफआरएससी के फेलो भी हैं, ने अपनी स्नातक की पढ़ाई आईआईटी रुड़की से और पीएच.डी. आईआइटी दिल्ली से की है। उनका शोध कार्य हरित हाइड्रोजन ऊर्जा, सीओटू आरआर और एनआरआर के लिए फंक्शनल हेटरोस्ट्रक्चर्स के डिजाइन पर केंद्रित है, जिसका उपयोग जलवायु-संवहनीय वातावरण के निर्माण में होता है। उन्होंने 16 पीएच.डी., 88 परास्नातक छात्रों का मार्गदर्शन किया है, 10 अनुसंधान परियोजनाएँ पूर्ण की हैं, 228 शोध-पत्र और 3 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिनके लगभग 10,000 शोध संदर्भ, 59 एच-आइएनटीईएक्स और 186 आई10-आइएनडीईएक्स हैं। वे 206 अंतरराष्ट्रीय जर्नलों के समीक्षक हैं, 219 आमंत्रित/मुख्य वक्ता/विशिष्ट व्याख्यान दे चुके हैं और 70 बाहरी डॉक्टोरल शोध कार्यों का मूल्यांकन कर चुके हैं।



### प्रो. तौकीर को मिले सम्मानों की लम्बी सूची

प्रो. अहमद को पूर्व में भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं जिनमें शामिल हैं:

1. एमआरएआई मेडल 2. एसएमसी ब्रॉन्ज मेडल 3. आईएससीएएस मेडल 4. इंस्पायर्ड टीचर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया अवॉर्ड 5. डीएसटी-डीएफजी अवॉर्ड 6. आईआईटी दिल्ली एलुमनी फैकल्टी अवॉर्ड 7.डिस्टिंग्विश्ड साइंटिस्ट अवॉर्ड 8. डॉ. एस. एस. देशपांडे नेशनल अवॉर्ड 9. मौलाना अबुल कलाम आजाद एक्सीलेंस अवॉर्ड 10. टीचर्स एक्सीलेंस अवॉर्ड और सबसे उल्लेखनीय 11. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका द्वारा वर्ष 2020 से लगातार विश्व के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों की सूची में स्थान।

## कांवड़ के मद्देनजर अतिक्रमण को लेकर पुलिस सख्त

# 40 व्यापारियों के चालान, परखी व्यवस्थाएं

शाह टाइम संवाददाता

**रुड़की।** बाजारों में व्यवस्थाएं बिगड़ने लगी तो पुलिस ने भी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस ने बीटी गंज में 40 व्यापारियों के अतिक्रमण करने पर चालान किए। पुलिस ने 15 हजार का व्यापारियों से जुर्माना भी वसूला है। जबकि कहा कि आगे से अतिक्रमण मिलने पर सामान जप्त किया जाएगा। माइक के प्रयोग पर भी कार्रवाई की बात कही है। इस बीच हल्की-फुल्की पुलिस से भी व्यापारियों की नोकझोंक हुई।



कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। शहर में पटरी से जुड़ने वाले संपर्क मार्गों को बंद किया है। ऐसे में अब आमजनों को भी शहर में काफी दिक्कतों का सामना एक जगह से दूसरी जगह जाने में हो रहा है। काफी रास्ते बंद होने पर अब बाजार के रास्तों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है। इस दौरान काफी आवाजाही बाजारों में बढ़ने पर लोगों को आवागमन में भी दिक्कत होने लगी है। वह दूसरी ओर अतिक्रमण से भी रास्ते छोटे होने लगे। जिसको लेकर शनिवार को गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर आरके सकलानी के नेतृत्व में टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान में पुलिस ने बीटी गंज में अतिक्रमण करने पर 40 दुकानदारों के चालान किए। जबकि 15 हजार का जुर्माना भी व्यापारियों से वसूला है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि ठेलियों पर माइक का प्रयोग होने पर कार्रवाई को चेताया गया है। जबकि एक दर्जन ठेली वालों के भी पुलिस एक्ट में चालान किए है।

# लक्सर के सुनील गुर्जर ने दो गोल्ड सहित पांच मेडल जीतकर किया क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन


## सुनील की मेहनत आगे चलकर बच्चों के लिए बनेगी एक नजीरः चैंपियन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र के ढाडेकी ढाणा में एक युवक ने दो गोल्ड मेडल सहीत पांच मेडल जितकर अपने गांव क्षेत्र प्रदेश देश का नाम रोशन किया है जिसका ग्राम वासियों सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया है।

राजपाल सिंह ग्राम प्रधान ढाडेकी ढाणा ने कहा की हमारे लिए गर्व की बात है की हमारे गांव का लडका दो गोल्ड मेडल शहित पांच मेडल जीत कर आ रहा है जिसका हम सभी ग्रामवासी स्वागत कर रहे हैं । उन्होंने कहा की सुनील कुमार गुर्जर की मेहनत और बच्चों के लिए एक नजीर बनेगी जो बच्चा आगे बढ़ाना चाहता है उसे सुनील की तरह मेहनत करनी पड़ेगी ।

पूर्व विधायक कुवर प्रणव सिंह चौंपियन ने कहा की जिस तरह से सुनील कुमार ने अपनी मेहनत का लोहा मनवाया है और दो गोल्ड मेडल सहित पांच मेडल जितकर आज अपने गांव में आ रहा है जिसका मैं मुख्य सेवक होने के वजह से स्वागत कर रहा हूं उन्होंने कहा ग्राम प्रधान राज्यपाल के द्वारा उस लड़के को 5100 दिये गए मेरे द्वारा एक साफा व तलवार उस लड़के को भेंट की गई है उन्होंने कहा यह गांव का प्रदेश का या देश का सवाल नहीं है सवाल यह है की सुनील कुमार ने कितनी मेहनत की जो आगे और बच्चों के लिए एक नजीर बनने वाली है वहीं सुनील कुमार ने कहा की मुझे मेरे अधिकारियों व मेरे परिजनों



के द्वारा पुरा सहयोग किया गया है और मेरे परिवार ग्रामीणो के द्वारा भी मुझे पुरी तरह से सहयोग किया गया है जिसका नतीजा यह है की मैं अपने अधिकारियों द्वारा दिये गए निर्देशों पर काम कर्ता रहा और आगे बढ़ता रहा आज यही नतीजा है की मुझे दो गोल्ड मेडल शहित 5 मेडलोसे नवाजा गया है उनका स्वागत करने में लकसर शिव चौक पर सैकड़ों ग्राम वासी मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से कांवड़िया घायल पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** गंगाजल लेकर जा रहे एक कांवड़िए को कस्बे में कार ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। और दुर्घटना के बाद गुस्से में आए घायल के साथी कांवड़ियों को समझाकर शांत किया।

दिल्ली द्वारका के सेक्टर 14 के रहने वाले अजीत वर्मा पुत्र पप्पू हरिद्वार से कावड़ लेकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। कस्बे में सहकारी बैंक के पास हाईवे की एक लेन पर मंगलौर की तरफ से आ रही एक कार ने कावड़िए को पीछे से तेज टक्कर मार दी। दुर्घटना में कांवड़िया कार से टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल कांवड़िए को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवाया। हादसे के बाद कुछ कांवड़िए काफी आक्रोशित हो गए। पुलिस ने उन्हें समझाकर शांत किया। नारसन पुलिस चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने बताया कि हादसे में घायल के सर पर चोट लगी है। घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। घायल के परिजनों को भी दुर्घटना की सूचना दे दी गई है।

# सरेआम युवक के पेट में मारा चाकू, दो पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस ने सरेआम एक लड़के के पेट में चाकू मार कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 8 जुलाई को खलील निवासी रायपुर ने पुलिस थाने पर तहरीर दी थी कि मेरे पुत्र मोनू को जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया है उसके पत्र पर संबंधित मुकदमा दर्ज किया गया घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार द्वारा संज्ञान लेते हुए अभियुक्तों की तुरंत गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया उच्च अधिकारियों के आदेश पर क्षेत्राधिकार कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की बताई हुई जगह पर दबिश देकर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया पूछताछ करने पर उन दोनों व्यक्तियों ने अपने नाम वाजिद पुत्र असलम निवासी रायपुर थाना कोतवाली लक्सर सद्दाम पुत्र खलील निवासी उपरोक्त बताएं उनके कब्जे से एक अवेद चाकू बरामद हुआ है।

# ढाबों पर मिली खामियां

**रुड़की।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने होटल, ढाबे और भोजनालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में दो ढाबों पर साफ-सफाई से लेकर अन्य खामियां मिली। टीम ने दो खाद्य पदार्थों के भी सैंपल लेकर जांच को भेजे हैं। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि खाद्य सुरक्षा गढ़वाल मंडल उपायुक्त आर एस रावत के नेतृत्व खाद्य पदार्थों की चेकिंग की जा रही है। शनिवार को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप जैन, योगेंद्र पांडे की टीम ने होटल, ढाबे और भोजनालय का निरीक्षण किया। इस बीच उन्हें दो ढाबों पर खामियां मिलने पर विभागीय कार्रवाई की तैयारी की। इस बीच दो खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर जांच को लैब भेजे हैं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर लंढौरा पुलिस की पूरी तैयारी

शाह टाइम्स संवाददाता

लंढौरा। कावड़ यात्रा दुरुस्त बनाने को लेकर लंढौरा पुलिस ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। यात्रा के दौरान इस्तेमाल होने वाले मार्ग पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों मीट विक्रेताओं को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने तथा यात्रा के दौरान कस्बे में जाम की स्थिति से निपटने को लेकर सभी चौक चौराहों पर पुलिस के साथ साथ एसपीओ तैनात किए गए हैं।

कावंड़ यात्रा के दौरान दिल्ली-मेरठ तथा पंजाब-हरियाणा तथा सहारनपुर से हरिद्वार गंगाजल लेने आने वाले कावडियों के वाहनों के अलावा अन्य सभी वाहनों को लंढौरा से लक्सर होते हुए हरिद्वार भेजा जाता है। 11 जुलाई से शुरू हुई कावंड़ यात्रा को लेकर लंढौरा पुलिस ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है। लंढौरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन चौहान ने बताया कि कस्बे के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों, फल, सब्जी व रेहड़ी वालों को सड़क से पिछे सामान लगाने तथा मीट कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखने की हिदायत दी गई हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान मार्ग अवरुद्ध न हो इसके लिए सभी चौक-चौराहों पर बेरेकेटिंग लगाएं गए हैं। कस्बे में जाम की स्थिति पैदा न हो इसके लिए पुलिस बल के अलावा करीब एक दर्जन एसपीओ नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने शरारती तत्वों व अफवाह फैलाने वालों से सख्ती से निपटने की बात कहते हुए आमजन से सहयोग की अपील भी की है।

# जलसंस्थान के एसई ने पानी और शौचालय की व्यवस्था परखी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जलसंस्थान गंगा के अधीक्षण अभियंता ने कांवड़ पटरी पर विभाग की व्यवस्थाएं परखी है। उन्होंने सहायक अभियंता को समय-समय पर मोबाइल शौचालय की साफ-सफाई के निर्देश दिए। जबकि पानी के टैंकर की शुद्धता को बनाए रखने की बात कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यदि कोई भी कर्मचारी कांवड़ यात्रा में ड्यूटी को गंभीरता से नहीं लेता है तो विभागीय कार्रवाई को भी तैयार रहे।

जलसंस्थान की ओर से कांवड़ पटरी पर पानी और मोबाइल शौचालय की व्यवस्था है। ताकि हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे शिवभक्त को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। पटरी पर जल संस्थान के करीब 22 वॉटर टैंक और जलसंस्थान गंगा के मोबाइल शौचालय रखे गए हैं। ऐसे में पटरी पर स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों ने कांवड़ पटरी पर क्या और कैसी व्यवस्था कि है इसको परखा गया। अधीक्षण अभियंता यशवीर मल ने शनिवार दोपहर से शाम तक कांवड़ पटरी का निरीक्षण किया। उन्होंने सहायक अभियंता जुनैद गोड को कहा कि पानी की शुद्धता का भी ख्याल रखा जाए। कर्मचारी आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। जबकि मोबाइल शौचालय की साफ-सफाई का भी खास ख्याल रखा जाए। निरीक्षण में कांवड़ पटरी पर व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने संतोष जताया है।

# शहर के नामचीन चिकित्सक से मांगी फिरौती

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** शहर के नामचीन चिकित्सक दंपति से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिन फोन नंबरों से चिकित्सकों को कॉल और मैसेज आए हैं। उनके बारे में पुलिस ने पता लगाना शुरू कर दिया है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में एक जाने-माने चिकित्सक का हॉस्पिटल है। चिकित्सक ने बताया कि बीते शनिवार को उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। लेकिन वह फोन नहीं उठा पाए। इसके बाद दोबारा फोन किया गया फिर एक वॉइस मैसेज भेजा गया। जिसमें फोन करने वाले ने खुद को कौशल चौधरी गैंग का गुर्गा बताया था। कहा था कि यह वॉइस मैसेज फिरौती के लिए किया गया है। जबकि सोमवार को भी पत्नी पर भी एक धमकी भरा वॉइस मैसेज भेजा गया था। चिकित्सक दंपति ने पुलिस सुरक्षा की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फोन करने वाले आरोपी के बारे में पता लगाया जा रहा है।

# मंगेतर समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** शादी का झांसा देकर रिश्तेदारी में एक युवक ने युवती से दुष्कर्म कर लिया। दोनों घरों में बातें आम होने पर युवक और युवती की सगाई की गई। अब युवक ने सगाई के बाद निकाह से इनकार कर दिया। पुलिस ने कोर्ट का आदेश पर मंगेतर समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि सद्दाम उर्फ परवेज निवासी गांव बेल्डा चुनारदार नागल जिला सहारनपुर से प्रेम प्रसंग था। जिसके बाद परिवार ने दोनों का रिश्ता कर दिया था। रिश्ते में करीब परिवार ने तीन लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि मंगेतर के परिजनों ने निकाह कराने से इनकार कर दिया है। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि सद्दाम उर्फ प्रवेज, जावेद, हैदर, रुखसाना, अकबर और अंजुम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सैनी जागृति मिशन ने समाज के सैकड़ों मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सैनी जागृति मिशन ने 250 मेधावी छात्र-छात्राओं सहित खेल व संगीत आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस दौरान वक्ताओं ने युवा वर्ग को कड़ी मेहनत और अनुशासन में रहते हुए जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। रुड़की हरिद्वार रोड स्थित पीतांबर फॉर्म के सभागार में मुख्य अतिथि गुलाब सिंह पॉलीटिकल एडवाइजर कनाडा ने कहा कि युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश व समाज की दिशा बदल सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ मदन सैनी चांसलर सिक्किम गुरुकुल विद्यापीठ यूनिवर्सिटी सिक्किम, पवन सैनी चेयरमैन महात्मा गांधी आर्गेनिक यूनिवर्सिटी सिक्किम,सुमेन्द्र सैनी चेयरमैन आर्गेनिक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी सिक्किम,वरिष्ठ समाज सेविका

डॉ मोनिका सैनी हरियाणा, वरिष्ठ समाजसेवी हिसम सिंह सैनी , सुमेर चन्द्र सैनी हरियाणा, राज्य



मंत्री श्यामवीर सैनी ने बोलते हुए कहा कि तरक्की के सभी रास्ते शिक्षा के दरवाजे से होकर खुलते हैं । कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, अनुशासन से प्राप्त की गई संस्कारित शिक्षा के माध्यम से ही युवा हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकता इस दौरान युवा गायक कलाकार संदीप सैनी उर्फ साइन ने धार्मिक/ देश भक्ति गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। इस दौरान सैनी समाज के जिम्मेदार व अभिभावक तथा छात्र मौजूद रहे।

# दिल्ली की विवाहिता से रुड़की में दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** शहर में दिल्ली की विवाहिता से ई रिक्शा चालक ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ई रिक्शा चालक को पुलिस खोज रही है। रुड़की कोतवाली को दिल्ली निवासी विवाहिता ने बताया कि वह गुरुवार को हरिद्वार घूमने आई थी और शाम के वक्त दिल्ली जाने के लिए रुड़की बस अड्डे के पास पहुंची थी। इस बीच एक ई रिक्शा चालक ने उन्हें बताया कि अब कांवड़ यात्रा को लेकर बसों के संचालन की जगह बदली गई है। जिसके बाद वह ई रिक्शा में सवार हो गई। लेकिन ई रिक्शा चालक की नियत बदली और वह उन्हें ट्रेन की पटरी के रास्ते जंगल की ओर ले गया और जहां जबरदस्ती ई रिक्शा चालक ने बलात्कार किया। जिसके बाद वह किसी तरह वहां से निकालकर थाने तक पहुंची। इंस्पेक्टर मनी भूषण श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ई रिक्शा चालक की गिरफ्तारी के हर संभव प्रयास जारी है।

## कावंड़ यात्रा को लेकर विद्युत विभाग अलर्ट

**लंढौरा।** कावड़ यात्रा को लेकर विधुत विभाग के अधिकारी भी अलर्ट मोड़ पर है। कावडियों की सुरक्षा को लेकर विधुत विभाग की और से कावंड़ पटरी मार्ग, रुड़की-लक्सर मार्ग पर लगे विधुत पोलों व सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मरों पर चेतावनी (खतरा) लिखे स्टीकर फ्लैक्स बोर्ड लगाए गए हैं। कावंड़ यात्रा के दौरान दिल्ली-मेरठ, पंजाब-हरियाणा तथा सहारनपुर से हरिद्वार गंगाजल लेने आने वाले कावडियों के वाहनों को नगला इमरती अंडरपास से लंढौरा वाया लक्सर होते हुए बैरागी कैंप हरिद्वार भेजा जाता है। 11 जुलाई से लागू डायवर्जन को ध्यान में रखते हुए विधुत विभाग ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। लंढौरा विधुत उपखंड के एसडीओ गुलशन बुलानी ने बताया कि कावंड़ पटरी मार्ग पर विधुत व्यवस्था हेतु विधुत पोल लगाए गए हैं

# इजरायल गाजा को भुखमरी का कब्रिस्तान बना रहा

## मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए: संयुक्त राष्ट्र एजेंसी

**यरुशलम।** फलीस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इजरायल गाजा में 'हत्या करने की क्रूर और धूर्त योजना' बना रहा है और कहा कि मई से अब तक सहायता मांगने के दौरान लगभग 800 फलीस्तीनी मारे गए हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने शनिवार को एक रिपोर्ट में दी।

यूएनआरडब्ल्यूए प्रमुख फिलिप लाजारिनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी निगरानी में गाजा बच्चों और भूखे लोगों का कब्रिस्तान बन गया है। लाजारिनी गुरुवार को मध्य गाजा के डेर एल-बलाह शहर में पोषण संबंधी पूरक आहार के लिए कतार में खड़े नौ बच्चों और चार महिलाओं सहित 15 लोगों की इजरायली सेना द्वारा हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उनकी यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई है, जहैं चिकित्सा सूत्रों ने बताया है कि 45



फिलिप की यह टिप्पणी गाजा पट्टी में एक और खूनी दिन पर आई

लोग मारे गए हैं जिनमें से 11 राफा में जीएचएफ द्वारा संचालित सहायता केंद्र के पास मारे गए। विवादास्पद अमेरिकी और इजरायल समर्थित जीएचएफ ने मई में परिचालन शुरू करने के बाद से गाजा के संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाले सहायता वितरण नेटवर्क को प्रभावी रूप से दरकिनार कर दिया है, जब इजरायल ने गाजा में दो महीने से अधिक समय से चल रही पूर्ण नाकेबंदी में ढील दी थी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि तब से अब तक 819 फलस्तीनी भोजन का इंतज़ार करते हुए मारे जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 634 लोग जीएचएफ स्थलों के आसपास मारे गए और 185 लोग अन्य मानवीय सहायता काफिलों के पास मारे गए, जिनमें संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित कुछ काफिले भी शामिल हैं।

### इजरायली हमलो में महिलाओं व बच्चों समेत 28 फलस्तीनियों की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में 28 फलस्तीनियों की मौत हो गई है, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि मध्य गाजा के दीर अल-बलाह इलाके में इजरायली हवाई हमलों के बाद मरने वालों में बच्चे और दो महिलाएं भी शामिल हैं। शुक्रवार रात से शुरू हुए इन हमलों में यहां 13 लोगों की जान गई। वहीं, नासेर अस्पताल ने बतााय कि एक पेट्रोल पंप के पास हुए हमलों में चार और लोगों की मौत हुई। दक्षिणी गाजा के खान यूनिस में इजरायली हमलों में 15 अन्य लोगों की जान गई। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि पिछले 48 घंटों में गाजा पट्टी में करीब 250 ठिकानों को निशाना बनाया गया। इनमें हमासे के लड़ाके, विस्फोटकों से भरी इमारतें, हथियारों के गोदाम, एंटी-टैंक मिसाइल लान्च पाइंट, स्नाइपर पोजिशन, सुरंगें और अन्य ढांचे शामिल हैं। हालांकि, आम नागरिकों की मौत को लेकर सेना ने एसोसिएटेड प्रेस के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया।



कर्नाटक। चिक्कमगलुरु में बारिश के दौरान मोटरसाइकिल पर जाते यात्री।

## संक्षिप्त समाचार

### चीन का तियानझोउ-9 मालवाहक यान पहुंचा प्रक्षेपण स्थल पर

**वेनचांग।** चीन के अंतरिक्ष स्टेशन तक सामग्री पहुंचाने वाले तियानझोउ-9 मालवाहक यान और लॉन्ग मार्च-7 वाहक रॉकेट को शनिवार को प्रक्षेपण स्थल पर स्थानांतरित किया गया। यह जानकारी चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने दी। सीएमएसए के अनुसार मालवाहक अंतरिक्ष यान को निकट भविष्य में उचित समय पर प्रक्षेपित किया जाएगा। एजेंसी ने बताया कि वर्तमान में दक्षिणी द्वीपीय प्रांत हैनान स्थित वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल पर सुविधाएं और उपकरण अच्छी स्थिति में हैं।

### लावरोव ने की उत्तर कोरिया के साथ संबंधों की सराहना

**मास्को/प्योंगयांग।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस और उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के बीच के राजनीतिक संबंधों की सराहना की है और इसे 'अजेय भाईचारा' करार दिया। रूसी राज्य मीडिया ताश की शनिवार की रिपोर्ट के मुताबिक लावरोव ने इस बात पर बल दिया कि यह संबंध कुर्स्क क्षेत्र की मुक्ति में रूसी सेना का साथ देने वाले उत्तर कोरियाई सैनिकों की भागीदारी से स्पष्ट रूप से मजबूत हुआ है और यह सैन्य सहयोग का एक अभूतपूर्व स्तर है जो गहरे होते संबंधों को दर्शाता है।

### कैमरून में 12 अक्टूबर को होंगे राष्ट्रपति चुनाव

**याउंडे।** कैमरून में 12 अक्टूबर को राष्ट्रपति चुनाव कराने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति पॉल बिया द्वारा शुक्रवार को हस्ताक्षरित एक आदेश में यह जानकारी दी। आदेश के अनुसार राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह 8:00 बजे शुरु होगा और शाम 6:00 बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव प्रबंधन संस्था इलेक्शन्स कैमरून द्वारा पूर्व में घोषित चुनावी कैलेंडर के अनुसार उम्मीदवारों को 21 जुलाई तक अपने आवेदन पत्र जमा करने होंगे।

# भारत 6 लड़ाकू विमान खोने की बात माने: पाकिस्तान

## शफकत अली खान ने कहा: भारत के दूसरे मिलिट्री ठिकानों को भी गंभीर नुकसान पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नें फिर से भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा।

अली खान ने कहा: भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। दरअसल, अजित डोभाल ने ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहा: भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया।



भारत को नुकसान की खबरें चलाई गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया: डोभाल

ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। वहीं खान ने डोभाल के बयान को झूठे और गलत जानकारी से भरे हुए बताया। अली खान ने कहा-ये बयान जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास हैं। इसके अलावा प्रवक्ता ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सि( ांतों का उल्लंघन बताया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान से पहले 23 मई को सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान मार गिराने का दावा किया था, जिनमें से 3 राफेल थे। उन्होंने यह दावा ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए किया। अली खान ने कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उनका मकसद साफ है, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अब इसके बारे में अधिक जागरूक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआत में, भारत द्वारा फैलाया गया आतंकवाद पाकिस्तान को निशाना बना रहा था, लेकिन हाल के दिनों में यह वैश्विक हो गया है। अगर भारत के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हम इसके परिणाम देख चुके हैं। अली खान ने भारत पर वैश्विक हत्या अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें कनाडा, अमेरिका और अन्य देशों में लोगों को निशाना बनाया गया। आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल बोले कि टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की। हमने सीमापार नौ पाकिस्तानी ठिकानों पर हमले का फैसला किया था। इनमें एक भी ठिकाना बॉर्डर के पास नहीं था। हमारे सभी निशाने सटीक थे। हमने सिर्फ आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाया

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने जवाबी कार्रवाई पर और टैक्स लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मेक्सिको और यूरोपीय यूनियन पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि एक अगस्त से इन दोनों देशों से अमेरिका में आने वाले सामान पर टैरिफ लागू होगा। इस कदम की जानकारी उन्होंने अपने 'ट्रुथ सोशल' प्लेटफॉर्म पर दी।

ट्रम्प ने दोनों को ये भी धमकी दी कि अगर वे जवाबी कार्रवाई करते हैं, तो टैरिफ रेट और बढ़ा दी जाएगी। ट्रम्प ने चिट्ठी में साफ लिखा कि अगर आप जवाबी कार्रवाई करते हैं और टैरिफ बढ़ाते हैं, तो वो जितने भी प्रतिशत हों, मैं उन्हें हमारे 30 प्रतिशत में जोड़ दूंगा। ये वही तरह की चिट्ठी है, जो ट्रम्प ने दुनिया के कई बिजनेस पार्टनर्स को भेजी है, जिसमें अमेरिका में आने वाले विदेशी सामानों पर भारी टैरिफ लगाने की बात की गई है। टैरिफ को लेकर यूरोपीय यूनियन और मेक्सिको, अमेरिका के साथ बीते 6 महीने से बातचीत कर रहे



टैरिफ एक अगस्त से लागू होंगे

थे, लेकिन ट्रम्प के फैसले से यह साफ हो गया है कि उनके बीच डील नहीं हो पाई। यूरोपीय यूनियन दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनामी है। इसमें यूरोप के 27 देश शामिल हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन के बीच हर दिन लगभग 3.5 अरब डालर का व्यापार होता है। वहीं, मेक्सिको अमेरिका का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी में ट्रम्प ने कहा कि एक अगस्त से यह टैरिफ लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई यूरोपीय कंपनी अपने उत्पादों को दूसरे देश के रास्ते ट्रांसशिप कर अमेरिका भेजती है, तो उन पर भी यही टैरिफ लगेगा। ट्रम्प ने यह तर्क दिया कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के बीच व्यापार घाटा बहुत ज्यादा है, और 30 प्रतिशत का यह टैरिफ उसे सुधारने की दिशा में एक जरूरी कदम है। उन्होंने यूरोपीय कंपनियों को यह प्रस्ताव भी दिया कि अगर वे अमेरिका में अपने उत्पाद बनाना शुरू कर दें, तो उन्हें टैरिफ नहीं देना पड़ेगा, और अमेरिकी सरकार तेज और पेशेवर ढंग से मंजूरी देने में मदद करेगी। ट्रम्प ने मेक्सिको के राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी में कहा कि यह टैरिफ मेक्सिको में फैले फेंटेनाइल ड्रग के चलते लगाया जा रहा है। उन्होंने मेक्सिकन ड्रग कार्टेल्स को दुनिया के सबसे बुरा बताया और कहा कि ये कार्टेल्स फेंटेनाइल जैसी घातक दवाओं को अमेरिका में ला रहे हैं।

# यूरोपीय संघ रूस-यूक्रेन युद्ध को चाहता है लम्बा खींचना

**मॉस्को।** यूक्रेन में विपक्ष के नेता विक्टर मेदवेदचुक ने यूरोपीय संघ की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि उसका निहित स्वार्थ यूक्रेन में युद्ध को लम्बा खींचने में है और वह अमेरिका को रूस के साथ व्यापार युद्ध में भी घसीट रहा है।

मेदवेदचुक ने एक बयान में कहा कि यूरोपीय संघ का नेतृत्व, साथ ही संघ के कई देशों का नेतृत्व, सत्ता बनाए रखना चाहता है और इसलिए, एक साझा दुश्मन की आवश्यकता है। यही कारण है कि यूरोप के कई राजनेता यूक्रेन संघर्ष को जारी रखने में रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूरोप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को रूस के साथ व्यापार युद्ध में घसीट रहा है। ट्रम्प के पास हालांकि विश्व राजनीति को शांति की ओर ले जाने के अवसर हैं, लेकिन कई वैश्विक शक्तियां ऐसा नहीं चाहतीं। ये शक्तियां अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी कठपुतली बनाने की कोशिश करेंगी, जैसा कि आज यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की हैं। गत 21 जून को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्काई न्यूज़ अरेबिया को दिए एक साक्षात्कार में कहा था कि यूक्रेन बेहतर भविष्य का हकदार है और उसे तीसरे पक्ष के हाथों की कठपुतली नहीं बनना दिया जाना चाहिए जो संघर्ष को लंबा खींचते हैं और अपने फायदे के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जून में कहा था कि यूक्रेन पर बातचीत की प्रक्रिया उसके रुख और इस बात पर निर्भर करती है कि अमेरिका अपनी मध्यस्थता के प्रयासों को कितनी प्रभावी ढंग से जारी रखता है।

# एल्गोरिथम में हेरफेर को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स फ्रांसीसी जांच के घेरे में

**पेरिस/सैक्रामेंटो।** विदेशी हस्तक्षेप को संभव बनाने और अनुचित डेटा निष्कर्षण के लिए एल्गोरिथम में हेरफेर का हवाला देते हुए पेरिस अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स फ्रांसीसी पुलिस के जांच के घेरे में है। पेरिस अभियोजक लॉरे बेक्वाउ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा इस स्तर पर सोशल मीडिया एक्स पर मुख्य रूप से दो अपराधों का आरोप है-एक संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम के संचालन में बाधा डालना और दूसरा संगठित समूह द्वारा एक स्वचालित डेटा प्रोसेसिंग सिस्टम से धोखाधड़ी से डेटा निकालना। बेक्वाउ ने कहा कि जांच का जिम्मा राष्ट्रीय जेंडरमेरी महानिदेशालय (डीजीजीएन) को सौंपा गया है।


# एप्स्टीन सेक्स स्कैंडल की फाइल्स पर ट्रम्प प्रशासन में विवाद

## एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो दे सकते हैं इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है।

इसके पीछे जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों के खुलासे पर व्हाइट हाउस, एफबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के बीच चल रहा विवाद बड़ी वजह माना जा रहा है। बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है।

एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, बॉनजीनो, बॉन्डी और ट्रम्प की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स की बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बैठक में यह विवाद खुलकर सामने आया। बैठक में



सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है

बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई

यह सवाल किया गया कि क्या एफबीआई की तरफ से एक मीडिया रिपोर्ट लीक की गई थी जिसमें दावा किया गया कि एजेंसी और अधिक जानकारी सार्वजनिक करना चाहती थी, लेकिन जस्टिस डिपार्टमेंट ने रोक दिया। हालांकि, बॉनजीनो ने इस रिपोर्ट को लीक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने उस रिपोर्ट के समर्थन में दिए गए बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। बॉनजीनो और काश पटेल महीनों से बॉन्डी से नाराज थे। बॉन्डी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एफबीआई अभी भी मामले की समीक्षा कर रही है, जबकि वह जांच पहले ही न्याय विभाग को सौंप दी गई थी। इस लेकर नाराजगी और बढ़ गई। बॉनजीनो की नाराजगी का एक और कारण 10 घंटे का एक निगरानी वीडियो है। वीडियो में 1 मिनट की क्लिप गायब थी, जिससे साजिश की अटकलें फैल गईं। इसके लिए बॉनजीनो को जिम्मेदार ठहराया गया। टेस्ला के सीईओ मस्क ने 5 जून को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि डोनाल्ड ट्रम्प का नाम जेफरी एपस्टीन की फाइलों में शामिल है।

मस्क ने एक्स पर लिखा था-अब बड़ा खुलासा करने का टाइम है। डोनाल्ड ट्रम्प का नाम एपस्टीन फाइलों में हैं। यही वजह है कि इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। डोनाल्ड ट्रम्प, आपका दिन शुभ हो। एक अन्य पोस्ट में कहा-इस पोस्ट को भविष्य के लिए नोट कर लें। सच्चाई सामने आएगी। हालांकि, बाद में मस्क ने वो पोस्ट डिलीट कर दी थी और माना कि वह हद से ज्यादा बोल गए थे।

# अमेरिकी विदेश विभाग में 1000 से अधिक लोगों की छंटनी

**वाशिंगटन।** ट्रम्प प्रशासन द्वारा संघीय कार्यबल में कटौती के प्रयासों के अंतर्गत अमेरिकी विदेश विभाग के 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है।

यह जानकारी शनिवार को बीबीसी ने एक रिपोर्ट में दी। शुक्रवार को विदेश विभाग के कर्मचारियों को भेजे गए नोटिस के अनुसार अनैच्छिक कर्मचारी कटौती में 1107 सिविल सेवा और 246 विदेश सेवा के कर्मचारी शामिल हैं। इस वर्ष की शुरुआत में संघीय सरकार के विशाल पुनर्गठन प्रयास के अंतर्गत 1500 से अधिक विदेश विभाग के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रूप से इस्तीफा दिया था। आलोचकों का कहना है कि ये बड़ी कटौती विभाग के काम पर असर डालेंगी। सीबीएस न्यूज के अनुसार, जनसंख्या, शरणार्थी और प्रवासन ब्यूरो में लगभग सभी सिविल सेवा अधिकारियों की छंटनी कर दी गई है। जिन व्यक्तियों को नौकरी से निकाला गया उनमें विदेश विभाग के अफगान पुनर्वास प्रयासों के समन्वयक (केयर) कार्यालय के कर्मचारी भी शामिल हैं। सीनेट की विदेश संबंध समिति के डेमोक्रेट सदस्यों ने एक बयान जारी कर कहा कि विदेश विभाग में सिविल सेवा और विदेश सेवा के सैकड़ों सदस्यों को निकालने का निर्णय हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करता है।

# बांग्लादेश में अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार का आरोप, कहा था: देश में 2046 तक हिंदू नहीं बचेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में जेल भेज दिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक 20 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने बरकत के घर पर छापा मारा था। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

बरकत चार दशकों तक ढाका विश्वविद्यालय में पढ़ा चुके हैं। उन्हें 2009 में पीएम शेख हसीना के शासनकाल में जनता बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। वे हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने साल 2016 में चेतावनी दी थी कि अगर अल्पसंख्यकों पर हमले और उनकी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जारी रहा, तो आने वाले 30 वर्षों में बांग्लादेश में एक भी हिंदू नहीं बचेगा। उनका यह बयान बांग्लादेश में काफी चर्चित हुआ था और कुछ हलकों में विवादित भी था। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने



अबुल बरकत की बेटी बोली: बिना वारंट दिखाए गिरफ्तारी हुई

कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी 'एनॉनटेक्स ग्रुप' को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका (लगभग 225 करोड़ रुपये) का गबन किया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि बरकत ने फर्जी दस्तावेज बनाए, काल्पनिक इमारतों और फैक्ट्रियों के नाम पर लोन पास करवाए और खरीदी गई जमीन की कीमत जानबूझकर बहुत अधिक दर्शाई ताकि ज्यादा लोन मिल सके।

इस मामले में अबुल बरकत समेत कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान का नाम भी शामिल है। कोर्ट में पेशी के दौरान एसीसी ने तीन दिन की रिमांड की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने जमानत की याचिका दाखिल की। अदालत ने फिलहाल दोनों याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं सुनाया और तब तक के लिए बरकत को जेल भेजने का आदेश दिया। अबुल बरकत ढाका कोर्ट में पेश हुए।

# ईरान ने 16 दिन में पांच लाख अफगानियों को निकाला

**तेहरान।** ईरान ने महज 16 दिनों में 5 लाख से ज्यादा अफगान नागरिकों को देश से बाहर निकाल दिया है। यह कार्रवाई 24 जून से 9 जुलाई के बीच हुई है। यानी हर दिन औसतन 30000 से ज्यादा अफगानों को देश से निकाला गया। संयुक्त राष्ट्र ने इसे दशक की सबसे बड़ी जबरन निकासी में से एक करार दिया है।

ईरान इजरायल के साथ तनावपूर्ण संघर्ष के बाद आंतरिक सुरक्षा का हवाला देकर प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। ईरान ने मार्च 2025 में ऐलान किया था कि अवैध रूप से रह रहे अफगान प्रवासी 6 जुलाई तक देश छोड़ दें, वरना उन्हें जबरन निकाला जाएगा। ईरान का

इजरायल से संघर्ष के बाद शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज, जासूसी के आरोप भी लगाए

दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान का दावा है कि कुछ अफगान नागरिक इजरायल के लिए जासूसी कर रहे थे। हालांकि इस आरोप के पुख्ता सबूत अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान से निर्वासित हुए एक अफगान शरणार्थी बशीर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि अधिकारियों ने उससे 17 हजार रुपये मांगे।



# सिद्धांत व तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी-तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वर्ष 2018 में प्रदर्शित जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म धड़क को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब फिल्म धड़क का सीक्वल धड़क 2 जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाला है।

धड़क 2 की कहानी दो ऐसे प्यार करने वालों पर आधारित है, जिनके बीच सोशल स्टेटस की दीवार इतनी बड़ी होती है उनका अटूट प्यार भी उसे तोड़ नही पाता। ट्रेलर की शुरुआत निलेश (सिद्धांत चतुर्वेदी) और विधि (तृप्ति डिमरी) से होती है, जिनकी मुलाकात कॉलेज में होती है। दोनों एक ही क्लास में होते हैं, दोस्ती से शुरू हुआ उनका यह रिश्ता प्यार में बदल जाता है। शुरुआत में सब ठीक होता है, लेकिन जैसे ही विधि के परिवार को निलेश के बारे में पता चलता है तो तूफान आ जाता है। ऊंचे जाति की निधि का छोटे जाति वाले लड़के के साथ होना उनके परिवार को रास नही आता है। वो लोग निलेश को मारते हैं उसकी और उनके परिवार को अपमानित करते हैं। उस पर कीचड़ उछालते हैं। परिवार पूरी कोशिश करता है कि विधि, निलेश से दूर हो जाए, लेकिन वह उसका साथ छोड़ने के लिए तैयार नही है। धड़क 2 में तृप्ति डिमरी, सिद्धांत चतुर्वेदी, सौरभ सचदेव, मंजिरी पुपाला, विपिन शर्मा, दिशांक अरोड़ा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। शाजिया इकबाल निर्देशित यह फिल्म एक अगस्त को रिलीज होगी।





## 18 को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार संजय दत्त की फिल्म द भूतनी का प्रीमियर 18 जुलाई को जी 5 और जी सिनेमा पर होगा। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म द भूतनी को सिद्धांत सचदेव ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म, द भूतनी में संजय दत्त,मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी की अहम भूमिका है। जी 5 और जी सिनेमा पर 18 जुलाई को रात 8 फिल्म द भूतनी की स्ट्रीमिंग की जाएगी। संजय दत्त ने कहा, फिल्म द भूतनी का सफर सच में बेहद मज़ेदार और अनोखा रहा है, जो सही मायने में लीक से हटकर फिल्म है। बदकिस्मती से, रिलीज़ के दौरान इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नही मिल पाई, और यह हमारी उम्मीद से कम समय तक चली। कभी-कभी कुछ फिल्में शोर-शराबे में पीछे रह जाती हैं। पर यह फिल्म हमने बड़े प्यार और सच्ची लगन से बनाई है। हमें इसकी कहानी और उसके पीछे के जज्बातों पर पूरा भरोसा था। मुझे पूरी उम्मीद है कि जी5 और जी सिनेमा पर यह फ़िल्म दर्शकों के दिलों को छू लेगी। मौनी रॉय ने कहा, द भूतनी में मोहब्बत के किरदार निभाने का अनुभव मेरे लिए सच में बड़ा रोमांचक था।सच में यह किरदार बेहद दिलचस्प होने के साथ रहस्यमई और काफी संजीदगी भरा भी है, जिसमें भावनाओं की कई परत दिखाई देती है। इस किरदार की गहराई को समझना मेरे लिए खुशी भरा अनुभव था।

## अव्यान में काम करती नजर आएंगी अनुष्का

**मुंबई।** अभिनेत्री अनुष्का कौशिक फिल्म अव्यान में काम करती नजर आएंगी। अनुष्का कौशिक, आज की युवा पीढ़ी की प्रतिभशाली अभिनेत्रियों में से एक बन चुकी हैं। लस्ट स्टोरीज 2 हो या पटना शुक्ला, घर वापसी हो या गर्मी, अनुष्का हर बार अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं। अब इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री का अगला पड़ाव है सुनील कोठारी की स्पिरिचुअल फिल्म अव्यान, जिसमें अनुष्का का लुक और किरदार दोनों ही एकदम हटके होने वाला है। अनुष्का ने कहा कि अव्यान का हिस्सा बनना मेरे लिए एक स्पिरिचुअल जर्नी जैसा रहा।कैसे यह कहानी रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों को गहराई से जोड़ती है, वो बहुत



खास है। बनारस जैसे शहर में शूट करना, उसकी एनर्जी और श्रद्धा के बीच काम करना वाकई विनम्र अनुभव था। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति को ईमानदारी और दिल से सेलिब्रेट करती है। सुनील कोठारी ने कहा, अनुष्का के अंदर एक सच्चाई है जो उनके हर किरदार में झलकती है।

## द्रौपदी मुर्मू ने देखी फिल्म तन्वी द ग्रेट

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता और फिल्मकार अनुपम खेर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए गर्व का पल है। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिंग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। अनुपम खेर ने फिल्म तन्वी द ग्रेट का निर्देशन करने के अलावा इसमें अभिनय भी किया है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर स्पेशल स्क्रीनिंग की फोटोज शेयर की। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह हमारे लिए गर्व का सबसे बड़ा पल था कि देश की राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर ने हमारी फिल्म देखी और अंत में उसकी सराहना की। यह एक सपना सच होने जैसा था। एक निर्देशक के तौर पर देश के सबसे बड़े पद से ऐसा समर्थन मिलना मेरे लिए सच में कुछ भी हो सकता है वाला पल है। बोमन ईरानी ने सोशल मीडिया पर लिखा, तन्वी द ग्रेट की टीम के लिए एक गर्वभरा और विनम्र करने वाला लम्हा जब देश की राष्ट्रपति ने हमारी फिल्म देखी और तारीफ की। यह बहुत ही खास और दुर्लभ मौका था, ऐसा मौका जो याद दिलाता है कि हम यह सब क्यों करते हैं। अनुपमखेर सर, हमें इस अनमोल सफर का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं। निर्देशन और कहानी अनुपम खेर की है। इस फिल्म का निर्माण अनुपम खेर स्टूडियोज ने एनएफडीसी (राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम) के साथ मिलकर किया है। यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

### राष्ट्रपति के साथ तन्वी द ग्रेट देखना मेरे लिए सम्मान की बात थी: करण टैकर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता करण टैकर का कहना है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ फिल्म तन्वी द ग्रेट देखना उनके लिए सम्मान की बात थी। फिल्म तन्वी द ग्रेट की खास स्क्रीनिग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में हुई। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ ही फिल्म की स्टारकास्ट भी शामिल हुई, जिनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, करण टेकर और शुभांगी शामिल थे। करन टैकर के लिए यह खास लम्हा था। करन टैकर ने कहा, अपने देश की राष्ट्रपति के साथ बैठकर अपनी फिल्म देखना एक बहुत ही बड़ा सम्मान था। उनकी सादगी, विनम्रता और फिल्म के लिए तारीफ़ मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफ़ा है। वह पूरी फिल्म हमारे साथ बैठकर देख रही थी। यह एक ऐसा पल है जो मेरी यादों में हमेशा के लिए बस गया है। फिल्म तन्वी द ग्रेट में शुभांगी दत्त मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अनुपम खेर, जैकी श्रॉफ, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, करण टैकर और इयान ग्लेन जैसे कलाकार अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं।

## सनी देओल ने फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सनी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। अब फिल्म बॉर्डर का सीक्वल बनाया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की अहम भूमिका होगी। सनी देओल ने बार्डर 2 की शूटिंग पूरी कर ली है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म बार्डर 2 का दमदार फर्स्ट लुक शेयर किया है। सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म बार्डर से अपना लुक शेयर किया। सनी देओल ने कैप्शन में लिखा, मिशन पूरा हुआ।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

## बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना बहुत खास: चित्रांगदा सिंह



**मुंबई।** अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह का कहना है कि फिल्म बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना उनके लिए बहुत खास है। सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान में चित्रांगदा सिंह को मुख्य अभिनेत्री के तौर पर चुना गया है। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में हुए भारत-चीन की झड़प पर आधारित है। गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक खतरनाक झड़प हुई थी। 15 जून को हुई इस भिड़ंत में दोनों देशों के सैनिकों की जान गई थी। सलमान खान के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करने को लेकर चित्रांगदा सिंह ने कहा, बैटल ऑफ गलवान का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास है। कुछ साल पहले एक मराठी फिल्म क रीमेक में मैं सलमान सर के साथ काम करने वाली थी, जिसे महेश मांजरेकर निर्देशित कर रहे थे, लेकिन वह फिल्म कभी शुरू ही नहीं हो पाई। मुझे आज भी याद है, सलमान सर ने तब कहा था अगली बार साथ काम ज़रूर करेंगे और अब सालों बाद उन्होंने अपनी वही बात निभाई। जैसे वो कहते हैं एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी, तो फिर मैं खुद की भी नहीं सुनता।

चित्रांगदा सिंह ने निर्देशक अपूर्व लाखिया की भी तारीफ की और कहा, वो चाहते तो किसी बड़े स्टार को भी कास्ट कर सकते थे, लेकिन उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं उनकी इस आस्था की बहुत कद्र करती हूं और मुझे गर्व है कि मैं बैटल ऑफ गलवान जैसी अहम और दमदार कहानी का हिस्सा हूं। चित्रांगदा के लिए यह रोल बहुत खास है। उनके पिता सेना में कर्नल थे और अब रिटायर हो चुके हैं। वह बचपन से ही बहादुरी, देश के लिए कुर्बानी और देशभक्ति की कहानियां सुनते हुए बड़ी हुई हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एकजाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)